CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

लखनऊ, सोमवार 6 अक्टूबर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 336 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



फील्ड में तैनाती का आधार केवल परफॉर्मेंस: योगी पेज 2



महिला विश्व कप में भी भारत-पाकिस्तान की कप्तानों ने नहीं मिलाया हाथ खेल टाइम्स



यूपी की सियासत: पिछड़ों की ओर केंद्रित होने से भाजपा चिंतित सम्पादकीय



अमेरिका के न्यूक्लियर हथियार भी शटडाउन की चपेट में पेज 12

# बारिश का कहर: उत्तर बंगाल में अब तक 20 की मौत

दार्जिलिंग, वार्ता

**उत्तर बंगाल** और सिक्किम में लगातार हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों में पुल टूटने, भूस्खलन और बाढ़ से अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग लापता हैं। प्रशासन ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

इस मूसलाधार बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और सिक्किम में हुआ है। बारिश के चलते मिरिक और सुकिया इलाके में कई जगह भूस्खलन हुआ है। दार्जिलिंग जिले के मिरिक में लैंडस्लाइड से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है। सड़कों पर कई जगह मलबा जम गया है और यातायात पूरी तरह बाधित है। सिक्किम से संपर्क टूट गया है। जिले के कस्बों और पर्यटन स्थलों मिरिक और कुर्सेओंग को जोड़ने वाला दुदिया आयरन ब्रिज भी भरभराकर ढह गया है। भारी बारिश की वजह से फिलहाल सिलीगुड़ी-दार्जिलिंग स्टेट हाईवे-12 पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। एनडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन दलों ने राहत- बचाव कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन लगातार बारिश और फिसलन भरी सड़कों के कारण राहत कार्यों में दिक्कत आ रही है। प्रशासन ने लोगों से पहाड़ी रास्तों और नदी किनारों से दूर रहने की अपील की है। भयावह बाढ़ को लेकर सीएम ममता बनर्जी ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों को सरकार हर संभव मदद देगी। वे सोमवार को उत्तर बंगाल दौरे पर आएंगी। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ने दार्जिलिंग आपदा पर गहरा दुख जताया है। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा दार्जिलिंग-सिलीगुड़ी रोड पर हुआ, जो पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तर बंगाल को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। पुल ढहने का कारण बेहद तीव्र बारिश और पहाड़ी ढलानों में मिट्टी खिसकना बताया जा रहा है।



- सड़कें-पुल ध्वस्त, सिक्किम से उत्तर बंगाल का संपर्क टूटा
- और बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

## यूपीआई से टोल पेमेंट सस्ता हुआ, कैश में दोगुना चार्ज

**नई दिल्ली।** सरकार ने फास्टैग के नियमों में बदलाव किया है। जिन ड्राइवरों के पास वैलिड फास्टैग नहीं होगा और वो यूपीआई से पेमेंट करते हैं, तो उन्हें रेगुलर टोल का 1.25 गुना देना पड़ेगा। वहीं अगर कैश पेमेंट करते है, तो पहले की तरह दोगुना टोल देना होगा। नए नियम 15 नवम्बर से लागू होंगे। टेक्निकल खराबी या बैलेंस कम होने की स्थिति में ये नियम फायदेमंद होगा। ट्रांसपोर्टर्स ने कहा कि ड्राइवरों को अक्सर राज्यों के बीच फास्टैग ठीक से न चलने पर डबल पेनल्टी देनी पड़ती है।

## पहली बार 100 अरब डॉलर के करीब पहुंचा देश का स्वर्ण भंडार

**मुंबई।** मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों के मद्देनजर दुनिया के दूसरे केंद्रीय बैंकों की तरह आरबीआई भी स्वर्ण भंडार लगातार बढ़ रहा है और अब यह पहली बार 100 अरब डॉलर पर पहुंचने के करीब है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 2.238 अरब डॉलर बढ़कर 95.017 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट देखी गई, लेकिन स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ा है। यह दिखाता है कि केंद्रीय बैंक अब विदेशी मुद्रा से ज्यादा सोने पर भरोसा कर रहा है और लगातार स्वर्ण भंडार बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इसमें कुछ योगदान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतों में जारी तेजी का भी है।

## पंजाब के पूर्व मंत्री के आवास पर ग्रेनेड हमले के मामले में आरोपपत्र पेश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पंजाब के पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया के आवास पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले में चार लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। इसमें हरियाणा के तीन और उत्तर प्रदेश के एक निवासी को आरोपी बनाया गया है। आरोप पत्र में अमरोहा (उप्र) का सैदुल अमीन और कुरुक्षेत्र (हरियाणा) का अभिजोत जांगड़ा, यमुनानगर (हरियाणा) का कुलबीर सिंह सिद्धू और करनाल (हरियाणा) का मनीष उर्फ काका राणा के नाम शामिल हैं। इनमें से दो आरोपी सैदुल और अभिजोत गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि कुलबीर और मनीष फरार चल रहे हैं। इन चारों पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

## वैष्णो देवी यात्रा तीन दिन के लिए स्थगित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में मौसम विभाग की ओर से जारी मौसम संबंधी सलाह के मद्देनजर श्री माता वैष्णो देवी यात्रा रविवार से तीन दिनों के लिए स्थगित कर दी गई। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा खराब मौसम को लेकर जारी सलाह के मद्देनजर श्री वैष्णो देवी यात्रा पांच से सात अक्टूबर तक स्थगित कर दी गई है और आठ अक्टूबर को फिर से शुरू होगी।

## पहलगाम हमले के आतंकियों को दिया मोबाइल चार्जर

**जम्मू-कश्मीर।** पहलगाम हमला करने वाले आतंकियों के मददगार मोहम्मद यूसुफ कटारी ने कई खुलासे किए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया कि कटारी ने पूछताछ में कबूल किया कि उसने आतंकियों से चार बार मुलाकात की थी। उन्हें मोबाइल चार्जर भी दिया था। दरअसल पुलिस ने कटारी को 24 सितम्बर को अरेस्ट किया था।

# सिरप से हुई मौतों पर केंद्र सख्त

## मप्र व राजस्थान में कफ सिरप के चलते 16 बच्चों की जान जाने के बाद सरकार एक्शन में आई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप के चलते हुई बच्चों की मौत के बाद केंद्र सरकार एक्शन में आ गई है। इस कफ सिरप से मध्य प्रदेश में 32 दिन में 16 बच्चों की मौत हो चुकी है। इन सभी की उम्र 1 से 5 साल के बीच थी।

केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों के साथ रविवार को एक अहम बैठक की। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें खांसी की दवाओं की गुणवत्ता और उचित उपयोग पर चर्चा हुई। उन्होंने सभी दवा निर्माताओं को संशोधित शेड्यूल एम. का सख्ती से पालन करने और नियमों का उल्लंघन करने वाले कारखानों के लाइसेंस रद्द करने का निर्देश दिया। साथ ही, खासकर बच्चों में खांसी की दवाओं का सही और सीमित उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया, क्योंकि अधिकांश खांसी स्वयं ही ठीक हो जाती है और दवाइयों की जरूरत नहीं होती। इस दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बेहतर निगरानी, समय पर रिपोर्टिंग, आईडीएसपी-आईएचआईपी की रिपोर्टिंग टूल का व्यापक प्रचार और सूचनाओं के आदान - शेष पृष्ठ दो पर

### अहम बैठक आयोजित




- दवा निर्माताओं को संशोधित शेड्यूल एम. का सख्ती से पालन व नियमों का उल्लंघन करने वाले के लाइसेंस रद्द करने का निर्देश

### कोल्ड्रिफ सिरप कंपनी पर एक्शन की तैयारी

**नई दिल्ली।** कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्री सन फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। अब इसे देश के तीन राज्यों (मध्य प्रदेश, केरल और तमिलनाडु) में बैन कर दिया गया है। देशभर में दवाइयों को कंट्रोल करने वाली संस्था सीडीएससीओ दवा कंपनी के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को लिखेगा।

## कफ सिरप से बच्चों की मौत पर यूपी में अलर्ट जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** देश के कुछ राज्यों में कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत की खबरों के बाद उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। सहायक आयुक्त औषधि दिनेश कुमार तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी जिलों को चेतावनी जारी की है।

जारी आदेश में सभी औषधि निरीक्षकों को सम्बंधित बैच की बिक्री रोकने के साथ ही उनके नमूने राज्य औषधि प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे जाने के निर्देश दिए हैं। रविवार को सहायक औषधि आयुक्त के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि मेसर्स श्रीसन फार्मास्युटिकल्स (निर्माता- नं-787, बैंगलोर हाईवे, सुंगुवाचत्रम, जिला कांचीपुरम, तमिलनाडु) द्वारा तैयार कोल्ड आरआईए सिरप (बैच न. एसआर-1-3, निर्माण मई 2025, एक्सपायरी अप्रैल 2027) में डाईथाइलीन ग्लायकॉल और एथेलीन ग्लाइकॉल जैसे विषैले रसायनों की मौजूदगी की आशंका है।

- स्वास्थ्य विभाग सतर्क, सम्बंधित कम्पनी के कफ सिरप की बिक्री पर लगी रोक

# इंदिरा गांधी भारत के खिलाफ बोलना गलत मानती थीं: रिजिजू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटी में दिए बयान की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि राहुल पहले ऐसे एलओपी हैं, जो विदेश जाकर देश और लोकतंत्र के खिलाफ बोलते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चुनाव हारने के बाद विदेश में इंदिरा गांधी से उनके खिलाफ सरकार की कार्रवाई के बारे में पूछा गया था। उन्होंने भारत के खिलाफ कुछ भी बोलने से मना कर दिया था। रिजिजू ने आरोप लगाया कि राहुल भारत के तथ्यों को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले के किसी एलओपी ने ऐसा नहीं किया। इंदिरा गांधी, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेई, सुषमा स्वराज या शरद पवार ने विदेश में देश या सरकार के खिलाफ नहीं बोला। दरअसल राहुल गांधी साउथ अमेरिकी देशों के 10 दिन के दौरे पर हैं। गुरुवार को कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटी में उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत का सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हो रहा हमला है। रिजिजू ने कहा कि उन्होंने राहुल का कोलंबिया वाला वीडियो देखा। राहुल गांधी ने कहा था कि भारत विश्व का नेतृत्व नहीं कर सकता। रिजिजू ने इसे पूरी तरह गलत बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत कई क्षेत्रों में अग्रणी बन चुका है।

- राहुल गांधी देश के बाहर भारत के खिलाफ बोलते हैं, ऐसा करने वाले पहले नेता विपक्ष

# बर्मिंघम जा रही एयर इंडिया फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**बर्मिंघम।** एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 117, जो 4 अक्टूबर को अमृतसर से बर्मिंघम जा रही थी, में तकनीकी गड़बड़ी सामने आई है।

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि ये बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान था, इसे एहतियात बरतते हुए बर्मिंघम एयरपोर्ट पर उतारा गया है। इस लैंडिंग के दौरान विमान के रैम एयर टर्बाइन अचानक से सक्रिय हो गई। जिसके बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारने के बाद विमान को जांच के लिए भेज दिया गया है। यह घटना विमान की फाइनल लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान हुई। एयर इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि 4 अक्टूबर 2025 को अमृतसर से बर्मिंघम जा रही फ्लाइट एआई-117 में ऑपरेटिंग क्रू को लैंडिंग से ठीक पहले आरएटी प्रणाली के सक्रिय होने जानकारी मिली।

- तकनीकी गड़बड़ी आई सामने

# नए वोटर कार्ड से बिहार चुनाव में होगा मतदान

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले हुए मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद आम मतदाताओं के मन में बड़ा सवाल था कि वोटर कार्ड बदल दिए जाएंगे, पहले वाले वोटर कार्ड बेकार हो जाएंगे, ऐसा सवाल इसलिए भी था, क्योंकि विशेष गहन पुनरीक्षण में 2003 के बाद मतदाता सूची में शामिल वोटरों को अपने कागज और तस्वीर भी देनी थी।

कहा भी गया था कि उनका डाटा उसी हिसाब से अपडेट किया जाएगा। अब देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने साफ किया है कि जिन मतदाताओं की जानकारी में किसी तरह का अपडेट या बदलाव हुआ है, उन्हें नया वोटर कार्ड जारी किया जाएगा। बाकी को इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी।




- जिन मतदाताओं की जानकारी में किसी तरह का अपडेट या बदलाव हुआ है, उन्हें नया वोटर कार्ड जारी किया जाएगा: मुख्य चुनाव आयुक्त

## जेल से वांगचुक ने की शांति की अपील, कहा: हिंसा में मारे गए लोगों की हो न्यायिक जांच

**नई दिल्ली।** लद्दाख हिंसा के बाद जेल में बंद सोनम वांगचुक ने लेह विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई चार लोगों की मौत की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की है। जब तक यह मांग पूरी नहीं हो जाती, वह जेल में रहने को तैयार हैं। वांगचुक वर्तमान में जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। पुलिस ने उन्हें 26 सितम्बर को हिरासत में लिया था। केडीए के नेता सज्जाद कारगिली ने एक्स पर पोस्ट कर सोनम वांगचुक का संदेश शेयर किया है। सोनम से उनके भाई कात्सेतन दोरजे ले और वकील मुस्तफा हाजी ने 4 अक्टूबर को जेल में उनसे मुलाकात की थी। सज्जाद कारगिली ने एक्स पर लिखा, जोधपुर सेंट्रल जेल से सोनम वांगचुक का संदेश, 4 अक्टूबर को कात्सेतन दोरजे ले (सोनम वांगचुक के बड़े भाई) और अधिवक्ता मुस्तफा हाजी ने जोधपुर सेंट्रल जेल में सोनम वांगचुक से मुलाकात की।

# ट्रम्प वीजा वॉर: सात देशों का भारतीय टैलेंट को मिला न्योता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वीजा वॉर से भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स और स्टूडेंट्स की उम्मीदों को झटका लगा है, लेकिन इस बीच दुनिया के 7 बड़े देशों ने भारतीय टैलेंट पूल पर नजरें जमा ली हैं।

नमें आईटी हब यूरोपीय देश फिनलैंड और दुनिया की दूसरे नंबर की टॉप यूनिवर्सिटी वाला देश ताइवान प्रमुख है। पांच अन्य देश- कनाडा, जर्मनी, यूके, दक्षिण कोरिया और चीन ने भी उदार वीजा की पहल की है। ये सभी भारतीय आईटी, मेडिको और अन्य साइंस प्रोफेशनल्स को अपने देश में आने का न्योता दे रहे हैं। ट्रम्प ने हाल में एच-1बी वीजा की वन टाइम फीस बढ़ाकर लगभग 88 लाख रुपये करने की घोषणा की है। एच-1बी वीजा कैटेगरी में हर साल 70 फीसदी से ज्यादा भारतीय प्रोफेशनल्स होते हैं। एच-1बी वीजा के लिए पहले औसतन 6 लाख रुपये लगते थे। यह 3 साल के लिए मान्य होता था। इसे दोबारा फीस देकर 3 साल के लिए रिन्यू किया जा सकता था। अगर सालाना 88 लाख रुपये के हिसाब से जोड़ें तो अब अमेरिका में एच-1बी वीजा के लिए 6 साल में 5.28 करोड़ चुकाने होंगे, यानी खर्च 50 गुना से ज्यादा बढ़ जाएगा। एआई एक्सीलेंस से लेकर सेमी कंडक्टर के कोर्स के साथ ताइवान की 15 से अधिक यूनिवर्सिटीज ने इस महीने भारतीय छात्रों के बीच आने का फैसला किया है। कैंपस सलेक्शन होगा। साथ ही एक्सचेंज प्रोग्राम और जाइंट रिसर्च भी होगा। इनमें से कम से कम पांच ऐसे संस्थान भी शामिल हैं जिनकी गिनती विश्व के शीर्ष 350 विश्वविद्यालयों में होती है। इनमें नेशनल सिंगहुआ, कौसिउंग मेडिकल, नेशनल इलान और चाइना मेडिकल यूनिवर्सिटी प्रमुख है। भारत में फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहरदेविरटा ने बताया कि हमारा देश ई-स्पोर्ट्स सेक्टर में सबसे बड़ा गेमिंग एक्सपोर्टर है।



- रोजगार के नए अवसर आए
- अमेरिका ने एच-1बी की फीस बढ़ाकर 88 लाख की थी

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया-राहुल और खड़गे के खिलाफ 24 को होगी सुनवाई

**वाराणसी।** एमपी-एमएलए कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी की तरफ से दायर याचिका को स्वीकार कर लिया है। परिवाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाया गया है। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए 24 अक्टूबर की तिथि तय कर दी है। अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने कहा है कि कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। पीएम के परिवार पर भी टिप्पणी की गई है। भारतीय संस्कृति और लोकतंत्र दोनों में यह उचित नहीं है। प्रधानमंत्री का अपमान किया गया है।

### महिला-किशोर समेत चार की मौत

**आगरा।** जनपद के सिकंदरा थाना क्षेत्र के रुनकता में आगरा-दिल्ली हाईवे पर शनिवार देर रात अनियंत्रित कैंटर खड़े ट्रक से टकरा गया, जिससे पीछे आ रहे छह वाहन एक के बाद कैंटर से भिड़ गए। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, मृतकों में एक किशोर व एक महिला भी शामिल है, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात शुरू कराया। एसीपी हरीपर्वत अक्षय संजय महाडिक ने बताया कि मृतकों की पहचान विजेंद्र सिंह निवासी शैलाई फिरोजाबाद, रीमा ठाकुर पत्नी श्यामबाबू ठाकुर निवासी गोपालपुर शमशाबाद के रूप में हुई है। घायल एक अन्य युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। उसकी पहचान उपेंद्र निवासी भरतपुर के रूप में हुई है, जो ग्वालियर से परीक्षा देकर गुरुग्राम लौट रहा था।

### सीएम ने जोनल कर अधिकारियों से सीधा संवाद किया

# फील्ड में तैनाती का आधार केवल परफॉर्मेंस

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य कर विभाग में तैनाती का आधार केवल 'परफॉर्मेंस' होगा।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि फील्ड में वही अधिकारी तैनात किए जाएं, जो लक्ष्य प्राप्ति के प्रति प्रतिबद्धा हों और जिनकी छवि पूरी तरह साफ हो। रविवार को राज्य कर विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोनल अधिकारियों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के 'नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म' के बाद बाजार में तेजी देखी जा रही है और आने वाले महीनों में इसके सकारात्मक परिणाम निश्चित रूप से दिखाई देंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि धनतेरस और दीपावली के अवसरों पर अनावश्यक जांच अथवा छापेमारी की कार्रवाई से बचा जाए। व्यापारियों और उद्यमियों के उत्पीड़न की शिकायत कहीं से भी नहीं आनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी जोनल अधिकारियों से कहा कि 50 प्रतिशत से कम राजस्व संग्रह वाले खंडों की स्थिति का कारण स्पष्ट करें और सुधार की कार्ययोजना तत्काल तैयार करें। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि बरेली, झांसी और कानपुर प्रथम जोन में कोई भी खंड 50 प्रतिशत से कम संग्रह वाला नहीं है, जो संतोषजनक है। वहीं, असंतोषजनक प्रदर्शन करने वालों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए।

**50 प्रतिशत से कम राजस्व संग्रह वाले खंडों की स्थिति का कारण स्पष्ट करें: सीएम**

#### बैठक के दौरान की जोनवार समीक्षा

बैठक के दौरान जोनवार समीक्षा में अधिकारियों ने बताया गया कि बरेली (64.2 प्रतिशत), सहारनपुर (63.7 प्रतिशत), मेरठ (63.0 प्रतिशत), गोरखपुर (62.5 प्रतिशत) और झांसी (62.1 प्रतिशत) जैसे जोनों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा है। वहीं कुछ जोनों में लक्ष्य पूर्ति 55 से 58 प्रतिशत के बीच रही, जहां सुधार की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने वाराणसी प्रथम व द्वितीय, गोरखपुर, प्रयागराज, अयोध्या, लखनऊ प्रथम व द्वितीय, कानपुर प्रथम व द्वितीय, इटावा, झांसी, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद प्रथम व द्वितीय, गौतमबुद्धा नगर और सहारनपुर सहित सभी जोनों की संभागवार और खंडवार समीक्षा की।

#### राजस्व वृद्धि राज्य की प्रगति का आधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व वृद्धि राज्य की आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति का संकल्प लेकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मार्केट मैपिंग करें, सामान्य रूप से बाजार में जाएं, व्यापारियों से मिलें और उनकी अपेक्षाओं को समझें। उन्होंने व्यापारियों से संवाद बनाए रखने पर बल देते हुए कहा कि जीएसटी पंजीकरण बढ़ाने और समय से रिटर्न फाइल कराने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं।

## आयोग ने बिहार में काटे 38 लाख मतदाताओं के नाम

**कांग्रेस ने मोदी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया**

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने मोदी सरकार के इशारे पर बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर 38 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काट दिए हैं। इससे 23 लाख महिलाएं और 15 लाख पुरुष वोट देने के अधिकार से वंचित हो गए हैं।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर भारी फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में करीब साढ़े तीन करोड़ महिला मतदाता हैं, लेकिन करीब 23 लाख महिलाओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए।अब ये महिलाएं आगामी विधानसभा चुनावों में वोट नहीं दे पाएंगी। लांबा ने कहा कि राज्य के जिन छह जिलों में लाखों महिलाओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं, उनमें गोपालगंज, सारण, बेगूसराय, समस्तीपुर, भोजपुर और पूर्णिया विधानसभा शामिल हैं। इन छह जिलों में करीब 60 विधानसभा सीटें आती हैं।

## यूपी में ओबीसी वोटों के लिए कांग्रेस करेगी सम्मेलन

शाह टाइम्स संवाददता

**लखनऊ।** यूपी में कांग्रेस पार्टी ओबीसी समुदायों को एकजुट करने के लिए सभी मंडलों में सामाजिक न्याय सम्मेलन आयोजित करेगी, जिसकी शुरुआत लखनऊ से होगी। इन सम्मेलनों के जरिए पिछड़े वर्ग के नेताओं को एक मंच पर लाना है।

कांग्रेस का पिछड़ा वर्ग विभाग बीते कुछ समय से ओबीसी जातियों को गोलबंद करने में लगा हुआ है। अब पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयसिंह ने उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय से जुड़े कार्यक्रमों को गति देने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा अगले सप्ताह तक होने की संभावना है। इसके बाद मंडल स्तर पर सामाजिक न्याय सम्मेलनों का सिलसिला शुरू होगा।

इन सम्मेलनों का उद्देश्य पिछड़े वर्ग के नेताओं को एक मंच पर लाना है। इसके साथ ही आम लोगों को यह बताना है कि कांग्रेस संसद से सड़क तक सामाजिक न्याय के लिए कैसे संघर्ष कर रही है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि सम्मेलनों की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। प्रदेश कार्यकारिणी की सूची तैयार करने के लिए राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श पूरा हो चुका है। यादव ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व से अनुमोदन मिलते ही कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी।

### जिस मुल्क में रहो उससे मोहब्बत करो: सांसद बर्क

**सम्भल।** संभल मस्जिद विवाद और आई लव मोहम्मद कैंपेन पर सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क ने कहा कि मुसलमान भारत के वफादार हैं, क्योंकि इस्लाम देश प्रेम सिखाता है। उन्होंने बल दिया कि सच्चे मुसलमान मुल्क और धर्म दोनों का सम्मान करते हैं। बर्क ने आई लव मोहम्मद को शांति का संदेश बताया है। सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क हयात नगर एक जश्न-ए-गौसुल-वरा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मंच से कहा कि हमारे बुजुर्गों ने इस मिट्टी के लिए जान दी है। हमारी तारीख कुर्बानियों से भरी है। इस्लाम सिखाता है कि जिस मुल्क में रहो, उससे मोहब्बत करो और वफा निभाओ। बर्क ने कहा कि इस्लाम की मोहब्बत और मुल्क से वफादारी है। वफादार हैं और ये चीज हमें साबित करने की जरूरत नहीं है।

## सड़क हादसों में बढ़ाई जाएगी मुआवजा राशि

**यूपी परिवहन विभाग ने शासन को भेजा प्रस्ताव, जल्द स्वीकृत होने की उम्मीद**

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** यूपी सरकार सड़क हादसों में मृतकों और घायलों को मिलने वाली मुआवजा राशि में पांच गुना तक बढ़ोतरी करने जा रही है। परिवहन विभाग ने प्रस्ताव शासन को भेजा है, जिसके तहत मृतक के आश्रितों को अब 50 हजार रुपये के बजाय ढाई लाख रुपये और घायलों को साढ़े 12 हजार रुपये के बजाय 50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि मृतक के प्रत्येक आश्रित को मुआवजे का हिस्सा जरूर मिले।

परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में 1 जनवरी से 31 अगस्त तक प्रदेश में 30,717 सड़क हादसे दर्ज किए गए। इन हादसों में 23,712 लोग घायल हुए, जबकि 16,903 लोगों की जान चली गई। वर्ष 2024 की समान अवधि (31 अगस्त तक) में 26,502 हादसों में 14,102 मौतें और 19,712 लोग घायल हुए थे। इस तरह 2025 में हादसों की संख्या में 15.87 प्रतिशत, मृत्यु दर में 18.89 प्रतिशत और घायलों की संख्या में 18.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बढ़ते हादसों और उनके गंभीर परिणामों को देखते हुए मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग तेज हो गई थी। वर्ष 2021 में शुरू की गई सांत्वना योजना के तहत सड़क हादसों में घायलों को साढ़े 12 हजार रुपये और मृतकों के आश्रितों को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाती थी। इस राशि को अपर्याप्त माना जा रहा था। परिवहन विभाग ने इसे बढ़ाने की पहल करते हुए नया प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे शासन के पास भेजा गया है। सड़क हादसों में लापरवाही और गलत ड्राइविंग को रोकने के लिए कड़े नियम भी लागू हैं। बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 281 के तहत लापरवाही से वाहन चलाने पर 6 महीने की सजा या 1,000 रुपये जुर्माना हो सकता है। धारा 125 के तहत चोट पहुंचाने पर 6 महीने से 2 साल तक की सजा और जुर्माना, जबकि धारा 106 के तहत लापरवाही से मृत्यु होने पर 2 साल तक की सजा और जुर्माना हो सकता है। परिवहन विभाग ने मुआवजा राशि बढ़ाने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करने की योजना बनाई है कि मृतक के सभी आश्रितों को सहायता राशि का लाभ मिले। प्रस्ताव को शासन की मंजूरी मिलने के बाद यह नई व्यवस्था जल्द लागू हो सकती है। इस कदम से सड़क हादसों के पीड़ितों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए सरकार सड़क सुरक्षा के लिए भी कई कदम उठा रही है। परिवहन विभाग का कहना है कि मुआवजा राशि बढ़ाने के साथ-साथ जागरूकता अभियान और कड़े नियमों के जरिए हादसों को कम करने की कोशिश की जा रही है।



**सेंसेक्स** 80956.01
**निफ्टी** 24782.70



**सोना रु.** 115400
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 150000
प्रति किलो



## बाजार पर दिखेगा वैश्विक कारकों का असर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में बाजार पर वैश्विक कारकों का असर दिखेगा। निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर होगी। इसके अलावा रिजर्व बैंक द्वारा पिछले सप्ताह किए गए बैंकिंग सुधारों का असर भी बाजार पर जारी रह सकता है।

अगले सप्ताह से कंपनियों के दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम भी आने शुरू होंगे जिनमें दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस का परिणाम गुरुवार को आएगा। एचएसबीसी की सेवा क्षेत्र की पीएमआई रिपोर्ट सोमवार को जारी होनी है। बीते सप्ताह में बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। पहले दो दिन बाजार में गिरावट रही जबकि रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति बयान के बाद अगले दो दिन तेजी देखी गई। गुरुवार को गांधी जयंती के मौके पर शेयर बाजार बंद रहे। बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 780.71 अंक (0.97 प्रतिशत) की साप्ताहिक तेजी रही और सप्ताहांत पर यह 81,207.17 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 0.97 प्रतिशत यानी 239.55 अंक चढ़कर शुक्रवार को 24,894.25 अंक पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर में तेजी रही। धातु समूह में भी जबरदस्त तेजी देखी गई। निजी बैंकों, तेल एवं गैस, वित्त, ऑटो, फार्मा और रियलिटी सेक्टरों में भी जबरदस्त तेजी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 1.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 1.81 प्रतिशत चढ़ा। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 6.39 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 5.34 प्रतिशत, बीईएल का 4.22, टाइटन का 3.76 और टाटा स्टील का 3.43 प्रतिशत चढ़ा। सनफार्मा के शेयर में 2.99 फीसदी, ट्रेंट में 2.85, पावर ग्रिड में 2.66. एक्सिस बैंक में 2.42, इटरनल में 2.30 और एचडीएफसी बैंक में 2.07 प्रतिशत की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी एक प्रतिशत से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 2.84 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। भारती एयरटेल का शेयर 1.10 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.04 फीसदी और टेक महिंद्रा का 0.48 फीसदी टूट गया।

### सोने और चांदी की कीमतों में तेजी दर्ज

**नई दिल्ली।** रविवार को देश के सर्राफा बाजारों में सोने और चांदी दोनों की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। पिछले तीन दिनों से सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

रविवार को 8 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत अब 87,920 रुपये हो गई है। 24 कैरेट सोने में 8 ग्राम की बात करें तो आज इसकी कीमत 92,320 रुपए है। जबकि कल की कीमत 91,264 रुपए थी, जबकि 10 ग्राम सोने में आज 24 कैरेट के दाम 1,15,400 रुपए हैं, जबकि कल यह कीमत 1,14,080 रुपए थी। देश के इतिहास में चांदी ने पहली डेढ़ लाख रुपये का आंकड़ा पार किया है। आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए रोजमर्रा की सैकड़ों चीजों पर से जीएसटी दरों में कटौती कर राहत प्रदान की गई। हालांकि, सोने-चांदी पर पहले से ही बहुत कम टैक्स है। अब आने वाले त्योहार व लग्न सीजन इसका असर देखने को मिल सकता है। इस माह धनतेरस व दिवाली भी है। चांदी के सिक्के की भी बात की जाए तो 1.80 लाख रुपये प्रति सैकड़ा कीमत हो गई है। यानी इस साल धनतेरस पर चांदी का सिक्का खरीदना भी महंगा ही साबित होगा।

## चावल-चीनी नरम, गेहूं रहा मजबूत

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में नरमी रही जबकि गेहूं में तेजी देखी गई। चीनी के भाव भी घट गए। वहीं, खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 26 रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,811.35 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं, गेहूं 26 रुपए महंगा होकर 2,865.60 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत कमोबेश स्थिर रही और सप्ताहांत पर यह 3,318.28 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 65 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। पाम ऑयल में भी 41 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, मूंगफली तेल 145 रुपए और सोया तेल 37 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। सूरजमखी तेल 20 रुपए और वनस्पति 80 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में नौ रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 30 रुपए और मूंग दाल की 31 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 107 रुपए और उड़द दाल 39 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी : सप्ताह के दौरान मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव 20 रुपए प्रति क्विंटल घट गए। चीनी में भी 15 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहन : दाल चना 7875.40 रुपए, मसूर काली 8131.11 रुपए, मूंग दाल 10069.16 रुपए, उड़द दाल 10371.83 रुपए, अरहर दाल 10419.85 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2865.60 रुपए और चावल 3811.35 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4306.93 रुपए और गुड़ 4993.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17873.98 रुपए, मूंगफली तेल 17513.74 रुपए, सूरजमुखी तेल 15487.58 रुपए, सोया रिफाइंड 13746.94 रुपए, पाम ऑयल 12467.83 रुपए और वनस्पति 14453.45 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

**खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव रहा**

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सिरप से हुई...**

प्रदान व संयुक्त कार्रवाई के लिए मजबूत समन्वय बनाए रखने की सलाह दी गई। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स की तरफ से बनाई गई खांसी की दवा कोल्ड्रिफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। यह कदम उस समय उठाया गया जब कई बच्चे इस दवा पीने के बाद मृत पाए गए। सीडीएससीओ तमिलनाडु के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को पत्र लिखकर कंपनी के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए कहेगा। मृत बच्चों में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, राजस्थान के बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा केरल और तेलंगाना ने भी इस दवा का उपयोग रोकने के लिए जनता को चेतावनी जारी की है। वहीं दूसरी ओर सरकार कफ सिरप का उत्पादन करने वाली कंपनी पर सख्य कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में उन फैक्ट्रियों की जांच शुरू कर दी है जहां से संदिग्ध दवाएं बनी थीं। बता दें कि मामले में सीडीएससीओ ने 19 दवाओं के सैंपल इकट्ठे किए हैं, जिनमें खांसी की सिरप, एंटीबायोटिक और बुखार की दवाएं शामिल हैं। मध्य प्रदेश में एक और कंपनी नेक्स्ट्रो डीएस के खांसी की दवा के नमूनों की जांच अभी चल रही है। कुल 19 नमूने लिए गए हैं, जिनमें सिरप, एंटीबायोटिक, बुखार की दवा और ओन्डान्सेट्रान शामिल हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने तुरंत कोल्ड्रिफ और नेक्स्ट्रो डीएस सिरप की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है और इसी कंपनी के अन्य उत्पादों की बिक्री भी रोक दी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस प्रतिबंध की घोषणा की।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को सलाह दी है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप न दी जाए। वहीं पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कफ सिरप का इस्तेमाल डाक्टर की सलाह, सीमित मात्रा और सावधानी के साथ किया जाए। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए नुकसानदेह दवाओं पर अब चेतावनी लेबल लगाना अनिवार्य होगा। मामले में तंलगाना सरकार की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कोल्ड्रिफ सिरप के इस बैच में डायएथिलीन ग्लाइकोल (डीईजी) नाम का जहरीला रसायन मिला है, जो शरीर के गुर्दों (किडनी) को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है और जानलेवा साबित हो सकता है। इसी कारण तेलंगाना में इस सिरप को लेकर लोगों को उपयोग तुरंत बंद करने की चेतावनी दी गई है।

## सरकारीआर्थिक नीतियों से बढ़ रही असमानता

**समाज का एक हिस्सा अमीर, तो दूसरा गरीब : कांग्रेस**

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उसकी नीतियां केंद्रीयकरण पर आधारित हैं, इसलिए देश में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था का तेजी से केंद्रीयकरण हो रहा है, जिसके चलते समाज का एक हिस्सा बहुत अमीर, तो दूसरा हिस्सा उतना ही गरीब होता जा रहा है। यह बात यह नही, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था की हर रिपोर्ट कह रही है। ये हमें भारत में धन के व्यापक केंद्रीकरण के बारे में आगाह कर रही हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ करोड़ों भारतीय रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ सिर्फ 1687 लोगों के पास देश की आधी दौलत है। मोदी सरकार-प्रेरित आर्थिक नीतियों के कारण धन का इतना बड़ा केंद्रीयकरण देश में विकट आर्थिक असमानता पैदा कर रहा है। ये असमानता व्यापक सामाजिक असुरक्षा और असंतोष को जन्म दे रही है। अन्य देशों में हाल की तारीखें गवाह हैं कि यही घनघोर आर्थिक असमानता और पंगु लोकतांत्रिक संस्थाएं राजनीतिक अराजकता पैदा करने में कैटलिस्ट बनी हैं। सरकार द्वारा भारत को भी उसी रास्ते पर धकेला जा रहा है।श्री रमेश ने कहा कि सत्ता के गठजोड़ से चंद उद्योगपति और अमीर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियां उनके चंद उद्योगपति मित्रों के फायदे के लिए केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़, एमएसएमई हमेशा रहा है लेकिन यह क्षेत्र अभूतपूर्व दबाव में है। यह दबाव केवल घरेलू नीतियों का ही नहीं बल्कि विदेश नीति की असफलताओं का भी नतीजा है। आम लोगों के लिए कमाई के अवसर घटते जा रहे हैं और महंगाई लगातार इस कदर बढ़ रही है कि नौकरीपेशा लोगों की जेब में भी बचत की जगह कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। मनरेगा का जिक्र करते हुए कहा कि करोड़ों लोगों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का जाल मुहैया करने वाली योजनाएं, आज संकट से जूझ रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भ्रष्टाचार में डूबी है भाजपा सरकारः अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार ने पूरे सरकारी तंत्र को भ्रष्ट बना दिया है।

उनके अनुसार भाजपा के नेता और अधिकारी मिलकर प्रदेश को लूट रहे हैं, बजट का बंदरबांट हो रहा है और जनता के धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन पर सरकार का नियंत्रण समाप्त हो चुका है, पूरी व्यवस्था में बेईमानी और लूट का बोलबाला है। अखिलेश यादव ने कहा कि जीएसटी विभाग के अधिकारियों के भ्रष्टाचार ने भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली को उजागर कर दिया है। अधिकारियों ने सैकड़ों करोड़ रुपये की काली कमाई कर



नामी-बेनामी संपत्तियां खरीदीं और बड़े पैमाने पर जमीनों की खरीद-फरोख्त की। उन्होंने कहा कि यह लूट सरकार की मिलीभगत से हो रही है, और इसी तरह के ख़्त्य भाजपा समर्थक अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी समेत अन्य जिलों में भी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शासन में हर प्रकार का अवैध कार्य सत्ता संरक्षण में चल रहा है, अवैध खनन, गरीबों की भूमि पर कब्ज़ा, जानवरों का अवैध व्यापार, निर्माण कार्यों में कमीशनखोरी और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। कई जिलों में पानी की टंकियां फट गईं, पाइपें बिछाने के बाद टूट गईं और गड्ढामुक्त सड़कों के नाम पर भी बड़ा घोटाला हुआ। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी से त्रस्त जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के हटने के बाद ही प्रदेश को भ्रष्टाचार, अन्याय और अत्याचार से मुक्ति मिलेगी।

## महिलाओं को फ्री ड्राइविंग प्रशिक्षण देगी योगी सरकार

**लखनऊ।** योगी सरकार ने महिलाओं और बेटियों को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए नया अभियान शुरू किया है। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत प्रदेश भर में महिलाओं को निशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जाएगा। परिवहन विभाग प्रत्येक जिले में 100-100 महिलाओं और बेटियों का चयन करेगा, जिन्हें प्रशिक्षित कर वाहन संचालन की पूर्ण जानक. ारी दी जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा, यातायात नियम और व्यावहारिक ड्राइविंग कौशल शामिल होंगे। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को स्वतंत्र रूप से वाहन चलाने की क्षमता देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। अभियान के दौरान चयनित महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षित प्रशिक्षक और आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

# एलडीए ने 30 गांवों में रजिस्ट्री पर लगाई रोक




## दो नई आवासीय योजनाओं के लिए होगा 10 हजार एकड़ से अधिक भूमि का अधीग्रहण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अपनी दो नई आवासीय योजनाओं के लिए तीस गांवों की जमीन पर रजिस्ट्री रोकने का बड़ा फैसला लिया है। इस निर्णय से लगभग इकतालीस हजार किसानों की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के दायरे में आएगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सरो. जिनी नगर तहसील के बारह गांवों में लगभग छह हजार पांच सौ एकड़ और बीकेटी व सदर तहसील के अठारह गांवों में साढ़े तीन हजार से अधिक एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इन जमीनों पर थर्ड पार्टी के नाम बैनामे अब पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे और केवल एलडीए के पक्ष में ही रजिस्ट्री संभव होगी। उन्होंने बताया कि किसानों की रजामंदी से भूमि अधिग्रहित कर उन्हें नगद मुआवजा चेक के रूप में प्रदान किया जाएगा।

एलडीए की योजनाएं वरुण विहार कॉलोनी (आगरा -लखनऊ एक्सप्रेसवे के पास) और नैमिष नगर योजना (सीता. पुर रोड पर) के रूप में विकसित की जाएंगी। इन परियोजनाओं पर शीघ्र कार्य आरंभ करने की तैयारी है।

# प्राइवेट अस्पताल के डाक्टर ने महिला से किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ठठेरी टोला निवासी जावेद के खिलाफ लहरपुर कोतवाली में तहरीर दी।

महिला का आरोप है कि जावेद लहरपुर - हरगांव मार्ग के किनारे एक प्राइवेट अस्पताल चलता है। उसी अस्पताल में महिला इलाज करने गई थी। महिला का आरोप है कि जावेद खुद को डॉक्टर बताता है। महिला का आरोप है कि जावेद ने महिला के साथ अस्पताल में ही दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बनाया। आरोप यह भी है कि दुष्कर्म करने के बाद आरोपी जावेद ने मुंह खोलने पर महिला को जान से मारने की धमकी भी दी है। तहरीरर मिलने के बाद पुलिस ने जांच की, जांच के दौरान महिला के आरोप में सत्यता नजर आने पर पुलिस ने जावेद के खिलाफ लहरपुर कोतवाली में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने न्यायालय में महिला का बयान भी दर्ज कराया है।

# नवरात्रि पर पूरे प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित

## 37 हजार से अधिक पुलिसकर्मी रहे तैनात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस ने नवरात्रि पर्व के दौरान महिलाओं की सुरक्षा और जनसहभागिता को केंद्र में रखकर राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाया।

इस अभियान में एंटी रोमियो स्क्वाड ने एक बार फिर अपनी सक्रियता का परिचय देते हुए सड़कों, बाजारों, मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक निगरानी की। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार यह पहल न केवल सुरक्षा व्यवस्था को सुख्रढ़ करने में सफल रही, बल्कि महिलाओं के सम्मान और आत्मविश्वास को भी मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध हुई। अभियान की नोडल अधिकारी एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे प्रदेश में एंटी रोमियो स्क्वाड ने अभूतपूर्व स्तर पर जांच और सतर्कता अभियान चलाया। इस दौरान एक लाख आठ हजार से अधिक मंदिरों, बाजारों, मॉल, पार्कों और भीड़-भाड़ वाले स्थलों की गहन जांच की गई। लगभग नौ लाख सत्तर हजार से अधिक लोगों की जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई। कार्रवाई के अंतर्गत ढाई हजार से अधिक अभियोग पंजीख्रत हुए, करीब चार हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया और तीन लाख से अधिक लोगों को चेतावनी देकर सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासन बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा प्रदेश भर में पचपन हजार से अधिक निरोधात्मक कार्रवाइयां की गईं। एडीजी पद्मजा चौहान के अनुसार, मिशन शक्ति के अंतर्गत चलाए गए इस विशेष अभियान में महिलाओं के प्रति अपराधों को रो. कने और समाज में सकारात्मक माहौल बनाने पर विशेष बल दिया गया। अभियान का उद्देश्य था कि नवरात्रि जैसे बड़े पर्व पर श्रद्धालु परिवार और महिलाएं निर्भय होकर धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता कर सकें।

नवरात्रि पर्व के अवसर पर पूरे प्रदेश में लगभग पचपन हजार पंडालों और पांच हजार से अधिक रामलीला-मेला स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। सुरक्षा में कुल सैंतीस हजार से अधिक अधिकारी और कर्मचारी तैनात रहे, जिनमें चार सौ ग्यारह राजपत्रित अधिकारी, लगभग आठ हजार निरीक्षक व उपनिरीक्षक, बाईस हजार से अधिक आरक्षी व मुख्य आरक्षी तथा छह हजार से अधिक होमगार्ड, पीआरडी और एसपीओ शामिल रहे। सभी इकाइयों ने निरंतर गश्त और निगरानी कर सुरक्षा का माहौल बनाए रखा, जिससे सभी धाल्कमक आयोजन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। महिलाओं में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने और योजनाओं की जानकारी जन- जन तक पहुंचाने के लिए पुलिस विभाग ने व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया।

## अब भी सक्रिय है रोमियो स्क्वाड, सड़कों से लेकर बाजार तक रखी जा रही निगरानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल की शुरुआत में चर्चा में आया रोमियो स्क्वाड आज भी सक्रिय है। हालांकि बीते वर्षों में इसका नाम मीडिया की सुर्खियों से कुछ हद तक ओझल हो गया था, लेकिन पुलिस विभाग के अनुसार यह स्क्वाड लगातार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के प्रति अपराध, छेड़छाड़ या उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम करना है। सूत्रों के मुताबिक, हाल के महीनों में रोमियो स्क्वाड ने कई जिलों में सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, स्कूल-कॉलेज परिसरों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर नियमित जांच की कार्रवाई की है। कई संदिग्ध युवकों को चेतावनी दी गई है और कुछ मामलों में अभियोग भी पंजीकृत किए गए हैं।

# योगी सरकार धूमधाम से मनाएगी महर्षि वाल्मीकि जयंती, चित्रकूट लालापुर में होगा मुख्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार सात अक्टूबर को पूरे प्रदेश में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाएगी। इस अवसर पर सभी देव मंदिरों और महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों पर महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण पाठ, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, दीप प्रज्ज्वलन और दीपदान के भव्य आयोजन होंगे। महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर, चित्रकूट में इस वर्ष भी वृहद राज्यस्तरीय कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संस्कृति विभाग को निर्देश दिया है कि इन आयोजनों में जनप्रति. निधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए और जनसहभागिता पर विशेष बल दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह अवसर समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने और संत-परंपरा के आदर्शों से प्रेरणा लेने का है।

योगी सरकार के निर्देशानुसार सात अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों, तहसीलों और विकासखंडों में वाल्मीकि जयंती के कार्यक्रम आयोजित होंगे। सभी मंदिरों और आश्रमों में दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान तथा रामायण पाठ होगा। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई, पेयजल, ध्वनि-प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा की पुख्ता तैयारी के निर्देश दिए हैं। महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर, चित्रकूट में राज्यस्तरीय मुख्य आयोजन किया जाएगा। उप निदेशक (पर्यटन) आर.के. रावत को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे महल्र्ष वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से होगा। इसके बाद विराट महाराज तथा संस्ख्रत के विद्याल्र्थयों द्वारा रामायण पाठ होगा। दयाराम रैकवाड़ एवं उनकी टीम द्वारा आध्यात्मिक-सांस्ख्रतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। हवन, भजन, लव-कुश प्रसंग और सामूहिक पूजा जैसे कार्यक्रम दिनभर चलते रहेंगे। इसके साथ ही तुलसीदास आश्रम राजापुर, वाल्मीकि आश्रम बिठूर, वाल्मीकि आश्रम श्रावस्ती, अयोध्या, प्रयागराज और अन्य जनपदों में भी विशेष आयोजन होंगे। योगी सरकार की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय कलाकारों को आध्यात्मिक मंच प्रदान किया जाएगा।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत चिलूली गांव में महिलाओं को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** जिले के विकासखंड सिंहपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत चिल. ूली में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बेटियों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अगुवाई मोहनगंज महिला चौकी इंचार्ज प्रेम शिला सिंह द्वारा की गई।इस दौरान महिला पुलिसकल्र्मयों ने अम्बरीष मौर्य के दरवाजे पर काजल ,संगीता समेत गांव की सैकड़ों महिलाओं को एकत्रित कर महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# मेसर्स श्रेसन फार्मास्यूटिकल के कफ सिरप पर उप्र में रोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजस्थान, दिल्ली और अन्य राज्यों में मेसर्स श्रेसन फार्मास्यूटिकल की कफ सिरप से गंभीर दुष्प्रभावों की शिकायतें मिलने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में इस दवा की बिक्री, आयात और निर्यात पर रोक लगा दी है।

औषधि प्रशासन विभाग ने सभी जनपदों के ड्रग इंस्पेक्टरों को तत्काल प्रभाव से निर्देश जारी किए हैं कि वे सरकारी और निजी संस्थानों से इस कफ सिरप के नमूने एकत्र कर जांच के लिए लखनऊ स्थित प्रयोगशाला में भेजें। सहायक आयुक्त, औषधि प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश के सभी जिलों में सरकारी अस्पतालों, निजी दवा दुकानों और थोक विक्रेताओं के यहां से कफ सिरप के नमूने लिए जाएं ताकि उसकी गुणवत्ता और सुरक्षा का परीक्षण किया जा सके। यह कदम उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिकोण से एहतियातन उठाया गया है।

राज्य सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट आने तक इस दवा के उत्पादन, वितरण, आयात और निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। विभागीय अधिकारियों को चेतावनी दी गई है कि किसी भी स्तर पर लाप. रवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञात हो कि हाल के दिनों में राजस्थान और दिल्ली में इस कफ सिरप के सेवन से कई लोगों को गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभाव हुए थे, जिसके बाद केंद्र और विभिन्न राज्यों ने इस पर निगरानी बढ़ा दी है। उत्तर प्रदेश औषधि प्रशासन ने कहा है कि जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और संदिग्ध दवाओं के खिलाफ सतत अभियान जारी रहेगा।

# ब्लॉक कांग्रेस की मासिक बैठक हुई सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिंहपुर/अमेठी।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खंरावां के सिंघवापुर गांव में रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न हुई।

जिला कांग्रेस कमेटी अमेठी के दिशा- निर्देशानुसार रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिंहपुर के अध्यक्ष चन्द्र मोहन तिवारी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत खंरावां के सिंघवापुर गांव में मासिक बैठक की गई। आयोजित मासिक बैठक में शामिल सभी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को विधानसभा तिलोई के प्रभारी सर्वेश सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत बूथों पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की ही कमेटी तैयार की जाए। जिससे आने वाले समय में परिणाम बेहतर हो। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्र मोहन तिवारी ने आये हुए सभी लोंगो का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मोव लतीफ,वकार अहमद, देवेन्द्र शुक्ला, ललित तिवारी, मंडल अध्यक्ष हरिनाम सिंह, कमाल अहमद, शैलेश मौर्या, न्याय पंचायत अध्यक्ष अशोक सैनी, रवि बाजपेयी, आशाराम गौतम,प्रदीप तिवारी, शिवबरन पासी,गौरव त्रिपाठी, दुर्गेश दीक्षित, राम चन्द्र पांडेय, पूर्व प्रधान राम शंकर पाल आदि तमाम गणमान्य उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** मिशन शक्ति फेज-05 के अंतर्गत वार्ड संख्या 9, मोहल्ला मगरहिया कस्वा बिसवां में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सभासद परवीन निकेहत के नेतृत्व में चिड़ीमारी टोला में किया गया। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में लगभग 50 महिलाओं और बच्चियों ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उनको यह भी बताया गया की जरूरत पड़ने पर वह किस तरह से पुलिस की मदद ले सकती है। महिलाओं/बालिकाओं से



संवाद के दौरान बताया गया कि आपकी सहायता, सुरक्षा एवम् उन्नति हेतु पुलिस एवम् प्रशासन सभी पहलुओं पर कार्यवाही की जा रही जिसके तहत बालिकाओं/ महिलाओं को समल्र्पत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरो, सरकारी योजनायें चलायी जा रही है। यदि आप उनके बारे में पूर्ण रुप से जानेंगी तब ही उनका प्रयोग अपने हित में कर पायेंगी। अतः पुलिस के द्वारा निरंतर यही प्रयास किया जा रहा है कि आप इन सभी योजनाओं/हेल्पलाइन नंबरों के विषय में जागरुक रहे एवम् अपने परिजन/संपर्क में आने वाले लोगो को भी जागरुक करने में भी सहयोग करें। यदि आपको किसी प्रकार की कोई विशेष कानूनी जानकारी या अधिकार के विषय में कुछ अतिरिक्त जानना है तो थाने से आने वाली मिशन शक्ति टीम से निःसंकोच संपर्क कर जान सकती है। शिक्षित नारी, उन्नत समाज की निशानी है, अतः आप सभी सुरक्षा एवम् आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े एवम् समाज की प्रगति को नई दिशा दें। कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक रमेश चंद्र, हेड कांस्टेबल भीमसेन यादव, कांस्टेबल सौरभ, लाल बहादुर, महिला कांस्टेबल पूनम, विजयपाल, तरुण एवं सौरभ दहिया मौजूद रहे।

# अमेठी में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर किशोरी की मौत

**जगदीशपुर अमेठी।** अपने मामा के साथ बाइक पर बैठ कर दवा कराने जा रही किशोरी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया,

जिससे मामा भांजी दोनों लोग घायल हो गए जिन्हें ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली रोड पर स्थित श्रीरामगंज चौराहे के समीप घटना उस वक्त घटी जब पूरे गौहर निवासी अली आलम अपनी भांजी सबनूर बानो उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी मोहिद्दीन पुर थाना शुक्ल बाजार को बाइक पर बैठा कर दवा कराने जायस जाते समय अचानक अज्ञात वाहन के ट्टर से दोनों मामा भांजी घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया तथा मामा का उपचार जारी है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया । इस संबंध में थानाध्यक्ष धीरेन्द्र यादव ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ

## जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि तथा डीएम संजय चौहान ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज अमेठी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ रविवार दिनांक 05 अक्टूबर 2025 को किया गया। यह अभियान 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक संचालित किया जाएगा।अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि एवं जिलाधिकारी संजय




चौहान द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह की उपस्थिति में जिला संयुक्त चिकित्सालय, गौरीगंज परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया।इस अवसर पर डॉ. बद्री प्रसाद अग्रवाल (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक), डॉ. रामप्रसाद (एसीएमओ वीबीडी), डॉ. पी.के. उपाध्याय (उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी), डॉ. प्रदीप तिवारी (जिला मलेरिया अधिकारी), डॉ. सौरभ (प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गौरीगंज), सुशील कुमार (सहायक मलेरिया अधिकारी), विनोद कुमार सोनी, प्रदीप मिश्रा (मलेरिया निरीक्षक), विनीत कुमार मौर्य (जिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता) सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में नगर पालिका गौरीगंज, पंचायती राज विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से वेक्टर जनित बीमारियों के वाहक नियंत्रण हेतु फॉगिंग मशीन व एंटी-लार्वल मशीन का प्रदर्शन किया गया। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, पंचायत राज, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा तथा ख्रषि विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा और एएनएम के माध्यम से घर-घर भ्रमण कर बुखार, आईएलआई एवं क्षय रोग लक्षणयुक्त रोगियों की पहचान की जाएगी। साथ ही मच्छरों के प्रजनन स्थलों का विनाश एवं वेक्टर सर्वेक्षण किया जाएगा।नगर पालि. का परिषद द्वारा शहरी क्षेत्रों में नालियों की सफाई, कूड़ा निस्तारण और फॉगिंग कार्य, ख्रषि विभाग द्वारा जलभराव की स्थिति समाप्त करने, पंचायती राज विभाग द्वारा स्वच्छ पेयजल व शौचालय व्यवस्था सुधारने, तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों की पहचान व पोषण पुनर्वास केंद्रों पर भेजने का कार्य किया जाएगा।अभियान का उद्देश्य जिले को संचारी रोगों से मुक्त बनाना तथा जन-जागरूकता के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा को सुख्रढ़ करना है।

# बसें सड़क पर भर्ती है सवारियां, लगता है जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिला मुख्यालय पर रोडवेज बस स्टॉप तो है, लेकिन बस चालक बस स्टॉप के बजाय सड़क पर बसों को खड़ा करके सवारियां भरते हैं।

नतीजा सड़क पर हर वक्त जाम की नौबत बनी रहती है। जबकि रोडवेज बस स्टॉप के अंदर ही रोडवेज के अधिकारियों का कार्यालय भी मौजूद है। सब कुछ देखने के बावजूद भी अधिकारी इस पर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझते। नतीजा रोडवेज कर्मचारियों की मनमानी के चलते रोडवेज बस स्टॉप के सामने हर वक्त जाम लगा रहता है। अगर कोई जल्दबाजी में है तब वह इस जाम में फंसकर रह जाता है। जाम की वजह से लोग यातायात नियमों को तोड़कर डिवाइडर पर कर गलत दिशा में भी सफर करने को मजबूर होते हैं। रोडवेज बस स्टॉप पर पुलिस चौकी भी मौजूद है, लेकिन पुलिसकर्मी भी इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं देते हैं। रोडवेज बस स्टॉप से लेकर के करीब में मौजूद चौराहे तक रोडवेज बस चालक सड़क पर ही बस खड़ी करके सवारी को भरते देखे जा सकते हैं। जिनकी वजह से आम राहगीरों को द्गितों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि अगर कोई इस बात को लेकर के विरोध करता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पानी से भरी बाल्टी में डूबकर मासूम की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मासूम बच्ची की बाल्टी में डूब कर मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना सैदनगली के कस्बा उझारी के मोहल्ला मंसूरपुर निवासी रामनिवास सैनी की 2 वर्षीय बेटी यतिका की एक दुखद हादसे में मौत हो गई। बच्ची घर में पानी की बाल्टी में डूब गई। यह दर्दनाक घटना रविवार को हुई। बताया जाता है कि यतिका घर में रखी एक पानी की बाल्टी की तली में मौजूद पानी से एक डिब्बी द्वारा पानी निकालकर खेल रही थी। इस दौरान बच्ची की मां विशाखा किसी काम से कमरे में थीं। खेलते समय अचानक यतिका औंधे मुंह पानी की बाल्टी में गिर गई। कुछ ही देर में यतिका की 5 वर्षीय बड़ी बहन तृषा ने उसे बाल्टी में गिरा देखा और तुरंत शोर मचाया। शोर सुनकर मां विशाखा भागकर आई और बच्ची को बाल्टी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मासूम यतिका की सां. सें थम चुकी थीं। इस हृदयविदारक घटना से परिवार और पूरे मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। थानाध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि इस संबंध में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।



# गौस-ए-आजम तमाम वलियों के सरदार

## 11वीं शरीफ पर महफिल का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शेख अब्दुल कादिर जिलानी (गौस-ए-आजम) रहमतुल्लाह अलैह के उर्स पर शनिवार रात शहर के मोहल्ला बसावन गंज स्थित छोटी मस्जिद में 11वीं शरीफ की महफिल का आयोजन किया गया।

महफिल की शुरुआत कलाम-ए-इलाही से की गई। अकीदतमंदों के बीच तकरीर करते हुए हाफिज जमाल कादरी ने गौस-ए-आजम की करामात का जिक्र किया। मौलाना हाफिज कारी इरफान अजहरी ने बताया कि गौस-ए-आजम के मानने वाले पूरी दुनिया में मौजूद है। 11 वीं शरीफ की महफिल हर जगह सजाई जाती है। गौस-ए-आजम को इस दुनिया ए फानी से पर्दा फरमाए हुए 800 साल गुजर चुके हैं और तभी से 11 वीं शरीफ की महफिलें सज रही हैं। गौस-ए-आजम तमाम वालियों के सरदार हैं। मस्जिद के पेश इमाम मौलाना शमून अशरफी ने बताया कि गौसे पाक की बेशुमार करामाते हैं, जिनमें एक करामात ये भी है कि गौसे पाक ने कुरआन पाक के 18 सिपारे अपनी मां के पेट में ही हिफ्ज कर लिए थे। अध्यक्षता मौलाना महताब उद्दीन कादरी व संचालन हाफिज ताहिर कादरी ने की। आखिर में कुल शरीफ व सलात-ओ-सलाम के बाद मुल्क में अमन-चौन और भाईचारा की दुआ के साथ महफिल का समापन हुआ। इस दौरान यासिर अंसारी, कमरुज्जमा, मोहम्मद आलम, हाफिज फाजिल, उमर कादरी, अतहर अजहरी, मोहम्मद अरशद, कमर आलम, अब्दुल समद, यूनुस, राजा, मोनिस, शाद रायनी, तहमीद रजा आदि मौजूद रहे।



# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता, मंडी धनौरा**। संचारी रोगों की रोकथाम और जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जागरूकता रैली निकाली गई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में स्वास्थ्य कर्मियों ने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर लोगों को स्वच्छता अपनाने और मच्छरों से बचाव के लिए जागरूक किया। डॉ. राहुल कुमार ने बताया, पांच अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य मच्छरजनित बीमारियों, जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदिख्रसे लोगों को सुरक्षित रखना है। इस मौके पर बीपीएम अभिषेक वर्मा, शैली यादव, कृष्ण वर्मा, ममतेश रानी, अनीता, मधु, ममता, सुमन वर्मा, परमाली, पूनम और भारत सहित पूरा सीएचसी स्टाफ मौजूद रहा।




# शिक्षकों का उत्पीड़न नहीं करेंगे सहन

## संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एससीएसटी टीचर्स वैलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष योगेश कुमार ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए अध्यापकों व अध्यापिकाओं को जोड़ा जायेगा। अम्बेडकर पार्क पर एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष योगेश कुमार ने कहा कि शिक्षकों का उत्पीड़न किसी भी हाल में सहन नहीं किया जायेगा। उनके सामने जो भी समस्याएं हैं उन्हें प्रमुखता से उठाकर उनका समाधान कराना ही संगठन का मकसद है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए अधिक से अधिक शिक्षक व शिक्षिकाओ को जोड़ने का काम किया जायेगा। उन्होंने अध्यापकों का आह्वान करते कहा कि उनके सामने जो भी समस्याएं हैं उन्हें वह संगठन के सामने आयें ताकि समय रहते निस्तारित किया जा सके। इस मौके पर हीरा सिंह, मोहित कुमार, रजनी रानी, निशी भूषण, जयनेन्द्र कुमार, जयविन्द्र सिंह, धर्मवीर सिंह, पदम सिंह, शीशपाल, रेनू सिंह, विजेन्द्र सिंह, वरण सिंह, महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# दशहरा धर्म और उत्सव का प्रतीकः प्रवीण

## चेयरमैन ने किया जलजीरा का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। दशहरा मेले के पावन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने रामलीला मैदान में सेवा और सहयोग की भावना का उदाहरण पेश किया। पालिका अध्यक्ष ने मेले में शि. विर कैम्प लगाकर श्रद्धालुओं/ नगरवासियों को ठंडा और ताजगी भरा जलजीरा शर्बत वितरित किया, जिससे उपस्थित लोग खुशी-खुशी झूम उठे।

इस अवसर पर प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि दशहरा केवल धर्म और उत्सव का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमें सेवा, सहयोग और मानवता की सीख भी देता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अच्छाई की राह पर चलते हुए दूसरों की मदद करना ही सच्ची पूजा है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के इस कदम को नागरिकों ने सराहा और इसे सामाजिक एकता और मानवता का सुंदर संदेश बताया। जलजीरा वितरण के दौरान मेले में उमड़ी भीड़ में सभी ने मिलकर त्योहार का आनंद लिया और सेवा भाव की भावना को महसूस किया। अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों और स्वयंसेवकों का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने इस सेवा कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई



# तरक्की के लिए बच्चों को शिक्षा जरूर दिलाएं




**शाह टाइम्स संवाददाता, जोया**। डिडौली कोतवाली में तैनात मिशन शक्ति प्रभारी व महिला उप निरीक्षक कंचन टोलिया ने पांच वर्षीय बच्चों को बैग, कॉपी, किताबे तथा अन्य सामग्री बांटी। इस दौरान उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा के बिना तरक्की नहीं की जा सकती। परिजन अपने बच्चों को शिक्षित जरूर करायें ताकि वह आगेचलकर उनका तथा क्षेत्र का नाम रौशन कर सकें। बिना शिक्षा के मनुष्य जीवन में कुछ भी हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि अपने खर्च कम कर अपने बच्चों को स्कूल भेजें तथा घर में भी उन्हें संस्कारवान शिक्षा दें। इस अवसर पर कांस्टेबिल रूमा तोमर व सचिन शर्मा मौजूद रहे।

# सहकारी समिति में जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर की गजरौला सहकारी समिति में 'प्रधानमंत्री

**सांसद, विधायक, कमिश्नर व डीएम ने काटा फीता**

जन औषधि केंद्र' शुभारंभ किया गया। अब स्थानीय लोगों को उचित मूल्य पर दवाएं मिल सकेंगी।

रविवार को बस्ती रोड स्थित सहकारी समिति के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद चौ.कंवर सिंह तंवर, विशिष्ट अतिथि विधायक राजीव तरारा, मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, डीएम निधि गुप्ता वत्स, जिला सहकारी बैंक के निदेशक विजयभान सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान किसानों व स्थानीय नागरिकों को सहकारिता. संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर उपायुक्त एवं उप निबन्धक मुरादाबाद मण्डल सहकारिता वीर विक्रम सिंह, सूर्यदेव लक्ष्मी मेमो. रियल चौरिटेबल ट्रस्ट की चीफ ट्रस्टी अलका सिंह, जिला सहक. ारी बैंक के निदेशक चौ0वेदपाल सिंह, समिति की अध्यक्षा अलका चीमा, पूर्व प्रधान तेजपाल सिंह, सचिव दीपक सिंह आदि समेत स्थानीय नागरिक, किसान व कर्मचारी मौजूद रहे।




# नेत्र शिविर में 187 रोगियों का परीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। लायंस क्लब गजरौला एवं सरस्वती शिशु मंदिर उ0मा0 विद्यालय सिहाली गौसाईं के द्वारा वरदान नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से विद्यालय परिसर में एक निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। शि. विर में 187 रोगियों की जांच करके 58 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु बस द्वारा गाजियाबाद भेजा गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अतुल अग्रवाल, शिविर संयोजक लक्ष्मीनारायण गर्ग, संजय गर्ग, विजय शंकर, डॉ.केके उपाध्याय, डॉ.वैष्णवी कटारिया, डॉ.एसके सिंघल, डॉ.अमित प्रजापति, संरक्षक सतीश कुमार भास्कर, प्रधानाचार्य महेश कुमार का विशेष सहयोग रहा, जबकि लाल सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, ग्रीश अग्रवाल, शिवम कुमार, जय सिंह, शिवम, दिनेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पॉक्सो एक्ट में शिक्षक को कोर्ट ने किया दोषमुक्त

## छात्रा ने शिक्षक पर लगाया था धर्म परिवर्तन का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। कोर्ट ने छात्रा से छेड़खानी, धर्म परिवर्तन में घिरे शिक्षक को पॉक्सो एक्ट में निर्दोष बताते दोषमुक्त कर दिया है। जिस समय घटना घटी उस समय बजरंग दल व हिन्दू संगठनों ने जमकर हंगामा किया था तथा पुलिस ने शिक्षक को गिरफ्तार कर दिया था। बाद में कॉलेज प्रबंधन ने भी शिक्षक पर निलंबन कर दिया था।

चर्चित मामला मंडी धनौरा क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज से जुड़ा था। संभल जिले के एचोड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव नंदपुर बीटा निवासी शाहिद इस कॉलेज में गणित के प्रवक्ता थे। सीधे आयोग से चयनित शिक्षक शाहिद पर कक्षा नौ की एक छात्रा ने गंभीर आरोप लगाए थे। उसका आरोप था कि शिक्षक ने क्लास में प्रेम का इजहार किया है।

**बजरंग दल के हंगामे पर शिक्षक को जेल भेज किया था निलम्बित**

छात्रा ने ये बात घर जाकर परिजनों को बता दी थी। छात्रा की मां ने कॉलेज पहुंचकर उप प्रधानाचार्य से शिक्षक की इस हरकत पर सख्त आपत्ति जताई थी लेकिन कॉलेज प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया था। परिजनों का आरोप था कि इसके बाद शिक्षक ने फिर छात्रा से शादी करने का दबाव बनाया। इसके बाद एक अन्य छात्रा ने भी शिक्षक पर गंभीर आरोप लगाए थे। छात्रा की घ्ध्शिकायत पर बीते साल 20 नवंबर को परिजनों ने कॉलेज में जमकर हंगामा किया था। जानकारी पर बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद व विश्व हिन्दू महासंघ के कार्यकर्ता भी कॉलेज पहुंच गए थे। प्रधानाचार्य कक्ष के बाहर जमकर हंगामा किया था। पुलिस ने बमुश्किल बिगड़ते हालात पर काबू पाया था। कॉलेज की छुट्टी कर दी गई थी। इसके बाद कॉलेज की दीवार कूदते भागते समय शिक्षक शाहिद को भीड़ ने घेर लिया था। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद हिरासत में लिया था। मामले में छात्रा के पिता ने शिक्षक शाहिद के खिलाफ नाबा. लिग बेटी को एक लाख रुपये का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने, छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने शिक्षक शाहिद को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया था। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम की अदालत में चल रही थी। तीन अक्तूबर को अदालत ने मुकदमे में आखिरी सुनवाई की। साक्ष्य के आभाव में शिक्षक शाहिद को दोषमुक्त करार दिया। वहीं, वादी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा चलाने के लिए भी स्वतंत्र किया

# आरएसएस ने निकाले पथ संचलन

## देशभक्ति की दी सीख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में, विजयादशमी उत्सव पर हसनपुर में दो विभिन्न स्थानों से भव्य पथ संचलन निकाला गया। जिसका उद्देश्य समाज में एकता और अनुशासन का संदेश देना था। पहला पथ संचलन होली वाला बस्ती के स्वयंसेवकों का था। जो शिवाला मंदिर रामलीला मैदान से शुरू हुआ। यह संचलन बाल्मीकि बस्ती, सुखदेवी इंटर कॉलेज, मोर वाली कोठी, होली चौक होते हुए बंश प्लाजा और पुराने डाकखाने के रास्ते आगे बढ़ा। इस दौरान नगर संघचालक दीपक कुमार और नगर कार्यवाह सोनू गर्ग सहित अतुल सक्सेना और अंश अग्रवाल जैसे कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अमरो. हा जिला के जॉइन आरएसएस प्रमुख रोहित शर्मा रहे। वहीं दूसरा पथ संचलन कायस्थान बस्ती का था। जो ब्लॉक परिसर से प्रारंभ हुआ। यह अनुशासित संचलन अंबेडकर चौक, गुरुद्वारा, माईजी महाराज मंदिर, रस्तोगी धर्मशाला होते हुए मौहल्ला महल शिव मंदिर और सराफा बाजार के रास्ते आगे बढ़ा। इस संचलन में सहनगर संघचालक रविन्द्र चौहान, उधम सिंह आर्य, संजीव त्यागी, और डॉ. रोहित चौहान जैसे कार्यकर्ता शामिल रहे। कायस्थान बस्ती के पथ संचलन के मुख्य वक्ता विद्या भारती के प्रांतीय सह मंत्री अक्षि अग्रवाल जी थे, और अध्यक्षता डॉ. शिवचरण दास ने की। दोनों पथ संचलनों का मिलन पुरानी तहसील (कायस्तान बस्ती) और पंसारा बाजार (होली वाला बस्ती) के पास हुआ। मिलन के बाद, दोनों सामूहिक रूप से अंबेडकर चौक से होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर पर पहुंचे, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ।



# तीन खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीते



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। अमरोहा स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने चार मेडल जीते। कोच निर्भय विश्नोई ने बताया कि लखनऊ केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 25 से 30सितम्बर के बीच प्रदेशीय विद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें सब जूनियर बालक वर्ग में 28 से 30 किलोग्राम में दित्य राज ने गोल्ड, 36 से 38 किलोग्राम में आदित्य पुनिया ने गोल्ड तथा 52 से 56 किलोग्राम में जितेन्द्र सिंह ने कांस्य पदक जीता। द्वितीय राज, लोकेन्द्र सिंह व आदित्य पूनिया का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस मौके पर मनीष, दिवांशी सैनी, मंजू सिंह, युविका सिंह, कीर्ति, संजना गौरी, मनदीप सिंह, कौशल, तरूण ने पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी।

# पेड़ काटकर बाग पर किया कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**जोया**। दबंग ने आम के पेड़ काटकर बाग पर कब्जा कर लिया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। जानकारी के अनुसार प्रवेन्द्र सिंह ने निर्देशक सिंह साहब होम्योपैथिक मेडिकल कालेज गुलड़िया पुलिस चौकी पर तहरीर देकर गांव शेखुपुरा निवासी कैलाश पुत्र शिवचरन पर आरोप लगाया है कि उसने उसके खेत में खड़े आम के पेड़ काट लिये तथा अवैध कब्जा कर लिया। पिछले बीस सालों से यह भूमि उसी के पास है। जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे धमकाया। प्रवेन्द्र सिंह ने डिडौली कोतवाली में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# धान खरीद पर भ्रष्टाचार हावी, किसानों की मेहनत पर फिर संकट के बादल



**पूरनपुर**। एक तरफ प्रदेश सरकार किसानों की आय दुगनी करने पर जोर दे रही तो वहीं दूसरी तरफ अधिकारियों की मिलीभगत से जनपद में किसानों से धान खरीद में जमकर लूट की जा रही है, आए दिन किसान अपनी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करने को मजबूर हैं, किसानों का आरोप है कि राइस मिलर सस्ते में उनकी फसल खरीद कर सरकारी

क्रय केंद्रों पर बेंच देते हैं। तीन अक्टूबर से पूरनपुर और कलीनगर तहसील क्षेत्र में आधी अधूरी व्यवस्था के बीच धान खरीद शुरू हो गई है। धान कटाई शुरू होने के साथ मंडी में आवक भी शुरू हो गई है। शनिवार तक लगभग सैकड़ो कुंटल धान मंडी में देखा गया। नमी होने के चलते खरीद – शुरू नहीं हो सकी। इस पर किसान अपना धान परिसर में ही सुखाते देखे गए हैं। दूसरी ओर राइस मिलो और आढ़तों पर औने पौने दामों में धान खरीद धड़ल्ले से की जा रही है। अभी कई एजेंसियों के केंद्र पर व्यवस्थाएं ठीक ना होने से किसान परेशान नजर आ रहे हैं। मार्केटिंग को – छोड़कर क्रय एजेंसियों के कई प्रभारी गायब मिले। यहां किसानों के बैठने और पीने के लिए पानी की सामूचित व्यवस्था भी नहीं की गई है।इस बार पूरनपुर में 34 और कलीनगर में 8धान खरीद केंद्र खोले हैं। कुल 42 खरीद केंद्रों में पूरनपुर मंडी में खाद्य विभाग के 10, पीएससी, यूपीएस और पीसीयू के चार-चार, एफसीआई और मंडी के 11 केंद्र मिलाकर कुल 24 खरीद केंद्र बनाए गए हैं। बाकी 10 केंद्र गांव में स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा कलीनगर में पीसीएफ का देवीपुर, मल्लपुर, जमुनिया, सुखदासपुर, यूपीएसएस का एक शिवनगर और पीसीयू का करेलिया, रमनगरा और पताबोझी में केंद्र खोले गए हैं। नवमी और 2 अक्टूबर की छुट्टी होने से इस बार 3 अक्टूबर से धान खरीद शुरू हुई है। सरकारी केंद्र खुलने पर मंडी में किसान धान लेकर पहुंचने लगे हैं। शनिवार तक लगभग पांच किसान अपना 400 कुंटल धान लेकर पहुंचे। मार्केटिंग सेंटरों पर पहुंचा धान जांच में नमी पाई गई है। इसलिए खरीद शुरू नहीं हो सकी है। किसान मंडी परिसर में ही अपना धान सुखा रहे हैं। सोमवार से धान खरीद की उम्मीद जताई जा रही है। वही धान कटाई में तेजी होने से आवक भी बढ़ने की बात कही जा रही है। खरीद के पहले दिन ही डिप्टी आरएमओ विजय कुमार शुक्ला ने मंडी पहुंचकर निरीक्षण किया था।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHAHID से बदलकर MOHAMMED SHAHID S/o MAHFOOZ AHMED रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

पता मोहल्ला होली वाला निकट जामा मस्जिद हसनपुर जिला अमरोहा यू.पी.

# लखनऊ में रियल एस्टेट कंपनी के निदेशकों ने फर्जी चेक से बेची जमीन

## अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बीबीडी थाना क्षेत्र में रियल एस्टेट कंपनी के निद. ेशकों पर फर्जी चेक के जरिये जमीन हड़पने का गंभीर मामला सामने आया है।

बीबीडी थाने में अदालत के आदेश पर देवदीप एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दीपक मौर्य और आकाश वर्मा के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया गया है। इंदिरा नगर निवासी सि(ार्थ गौतम ने आरोप लगाया है कि मेहौरा गांव स्थित उसकी करीब 4550 वर्गफीट जमीन को मात्र सात लाख 40 हजार रुपये में बेचा गया था। कंपनी के निदेशकों ने उसे भरोसा दिलाया कि भुगतान चेक के जरिए कर दिया जाएगा, लेकिन जब पांच जनवरी 2024 को बैंक में चेक लगाया गया, तो वह बाउंस हो गया। सि(ार्थ के मुताबिक, 28 दिसंबर 2023 को रजिस्ट्री हो चुकी थी और सौदे की रकम के रूप में दिया गया चेक उसके दोस्त विवेक सिंह के नाम से बना था, जिसके जरिए कर्ज चुकाया जाना था। लेकिन चेक बाउंस होने के बाद भी अभियुक्तों ने रकम नहीं दी। आरोप है कि निदेशकों ने उक्त जमीन को आगे कई लोगों को बेच दिया। उन्होंने कहा कि कई बार रुपये मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। सि(ार्थ का कहना है कि उसने पहले बीबीडी थाने और फिर पुलिस कमिश्नर को शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई न होने पर अदालत में प्रार्थनापत्र दाखिल किया। अदालत के आदेश के बाद अब बीबीडी थाने में मामला दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि देवदीप एस्टेट्स के निदेशकों दीपक मौर्य और आकाश वर्मा के खिलाफ पहले भी ठगी और धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं। गोसाईंगंज थाने में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज है, जबकि चिनहट थाने में भी जालसाजी और धमकी देने का मामला दायर किया जा चुका है। बीबीडी थाना के प्रभारी का कहना है कि मामले में एफआईआर दर्ज की गई है पूरे मामले जांच की जा रही है जांच के अपरांत जो भी सामने आता है।

## भाजपा पर जमकर बरसे स्वामी प्रसाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी (आरएसएसपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य रविवार को अमेठी में भारतीय जनता पार्टी पर जमकर बरसे और भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि जनता इस बार बदलाव करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के पाप का घड़ा भर चुका है। ष्श्री मौर्या ने उत्तर प्रदेश में आगामी विधान चुनाव में अपनी पार्टी को सभी 403 सीटों पर उमीदवार लड़ाने का दावा किया। उन्होंने आज एक कार्यक्रम में शिर. कत करने के बाद मीडिया से बात करते हुए आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी द्वारा सभी 403 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए समान विचारधारा वाली पार्टियों से गठबंधन भी किया जा सकता है। श्री मौर्य ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता अब महंगाई, बेरोजगारी और अन्याय से त्रस्त हो चुकी है।

# स्तन कैंसर जागरूकता के लिए लखनऊ में 'पिंक वेव' अभियान आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में रविवार को पिंक वेव अभियान के तहत स्तन कैंसर के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह सात बजे लखनऊ गोल्फ क्लब से वॉकथॉन के साथ हुई। प्रमुख सचिव (उद्योग) आलोक कुमार और प्रमुख सचिव (नियोजन) आलोक कुमार तृतीय ने हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन को रवाना किया। करीब 300 से अधिक प्रतिभागियों ने 3 किलोमीटर लंबी इस वॉकथॉन में हिस्सा लिया। वॉकथॉन के बाद सुबह आठ बजे विंटेज कार रैली का आयोजन किया गया। रैली लोहियापथ से होकर गोल्फ ड्राइविंग रेंज में समाप्त हुई।





इस दौरान एसजीपीजीआई ब्रेस्ट हेल्थ प्रोग्राम के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने महिलाओं को स्तन कैंसर के प्रति जागरूक किया। डा. गौरव अग्रवाल ने कहा कि 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को हर वर्ष डॉक्टर से स्तन जांच करानी चाहिए। बिना दर्द वाली गांठ जैसे किसी भी लक्षण को नज़रअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि समय रहते पहचान और उपचार से स्तन कैंसर के अधिकांश मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत गोल्फ कैडीज़ और उनके परिवारों के लिए एक विशेष जागरूकता शिविर भी लगाया गया। इसमें डॉक्टरों ने स्तन कैंसर की प्रारंभिक जांच और उसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं 'पिंक वेव' अभियान ने यह संदेश दिया कि स्तन कैंसर का शुरुआती पता लगना जीवनरक्षक हो सकता है। यह कार्यक्रम एसोसिएशन ऑफ 41 क्लब ऑफ इंडिया एरिया 9 द्वारा एसजीपीजीआई ब्रेस्ट हेल्थ प्रोग्राम के सहयोग से आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्तन कैंसर के शुरुआती लक्षणों की पहचान और समय पर इलाज के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम को इंडियन ऑयल और ज्ञान दूध ने प्रायोजित किया।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विभिन कार्यक्रम होंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सात अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकी जयंती भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। इस दिन प्रदेशभर के देव मंदिरों और महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।




इन कार्यक्रमों में रामायण पाठ, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, दीप प्रज्वलन और दीपदान शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि फील्ड स्तर पर जनसहभागिता और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आयोजन जनपद, तहसील और विकासखंड स्तर पर किए जाएं ताकि समाज के सभी वर्ग इसमें शामिल हो सकें। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को साफ-सफाई, पेयजल, ध्वनि, प्रकाश और सुरक्षा की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर (चित्रकूट) में राज्य स्तरीय वृहद आयोजन किया जाएगा। उपनिद. ेशक (पर्यटन) आर.के. रावत को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से होगा। इसके बाद संस्कृत के विद्यार्थियों द्वारा रामायण पाठ और दयाराम रैकवाड़ एवं उनकी टीम की ओर से भक्ति-सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। आयोजन में पूजन, हवन, वाल्मीकि रामायण पाठ, लव-कुश प्रसंग और अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी और आमजन की भागीदारी रहेगी। मुख्य कार्यक्रम के अलावा अयोध्या, प्रयागराज, बिठूर (कानपुर), श्रावस्ती, राजापुर (चित्रकूट) सहित पूरे प्रदेश में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर विशेष आयोजन होंगे। वहीं योगी सरकार ने इस वर्ष भी स्थानीय कलाकारों को मंच देने की परंपरा जारी रखी है। जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में गठित समिति ने चयनित मंदिरों व स्थलों पर प्रदर्शन के लिए कलाक. ारों का चयन कर लिया है। इन कार्यक्रमों का समन्वय संस्कृति विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, जिला पर्यटन कार्यालय और संस्कृति परिषद संयुक्त रूप से करेंगे।

## बिना अनुमति के विज्ञापन लगाने पर साढ़े पांच लाख जुर्माना

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी नगर निगम ने शहर में बिना अनुमति के अवैध विज्ञापन लगाने वाले शुभम जायसवाल पर रविवार को 5.50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। इस मामले में नोटिस भी जारी कर दिया गया है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शुभम जायसवाल ने पूरे नगर क्षेत्र में अवैध रूप से विज्ञापन लगाए हैं। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि विज्ञापन प्रकाशन के लिए नगर निगम से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। इसके मद्देनजर नगर निगम प्रशासन ने सभी अवैध विज्ञापनों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### मिशन शक्ति 5.0: योगी सरकार का एंटी रोमियो स्क्वॉड बना महिलाओं की सुरक्षा का प्रतीक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान ने महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती दी है। नवरात्र के दौरान यूपी पुलिस के एंटी रोमियो स्क्वॉड ने विशेष अभियान चलाते हुए एक लाख से अधिक मंदिरों, बाजारों, मॉल और सार्वजनिक स्थलों की गहन जांच की। अभियान के दौरान 9-77 लाख से अधिक व्यक्तियों की जांच, 2,542 अभियोग पंजीकृत, 3,972 गिरफ्तारियां और 3.13 लाख लोगों को चेतावनी दी गई। इसके अलावा 53 हजार से अधिक निरोधात्मक कार्रवाइयां भी की गईं। पुलिस की सतर्कता से नवरात्र और रामलीला पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए। इसके लिए प्रदेश भर में 37 हजार से अधिक अधिकारी और कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। इनमें 411 राजपत्रित अधिकारी, 7,999 निरीक्षक/उपनिरीक्षक, 22,547 आरक्षी और 6,380 होमगार्ड/पीआरडी कर्मी शामिल थे। वहीं राज्य भर में 55 हजार से अधिक पंडालों और 4,900 से अधिक रामलीला स्थलों पर सुरक्षा इंतज़ामों की कड़ी निगरानी की गई। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि 39,911 महिला चौपालों के माध्यम से 20 लाख से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ा गया, जबकि 1.56 करोड़ फोल्डर, पंपलेट और स्टीकर वितरित कर महिलाओं की सुरक्षा संबंधी संदेश आमजन तक पहुंचाए गए।

### वन मंत्री ने किया भेडियों के आतंक से प्रभावित गांव का दौरा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के वन मंत्री अरुण कुमार ने रविवार को जिले के कैसरगंज तहसील में आदमखोर भेड़ियों के आतंक से प्रभावित मंझारा तौकली गांव का दौरा किया। इस क्षेत्र में भेड़ियों के हमलों में अब तक चार मासूमों समेत छह लोगों की जान जा चुकी है, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। श्री कुमार ने अधिकारियों के साथ मिलकर प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और वन विभाग की ओर से भेड़ियों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान की जानकारी प्राप्त की। दौरे के दौरान, उन्होंने उन परिवारों से मुलाकात की जो भेड़िए के हमलों में प्रभावित हुए हैं और उन्हें सांत्वना दी तथा घायलों के शीध्र स्वस्थ होने की कामना की। वन मंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन और वन विभाग की ओर से हिंसक वन्य जीवों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। इस मिशन के तहत विभिन्न टीमों के माध्यम से भेड़ियों का रेस्क्यू करने के प्रयास जारी हैं। मंत्री के साथ इस दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, वन संरक्षक रेनू सिंह, उपजिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार, थाना प्रभारी कैसरगंज, ब्लॉक प्रमुख रणवीर सिंह मुन्ना, मंडल अध्यक्ष मनोज पांडेय (गजाधरपुर), महामंत्री चन्द्र प्रकाश सिंह, सीताराम पाण्डे, बद्री प्रसाद अवस्थी, श्रवण कुमार गौड़ सहित अनेक अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। विशेषज्ञों का मानना है कि भेड़ियों द्वारा आबादी के करीब आने का प्रमुख कारण इलाके में उचित सुरक्षा उपायों का अभाव है। मंत्री ने इस मुद्दे पर ध्यान देना सुनिश्चित किया है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके और स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### इनामी बदमाश पुलिस मुठभेढ़ में घायल

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी इनामी बदमाश मानक सिंह को शनिवार देर रात मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के बाद फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर 25 हजार का इनाम रखा था। पुलिस को मुखबिर के जरिये सूचना मिलने पर उसकी घेराबंदी की तो आरा. ेपी ने पुलिस पर फायलरग करके भागने का प्रयास किया। जिसके जवाब में पुलिस की गोली से वह घायल हो गया। आरोपी बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी है जिसके बाद उसे पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस को उसके पास से एक अवैध तमंचा और खाली कारतूस भी मिला है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया ऑपरेशन क्लीन के तहत पाली थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने फरार पॉक्सो आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी शाहजहांपुर के कलान थाना क्षेत्र के वजीरगंज गांव का रहने वाला है और सीएचसी पाली में एम्बुलेंस चालक के पद पर तैनात था। उसने पानी मांगने के बहाने 15 साल की किशोरी को अपने कमरे में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। वारदात के बाद से ही वह फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। सूत्रों ने बताया कि देर रात ढाई बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गौरा-उदयपुर मोड़ के पास घेर लिया। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की और फिर जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायलरग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी। घायल आरोपी को इलाज के लिए सीएचसी सवायजपुर लाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके से 315 बोर का तमंचा, जिंदा और खोखा कारतूस बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपी के खिलाफ पॉक्सो, एससी-एसटी एक्ट और अब पुलिस पर फायरिंग की धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

### सपा नेता मुरली अयोध्या से सैफई तक साइकिल यात्रा पर रवाना

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी (सपा) के युवा नेता मुरली यादव समा. जवादी साइकिल यात्रा पर रविवार को अयोध्या से इटावा के सैफई के लिए रवाना हो गए। वह सपा मुखिया रहे पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर 10 अक्टूबर को सैफई पहुंचेंगे। अयोध्या की बीकापुर विधानसभा के मुमताज़ नगर- घाटमपुर से समाजवादी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सपा नेता मुरली यादव ने साइकिल यात्रा का आज शुभारंभ किया गया। सपा नेता फिरोज़ खान गब्बर ने हरी झंडी दिखाई। समाजवादी साइकिल यात्रा को रवाना करते हुए सपा नेता फिरोज खान गब्बर ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने सामाजिक न्याय की स्थापना और समानता पर आधारित समाज के निर्माण के लिए समाजवादी पार्टी की नींव रखी थी। आज उनके पदचि]नों पर चलते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उस समाजवादी परंपरा को नई दिशा और नई ऊर्जा दे रहे हैं। यह साइकिल यात्रा मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि 10 अक्टूबर को उनकी समाधि स्थल पर समाप्त होगी। समाजवादी साइकिल यात्रा में दीपू यादव, मोहन यादव, रविशंकर यादव एवं बलधारी यादव भी शामिल हैं।

# आरोपी मोहित के पिता ने भी आलोक को बताया भूमाफिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या के आलोक सिंह गोलीकांड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता और होटल व्यवसायी अनूप गुप्ता ने पूर्व पार्षद प्रतिनिधि आलोक सिंह पर लगाए गए आरोप के बाद गोलीकांड के मुख्य आरोपी मोहित पांडेय के पिता मधुसूदन पांडेय ने भी श्री सिंह पर बेटों को प्रताड़ित करने और भूमाफिया होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके बेटे मोहित को लंबे समय से आलोक सिंह परेशान कर रहा था। कई बार वह उनके घर आकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दे चुका है।

अयोध्या के लवकुश नगर रामघाट निवासी मधुसूदन ने कहा कि आलोक सिंह ने उनके छोटे बेटे धर्मवीर पांडेय को बालू घाट पर पीटा था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुआ था और उस घटना की एफआईआर अयोध्या कोतवाली में दर्ज है।

# डेंगू-मलेरिया पर किया करारा वारः ब्रजेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने डेंगू, मलेरिया और मच्छर जनित बीमारियों पर करारा वार किया है।



इन बीमारियों की रोकथाम में संचारी रोग नियंत्रण अभियान और घर-घर दस्तक अभियान ने अहम भूमिका निभाई है। श्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को अलीगंज स्थित अर्बन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (5 से 31 अक्टूबर) और घर-घर दस्तक अभियान (11 से 31 अक्टूबर) के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान जागरूकता रैली भी निकाली गई और फॉगिंग मशीनों को रवाना किया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने सीएचसी का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जनस्वास्थ्य सुविधाओं में और सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहद दयनीय थी, लेकिन अब प्रदेश में आमजन को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि इन अभियानों के तहत डेंगू, मलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस और एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम जैसी बीमा. रियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया गया है। इस मिशन में कुल 13 विभाग संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2017 की तुलना में एईएस रोगियों की मृत्युदर में 98 प्रतिशत, जेई रोगियों की मृत्युदर में 97 प्रतिशत, डेंगू में 93 प्रतिशत और मलेरिया के मामलों में 58 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश अब एंबुलेंस सेवा में देश में पहले स्थान पर है। वर्ष 2017 में 108 एंबुलेंस का औसत रेस्पांस टाइम 16.40 मिनट था, जो घटकर 7.7 मिनट रह गया है, जबकि 102 एंबुलेंस का समय 9.5 मिनट से घटकर 6.25 मिनट हो गया है।

# जौनपुर में रेलवे फ्लाईओवर निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री गिरीशचंद्र यादव ने रविवार को जौनपुर में जगदीशपुर रेलवे फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना एवं भूमि पूजन कर शुरुआत की। श्री यादव ने कहा कि यह फ्लाईओवर नगर की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान साबित होगा। उन्होंने बताया कि परियोजना को दो वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लेकिन ''मैंने कार्यदाई संस्था से बात कर ली है, प्रयास रहेगा कि यह पुल समय से पहले बनकर तैयार हो जाए। उन्होंने कहा कि यह फ्लाईओवर जगदीशपुर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित है, जो सीआरआईएफ योजना के तहत निर्मित होगा।

सेतु की कुल लंबाई 765.05 मीटर होगी, जिसमें रेल पोर्शन 76. 10 मीटर का निर्माण किया जाएगा। परियोजना की स्वीकृत लागत 10889.13 लाख तथा प्राप्त आवंटन 7895.20 लाख है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य जनवरी 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। वक्ताओं ने कहा कि इस ओवरब्रिज के निर्माण से नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को जाम की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। वर्तमान में जगदीशपुर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतिदिन भारी वाहन आवागमन के कारण अक्सर लंबा जाम लगता है, जिससे लोगों को असुविधा और समय की हानि होती है।

ओवरब्रिज के बन जाने से वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर आने-जाने वाले वाहनों को सुगम यातायात मिलेगा। इससे न केवल जौनपुर नगर, बल्कि आजमगढ़ शाहगंज, बदलापुर सहित आसपास के जिलों के लोगों को भी लाभ होगा। फ्लाईओवर निर्माण से नगर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी, प्रदूषण में कमी आएगी और क्षेत्र के आर्थिक व सामाजिक विकास को नया आयाम मिलेगा।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवती की मौत

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी में रविवार को एक डंपर के बाइक को टक्कर मार देने से एक युवती की मौत हो गई एवं एक युवक घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के श्री रामगंज के पास फोरलेन ओवर ब्रिज के पास एक ओवर स्पीड डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे मालतीपुर देवकली गांव निवासी सबनूर बानो (20) की मौत हो गई। वही बाइक चालक अली आलम गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि अली आलम बाइक से जायस की तरफ जा रही था। तभी सामने से आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

# बृजेश पाठक ने किया मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को मेडिकल कॉलेज के एसआरएन अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया और कहा कि प्रयागराज में पांच लोगों को अच्छी से अच्छी चिकित्सा सुविधाएं मिले इसके लिए इंतजाम किए जा रहे है। श्री पाठक ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में जल्द ही बेड और संसाधन बढ़ाए जाएंगे।

मेडिकल कॉलेज को चिकित्सा का केंद्र बनाया जाएगा। वहीं सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद द्वारा उत्तर प्रदेश में आई लव मोहम्मद बोलने पर प्रतिबंध वाले बयान पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी धर्मों का सम्मान करते है। गैर कानूनी गतिविधियों की इजाजत बिल्कुल भी नहीं है।

अगर कोई सड़क पर निकल कर अराजकता करता है तो एफआईआर हुई है। राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव के निष्पक्ष चुनाव वाले बयान पर श्री पाठक ने कहा कि निर्वाचन आयोग हमेशा निष्पक्ष चुनाव कराता है।

## संदिग्ध ड्रोन उड़ाने वाला युवक गिरफ्तार, ड्रोन एवं रिमोट बरामद

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के निर्देशन में मड़ियाहूं पुलिस ने रविवार को संदिग्ध रूप से उड़ रहे एक ड्रोन की सूचना पर तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उपनि. रीक्षक नान्हू यादव को सूचना मिली कि ग्राम शीतलगंज के पास एक संदिग्ध ड्रोन जैसी वस्तु उड़ती देखी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संदिग्ध ड्रोन को अपने कब्जे में लिया।

# दहेज उत्पीड़न से परेशान विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र में एक विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या कर ली है।

मृतका की मां ममता देवी निवासी पकड़िया पुरवा गुरचाही थाना पयागपुर ने अपनी बेटी की ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना विशेश्वरगंज में तहरीर दी है। ममता देवी द्वारा दी गई लिखित शिकायत में बताया गया है कि उनकी बेटी पुष्पा की शादी मात्र छह माह पूर्व ग्राम पंचायत जमुनहा कला के मजरा श्रीनगर चौराहा निवासी रामबाबू मौर्या के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही दामाद रामबाबू मौर्या, सास-ससुर जयप्रकाश मौर्या, ननद अन्नी (निवासी नरायणापुर थाना पयागपुर) तथा ननद आरती (निवासी जयमलपुरवा थाना विश. ेश्वरगंज) पुष्पा को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। ममता देवी ने बताया कि उनकी बेटी के साथ मारपीट की जाती थी। पुष्पा कई बार फोन पर अपनी पीड़ा बताती थी।

# राज्यपाल वीर बहादुर पूर्वांचल विवि के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगी

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सोमवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगी। कुल. पति प्रोफेसर वंदना सिंह ने रविवार को बताया कि छह अक्तूबर को सुबह 10:00 बजे विश्वविद्यालय के महंत अवैद्यनाथ संगोष्ठी भवन में आयोजित दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंद. ीबेन पटेल करेंगी।

उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि सुनील दत्त प्रेसिडेंट रिलायंस जिओ इन्फोकॉम लिमिटेड मुंबई होंगे, इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी भी मौजूद रहेंगीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में इस बार कुल 444 शोधार्थियों को पीएच-डी- एवं डी-लिट- की उपाधि प्रदान की जाएगी। इनमें 291 पुरुष और 155 महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह में इस बार कुल 79 मेधावियों को 80 स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। इनमें स्नातक और परास्नातक दोनों स्तरों के प्रतिभाशाली विद्यार्थी शामिल हैं। इसमें स्नातक स्तर पर 24 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। इसमें 15 छात्राएं और 9 छात्र शामिल हैं। वहीं परास्नातक स्तर पर 55 विद्यार्थियों को 56 स्वर्ण पदक से नवाज़ा जाएगा, जिनमें 32 छात्राएं और 23 छात्र हैं। दीक्षांत समारोह में एमए जनसंचार में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर रक्षित प्रताप सिंह को दो मेडल दिया जाएगा। विश्वविद्यालय की तरफ से एक स्वर्ण पदक एवं अतुल माहेश्व. री स्वर्ण पदक कुलाधिपति के हाथों मिलेगा। कुल मिलाकर इस बार के दीक्षांत समारोह में 47 छात्राएं और 32 छात्र स्वर्ण पदक प्राप्त करेंगे। दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास रविवार को समारोह पूर्वक किया गया है।

# 25वें कैप्टन शशिकांत शर्मा मेमोरियल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** शहीद कैप्टन शशिकांत शर्मा की याद में डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसो. शिएशन गौतमबुद्ध नगर के तत्वावधान में मानव सेवा समिति, एनपीडीए, एनईए, नोएडा स्पोर्ट्स ट्रस्ट और बीएस फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित 25वें कैप्टन शशिकांत मेमोरियल टूर्नामेंट का आगाज नोएडा विधायक पंकज सिंह, नोएडा सीईओ डॉ लोकेश एम ने किया। इस मौके पर बच्चों के बीच हुई नृत्य प्रतियोगिता में जिले के पांच स्कूल के बच्चों ने देश भक्ति के गीतों पर सुंदर नृत्य पेश कर उपस्थित नागरिकों का मन मोह लिया।

कथक नृत्यांगना डॉ हिमानी ने जज की भूमिका निभाते हुए बीजीएस विजनाथम स्कूल को प्रथम, मयूर स्कूल नोएडा को द्वितीय व एलन हाउस पब्लिक स्कूल को तृतीय स्थान दिया। जिन्हें विधायक एवं सीईओ ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले



अन्य दो स्कूल श्रीराम भारत स्कूल एवं अग्घापुर कंपोजिट स्कूल को भी पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर समाज में उत्कृष्ट कार्य कर अपनी सामाजिक पहचान बनाने वाली नौ महिलाओं को भी ट्रॉफी व शॉल भेंटकर नारी सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानत होने वालों में दिल्ली व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन की चेयरपर्सन शिखा चतुर्वेदी, योगा इंस्ट्रक्टर नीना सागर, द फ्यूचर अहेड फाउंडेशन की निदेशक डॉ अलंकृता मानवी, नारी प्रगति सोशल फाउंडेशशन की निदेशक मीनाक्षी त्यागी, विलेज केयर फाउंडेशशन की अध्यक्ष बिमलेश शर्मा, दीदी की रसोई की अध्यक्षा ऋतु सिन्हा, एएएसएम चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष संजना कनोत्रा, संकल्प इंडिया चौरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा रेखा शर्मा एवं रामा फाउंडेशन एंड मैत्री एक परिचय की फाउंडर नम्रता नारायण शामिल रहीं। उद्घाटन समारोह में मंच पर कैप्टन शशि कांत शर्मा के पिता फ्ला. लेफ्टिनेंट जे.पी. शर्मा, माता सुदेश शर्मा, भाई डॉ. नरेश शर्मा, संगीता शर्मा, जितेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, संजय डावर, नैवेद्य शर्मा, एड. अमित खेमका धेनु ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ नरेश शर्मा, उपदेश कुमार भारद्वाज, एनईए के अध्यक्ष विपिन मल्हन, फोनरवा चेयरमैन योगेंद्र शर्मा, सतेंद्र शर्मा, अजय चौधरी, अशोक पंडित सहित अन्य उपस्थित रहें।

बीते 24 साल से सफलता पूर्वक आयोजित हो रहे इस टूर्नामेंट में इस बार आठ टीमे भाग ले रही है। आज का उद्घाटन मैच एसएस नालंदा और मॉलिक्यूल्स इंडिया के बीच खेला गया। जिसमें मॉलिक्यूल्स इंडिया ने एसएस नालंदा को रोमांचक मुकाबले में 8 विकेट से हराया। मैन आफ द मैच का पुरस्कार कार्तिक बचहस को दिया गया, जबकि विशेष प्रदर्शन पुरस्कार दिग्विजय रावत को मिला।

दस दिन तक चलने वाली 20-20 ओवर की प्रतियोगिता में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। एस्टर स्कूल, पायनियर क्रिकेट क्लब, एसएस नालंदा, नोएडा वारियर्स, जीएनसीसी, एनआरएफ इलेवन, खुर्राट इलेवन और मोल्यूक्यूल इंडिया। मैच लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप पर खेले जाएंगे और प्रत्येक टीम को कम से कम तीन मैच खेलने का अवसर मिलेगा। इस दौरान टूर्नामेंट के स्पोर्ट्स कॉर्डिनेटर सुभाष शर्मा, आजाद सिंह, सचिव अमन भारद्वाज, कोषाध्यक्ष एमएल शर्मा, सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर शुभम भारद्वाज, डीसीए के उपाध्यक्ष कंवल तेजवानी, एनपीडीए के अध्यक्ष भूपेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष आजाद सिंह, अतुल गौड़, महेश द्विवेदी, आरके शर्मा, दीपक संखधार, जीसी शर्मा, सतनारायण गोयल, राजीव अग्रवाल, विजय भाटी, केके जैन, एसके सरीन, राकेश शर्मा, अनु खान, सुबोध सहाय, डॉ अशोक श्रीवास्तव, मुन्ना शर्मा, सरदार मंजीत सिंह, चाचा हिंदुस्तानी सुभाष चंदेल, प्रदीप वोहरा, एड दुष्यंत तोमर, शिवा भारद्वाज, सुरेखा शर्मा, पारुल भारद्वाज, समीक्षा शर्मा, आदित्य भारद्वाज सहित अन्य उपस्थित रहें।

# अपहरण के मामले में पकड़े गए आरोपी को जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना पुलिस ने अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। साथ ही किशोरी को सकुशल खोज निकाला। वह 18 दिन पहले घर से लापता हो गई थी। किशोरी के पिता ने पुलिस को बताया था कि वह परिवार के साथ चौड़ा गांव में रहते हैं। कुछ समय पहले तक पड़ोस सागर नामक युवक भी रहता था। वर्तमान में वह सर्फाबाद गांव में रहता है। 18 सितंबर को उनकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।

चार दिन पहले पता चला कि सागर नामक युवक उसका अपहरण कर ले गया है। उन्होंने आरोपी युवक के मोबाइल पर कॉल की तो उसने किशोरी की हत्या करने की धमकी दी। आरोपी ने कहा कि यदि उसके पास बार-बार कॉल की तो वह किशोरी के टुकड़े-टुकड़े कर देगा। यह सुनकर किशोरी के पिता भयभीत हो गए और पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने आरोपी को खोज निकाला और किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। किशोरी का मेडिकल कराया जा रहा है। जल्दी ही किशोरी के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराए जाएंगे।

## एक नजर

### चार घंटे की नवजात को लेकर कोतवाली पहुंची दादी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** मायके और ससुराल वालों के बीच विवाद के चलते अस्पताल में जन्मी नवजात बच्ची को चार घंटे के बाद ही कोतवाली लेकर पहुंचना पड़ गया। दोनों पक्षों में आरोप-प्रत्यारोप के बीच पुलिस ने नवजात बच्ची को उसकी मां के पास पहुंचा दिया। दनकौर निवासी एक युवती की शादी लगभग एक साल पहले खरखौदा निवासी युवक से हुई थी। युवक राजस्थान के किशनगढ़ के एक बैंक में प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। शादी के बाद से महिला पति के साथ राजस्थान में रह रही थी।

चार माह पूर्व ताऊ की मौत के बाद गर्भवती महिला अपने मायके में रह रही थी। रविवार को महिला ने दनकौर के एक निजी अस्पताल में लड़की को जन्म दिया। मायके वाले और ससुराल वालों में संबंधों की खटास के कारण मायके वालों ने नवजात बच्ची को रखने से इंकार कर दिया। मायके वालों ने महिला के पति और उसकी मां को बुलाकर नवजात बच्ची उन्हें सौंप दी। चार घंटे बाद ही नवजात को लेकर उसकी दादी दनकौर कोतवाली पहुंची और पुलिस से मामले की शिकायत की। शिकायत मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात बच्ची को उसकी मां के पास पहुंचा दिया। पुलिस ने बताया कि नवजात बच्ची को उसकी मां भी रखने से इंकार कर रही है। समझा बुझाकर कन्या को उसकी मां के पास पहुंचा दिया गया है। दोनों पक्षों में आरोप- प्रत्यारोप जारी है।

### दहेज उत्पीड़न के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** फेज-दो थाने में सेक्टर-86 स्थित इलाहाबास गांव निवासी महिला के पिता ने दामाद समेत छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित ने ससुरालियों पर बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़ित मांगेराम ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बेटी श्वेता का विवाह फरवरी 2019 में भंगेल गांव निवासी वरुण के साथ किया था। शादी में अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। पीड़ित का कहना है कि शादी के कुछ समय बाद पुत्री ने पुत्र को जन्म दिया। आरोप है कि बच्चे के नामकरण संस्कार कार्यक्रम के दौरान ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज के रूप में ऑडी कार और भूखंड की मांग की। मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कुछ समय बाद बेटी गर्भवती हो गई, लेकिन ससुरालियों की मारपीट के चलते गर्भपात हो गया। परिवार को बचाने के चक्कर में बेटी प्रताड़ना झेलती रही। 23 मई को हुई पंचायत के बाद ससुरालियों ने उनकी बेटी को घर में घुसने से मना कर दिया। आरोप है कि दामाद उनकी बेटी के साथ शराब पीकर मारपीट करने लगा। तीन अक्तूबर को आरोपियों ने जाने से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर पति वरुण, ससुर राकेश, जेठ सुशील, गौरव, जेठानी मंजू और मीनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### 12 साल पुराने प्लॉट आवंटन पर कार्रवाई, बिना निर्माण वाले प्लॉट होंगे रद

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा में आवासीय प्लॉट मालिकों में हड़कंप मच गया है। नोएडा अथॉरिटी की 219वीं बोर्ड बैठक में यह बड़ा फैसला लिया गया है कि जिन आवंटियों ने 12 साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अपने प्लॉट पर निर्माण नहीं कराया है, उनके आवंटन रद कर दिए जाएंगे। यह बैठक नोएडा के नए चेयरमैन दीपक कुमार की अध्यक्षता में हुई, जिसमें कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। नोएडा अथॉरिटी ने साफ किया है कि जिन आवंटियों का निर्माण कार्य जारी है, उन्हें अगले छह महीने के भीतर कंप्लीशन सर्टिफिकेट लेना होगा। समयसीमा पूरी न होने पर नोएडा में ऐसे प्लॉट भी निरस्त कर दिए जाएंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के खाली पड़े औद्योगिक प्लॉटों के आवंटन रद करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि जिन औद्योगिक भूखंडों का आवंटन तीन साल पहले हुआ और अब तक निर्माण नहीं हुआ, उन्हें रद किया जाए। इसके बाद नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी, तीनों प्राधिकरण अब अपनी-अपनी क्षेत्रीय सूचियाँ तैयार कर रहे हैं।बैठक में एक समान नियमों के लिए यूनिफाइड पॉलिसी लागू करने का भी निर्णय लिया गया। इस पॉलिसी के तहत संस्थागत सीनियर सेकेंडरी स्कूलों और नर्सिंग होम योजनाओं में आवंटन इसी नीति के आधार पर होगा। साथ ही, सेक्टर-143 में लगभग 4,000 वर्गमीटर भूमि पुलिस विभाग को निशुल्क आवंटित करने का भी प्रस्ताव पारित हुआ, ताकि वहां नया पुलिस थाना बनाया जा सके और स्थानीय सुरक्षा को मजबूती मिले।

**खाली पड़े प्लॉटों पर अब नहीं मिलेगा एक्सटेंशन:** शहर के पुराने सेक्टरों में सैकड़ों आवासीय प्लॉट वर्षों से खाली पड़े हैं। कई प्लॉट ऐसे हैं, जिनका आवंटन 12 साल से पहले हुआ था, लेकिन आज तक निर्माण शुरू नहीं हुआ। अब अथॉरिटी ने ऐसे सभी प्लॉटों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इन पर किसी प्रकार का एक्सटेंशन नहीं दिया जाएगा, बल्कि आवंटन सीधा रद किया जाएगा।

**कूड़ा निस्तारण और बिल्डर प्रोजेक्ट पर भी हुई चर्चा:** बैठक में कूड़ा निस्तारण के मुद्दे पर भी अहम निर्णय लिया गया। सेक्टर-145 में 300 टन क्षमता वाला इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट स्थापित करने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई है। इसके लिए जल्द ही रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी किया जाएगा। इसी तरह, अमिताभ कांत पॉलिसी के तहत ऐसे 57 बिल्डर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की गई, जिन्हें पुनर्जीवित किया जा सकता था।

# बैंक क्लर्क की परीक्षा देने जा रहा आईआईएम इंदौर का टॉपर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेस-3 पुलिस ने सरकारी नौकरी (आईबीपीएस) की परीक्षा में फर्जी दस्तावेज तैयार कर परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देने वाले एक मुन्ना भाई को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त गुड़गांव की एक मल्टीनेशनल कंपनी एमएनसी में काम करता है। पकड़े गए मुन्ना भाई के पास से परीक्षार्थी के विभिन्न दस्तावेज, एक मोबाइल फोन, लैपटॉप 5 हजार रुपए नकद और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

एडिशनल डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैव्या गोयल ने बताया कि थाना फेस-3 पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि किसी परीक्षार्थी की जगह फर्जी दस्तावेज का उपयोग कर परीक्षा दी जा रही है। उक्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विश्व भास्कर पुत्र नन्दकिशोर को आदर्श परीक्षा केंद्र, सेक्टर-64, नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से परीक्षार्थी मोा. हत कुमार मीना के नाम पर एक मूल आधार कार्ड, एक प्रमाणित एडमिट कार्ड, आवेदन फार्म आईबीपीएस(6 वर्क), आधार कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति, आईबीपीएस से प्राप्त दस्तावेज (4 वर्क) और आधार कार्ड का क्यूआर स्कैन स्क्रीनशॉट व अभियुक्त की निशानदेही से 1 आईफोन, 1 एचपी लैपटॉप पोली स्टूडियो, 5 हजार रुपये नकद व 1 चार्जर व अभियुक्त के 2 आधार कार्ड बरामद किए गए है।

एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह विभिन्न सरकारी परीक्षाओं के परीक्षार्थियों से संपर्क कर उन्हें परीक्षा पास कराने का भरोसा दिलाता था और इसके लिए पैसे लेता था। इसके बाद वह परीक्षार्थी के नाम पर फर्जी/कूटरचित दस्तावेज (एडमिट कार्ड व आधार कार्ड) तैयार करने के बाद उन दस्तावेजों के आधार पर परीक्षार्थी की जगह परीक्षा में सम्मिलित हो जाता था। अभियुक्त ने आईआईएम इंदौर से एमबीए किया है व वर्तमान में गुड़गांव की एमएनसी में कार्य करता है।

# नए नोएडा के लिए मुआवजा की दरें एक साल बाद भी तय नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी और बुलंदशहर के 80 गांवों की जमीन पर बनने वाले नए नोएडा के मास्टर प्लान को शासन से मंजूर हुए एक साल हो गया। इसके बावजूद प्राधिकरण और जिला प्रशासन के अफसर जमीन अधिग्रहण के लिए मुआवजा दरें तय नहीं कर सके। इससे जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। दूसरी ओर, जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया तो शुरू नहीं हुई पर संबंधित गांवों में सरक. ारी जमीनों पर कॉलोनियां काटने का काम तेजी से चल रहा है। दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इंवेस्टमेंट रीजन (डीएनजीआईआर) के रूप में विकसित किया जाएगा। इसको नए नोएडा के नाम से जाना जाएगा। पिछले साल 18 अक्तूबर को शासन ने नए नोएडा के मास्टर प्लान-2041 को मंजूरी दे दी थी।

शासन की मंजूरी के बाद नोएडा प्राधिकरण ने इसका प्रकाशन करवा दिया। प्रकाशन एक तरह से सार्वजनिक सूचना होती है। उस समय अधिकारियों ने दावा किया था कि जनवरी-फरवरी 2025 तक मुआवजा दरें तय कर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया की शुरू कर दी जाएगी। मास्टर प्लान मंजूर होने के बाद नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोक. ेश एम सहित प्राधिकरण के कई अफसर संबंधित गांवों में जायजा लेने भी गए। जमीन अधिग्रहण होने के बाद ले आउट प्लान तैयार किया जाएगा। यह काम प्राधिकरण का नियोजन विभाग करेगा। नया नोएडा 209.11 वर्ग किमी में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। इसके लिए 80 गांवों की जमीन अधिग्रहीत की जाएगी। इस मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। यह मास्टर प्लान एसपीए (स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्ट) दिल्ली ने बनाया है। ये शहर वेस्ट यूपी का ग्रोथ इंजन होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है। खास बात यह है कि प्राधिकरण के अधिकारियों ने नए नोएडा को बसाने की शुरुआत नहीं की हो, लेकिन वहां कॉलोनाइजरों ने डेरा डाल दिया है। जमीनों पर कॉलोनियां काटी जा रही हैं। जमीनों के रेट तेजी से बढ़ रहे हैं। गांवों में भी खाली जमीन पर किसान रातों-रात निर्माण कर रहे हैं।

विशेष निवेश क्षेत्र के रूप में बसाया जाना है यह विशेष निवेश क्षेत्र के रूप में विकसित होगा इसके लिए केंद्र विंदु में औद्योगिक की संभावनाओं को ही रखा गया है। औद्योगिक ईकाईयां आएंगी तो उनमें काम करने वाले लोगों को रहने की जरूरत होगी यह देखते हुए आवासीय भू-उपयोग व आबादी की जरूरतो को पूरा करने के लिए भी वाणिज्यिक भूउपयोग चिन्हित किया गया है। अगर पूरे क्षेत्रफल में प्रतिशत के हिसाब से देखें तो 41 प्रतिशत में औद्योगिक, 18 प्रतिशत आवासीय, 17 प्रतिशत ग्रीनरी और रिएक्शनल, 15.5 प्रतिशत में सड़क, 9 प्रतिशत इंस्टीट्यूशनल और 4.5 प्रतिशत स्थान वाणिज्यक के लिए चिन्हित किया गया है।

कार्यालय भी नहीं खुल सका, कर्मचारी भी नहीं मिले शासन से प्राधिकरण के अधिकारियों ने संबंधित गांवों में जाकर अस्थाई कार्यालय के लिए जमीन देखी थी। ईस्टर्न पेरिफेरल के पास जहां वह सिंक्रदाबाद की तरफ निकलता है, वहां पर कार्यालय खोला जाना था लेकिन अभी तक यह भी नहीं खुल सका है। यही नहीं प्राधिकरण ने शासन से जमीन अधिग्रहण के लिए भूलेख व नियोजन विभाग से संबंधित तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, लेखपाल आदि कर्मचारी मांगे थे, जो अभी तक नही मिले है।

# प्लॉट दिलाने के नाम पर 60 लाख रुपये हड़पे

**नोएडा।** प्लॉट दिलाने का झांसा देकर 60 लाख रुपये हड़प लिए गए। रुपये वापस मांगने पर मारने की धमकी दी गई। बीटा-टू कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक बुलंदशहर के माधगढ़ गांव के रहने वाले इतेश पोसवाल को नोएडा और ग्रेटर नोएडा में एक प्लॉट की आवश्यकता थी। उन्होंने दादरी संगम विहार कॉलोनी में रहने वाले अनिल भड़ाना से मुलाकात की। अनिल भड़ाना ने उनकी मुलाकात गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी निवासी केदारनाथ राय उर्फ देवाशीष से कराई। उसने 375 गज का एक प्लॉट सेक्टर-55 नोएडा में दिखाया। प्लॉट पसंद आने पर 3 करोड़ 75 लाख रुपये में सौदा तय हो गया। बतौर बयाना 50 लाख रुपये केदारनाथ को दे दिया। 11 लाख 82 हजार 53 रुपये नोएडा प्राधिकरण का टीएम जमा करने को दिए।

# लिफ्ट का गेट खुलते ही अंदर फन फैलाए बैठा दिखा कोबरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सोचिए कि आप सोसाइटी की लिस्ट में घुसने की सोच रहे हैं और सामने नागराज विराजमान हो तो नजारा कैसा होगा। जी हां ऐसा ही एक घटना नोएडा के नामी सोसाइटी से सामने आया ह। जहां लिफ्ट खुलते ही लिफ्ट में कोबरा सांप बैठा हुआ था। जिसके बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गया। मामला नोएडा के सेक्टर 168 स्तिथ गोल्डन पाल्म सोसायटी का है।

जानकारी के मुताबिक रविवार को कुछ लोग सोसाइटी के लिफ्ट में चढ़ने के लिए खड़े थे जैसे ही लिफ्ट का दरवाजा खुला अंदर कोबरा सांप फन फैलाए बैठा हुआ था। कोबरा को देख लोगों में हड़कंप मच गया। सोसाइटी के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना सोसाइटी के मेंटेनेंस टीम को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मेंटेनेंस टीम सांप को पकड़ने



में जुट गई.मेंटेनेंस टीम ने बड़ी सूझबूझ के साथ सांप को पकड़ के एक कचरे के एक डिब्बे में डाला और उसे खुले स्थान पर छोड़ दिया। हालांकि इस तरह से सांप निकलने के बाद सोसाइटी के लोगों में लिफ्ट के अंदर जाने से डरने लगे है।

**लोगों में डर- लिफ्ट में सांप, किसी भी फ्लोर तक पहुंच सकता है:** सोसाइटी के लोगों का कहना है कि अगर लिफ्ट में सांप आ सकता है तो सोसाइटी में कहीं भी आ सकता है। इससे पहले भी सोसाइटी के अंदर सांप देखे गए हैं। बच्चे डर के मारे सोसाइटी में नीचे आने से डरते हैं। मालूम हो कि नोएडा में पहले ही सांप के अलग-अलग वीडियो सामने आ चुके हैं।

# डा. महेश शर्मा ने औरंगाबाद में जनसंपर्क एवं संगठन सशक्तिकरण अभियान को दी नई गति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के सांसद एवं पूर्व मंत्री डा. महेश शर्मा बिहार प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। जिसमें रविवार को आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी द्वारा औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में संगठनात्मक बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी की चुनावी रणनीतियों, संगठन सशक्तिकरण तथा कार्यकर्ता संवाद पर विस्तृत चर्चा की और कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। सांसद डा0 महेश शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के आधार होते है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास हुआ है।



इस क्रम में कुटुम्बा, रफीगंज, औरंगाबाद, एवं इमामगंज विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित बैठक में गौतमबुद्ध नगर सांसद एवं पूर्व मंत्री भारत सरकार डा0 महेश शर्मा ने बैठक की। जिसमें भाजपा के पूर्व सांसद श्री सुशील कुमार सिंह जी, जिलाध्यक्ष श्री बृजेंद्र चंद्रवंशी जी, जिला प्रभारी श्री मनोज कुशवाहा जी, गया जिले के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू जी, एवं जिला प्रभारी सिद्धनाथ मिश्रा जी सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

बैठकों में आगामी चुनाव को लेकर बूथ सशक्तिकरण, संगठन विस्तार, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुँचाने, तथा समाज के सभी वर्गों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने जैसे विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। इन बैठकों के अतिरिक्त सांसद डा0 महेश शर्मा ने देव (औरंगाबाद) स्थित पावन देव सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर के दर्शन कर प्रदेश एवं देश की उन्नति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री सुशील कुमार सिंह, देव के पूर्व उपप्रमुख श्री मनीष पाठक जी तथा अन्य समर्पित कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

वहीं, गया जिले के भाजपा पूर्वी मंडल डुमरिया में आयोजित महिला सदस्यता कार्यक्रम में सैंकड़ों महिलाओं ने भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण की। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में पूर्व सांसद श्री सुशील कुमार सिंह जी ने उपस्थित होकर सभी नव-निर्वाचित सदस्यों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई।

# रनाथन में 1400 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एपीजे विद्यालय ने रविवार को रनाथन का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य हम सब मिलकर कदम बढ़ाएं ताकि हर बच्चा आगे बढ़ सके था।

कार्यक्रम की शुरुआत जुम्बा अभ्यास से हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में गिनीज रिकॉर्डधारी मैराथन धावक मदन गोदारा शामिल हुए। उन्होंने धोती कुर्ता और चप्पलों में दौड़कर भारतीय संस्कृति को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का संदेश दिया।

प्रधानाचार्या डॉ. नेहा शर्मा ने इसे एक सामाजिक आंदोलन बताया, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, समावे. शिता और सहयोग को जोड़ता है। इस रेस में कुल 1400 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दौड़ की श्रेणियां 3, 5, 10 और 16 किमी में आयोजित की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नुक्कड़ नाटक और बैंड प्रस्तुतियों ने आयोजन को जीवंत बना दिया।

विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया गया। पांच किमी पुरुष वर्ग में प्रथम आर्यव्रत, द्वितीय अतुल और तृतीय हर्ष और महिला वर्ग में कामिनी, नैना, प्रियंका क्रमश: रहीं। 10 किमी महिला वर्ग में प्रथम गीता, द्वितीय शालिनी और तृतीय शैलेट रहीं। 16 किमी पुरुष वर्ग में धनंजय, आयुष, आमिर प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे और 16 किमी महिला वर्ग में सोना यादव, हेमलता, मीनाक्षी प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहीं। ये सभी परदादाख्रपरदादी एजुकेशन सोसाइटी, बुलंदशहर से थीं। इंडो गल्फ संस्था द्वारा स्वास्थ्य चिकित्सा सेवाएं भी प्रदान की गईं।

# फ्लैट के नाम पर आठ लाख रुपये हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बिल्डर पर फ्लैट देने के नाम पर आठ लाख रुपये हड़पने का लगाया है। पीड़ित खरीदार की शिकायत पर बिसरख कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नोएडा के सेक्टर-53 गिझौड़ गांव के रहने वाले फनिंद्रा सरकार ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गायत्री लाइफ प्रोजेक्ट में एक फ्लैट बुक किया था। बिल्डर ने दो से तीन साल में फ्लैट तैयार कर कब्जा देने का वादा किया था। पीड़ित ने कुल 14 लाख रुपये में फ्लैट बुक हुआ। फ्लैट की कीमत के सापेक्ष विभिन्न किस्तों में बिल्डर को आठ लाख रुपये का भुगतान कर दिया।

बीते साल नवंबर 2024 में पीड़ित को पता चला कि बिल्डर दिवालिया घोषित हो गया है। मामला एनसीएलटी में चला गया है। पीड़ित ने बिल्डर से रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी बिल्डर अखिलेश गुप्ता, जय किशन गुप्ता व फ्लैट दिलाने वाले अनुज चौधरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# किसानों की पदयात्रा अगले माह शुरू होगी

**नोएडा।** किसान एकता संघ द्वारा 21 नवंबर को पदयात्रा निक. ाली जाएगी। जेवर से शुरू होने वाली किसान अधिकार बचाओ पदयात्रा विभिन्न गांवों से होकर 24 नवंबर को यमुना प्राधिकरण के दफ्तर पर पहुंचेगी। इसके बाद महापंचायत कर आंदोलन का ऐलान किया जाएगा। यह निर्णय रविवार को हुई बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता बलजीत नागर और संचालन उम्मेद त्यागी ने किया। प्रदेश महासचिव सतीश कनारसी ने बताया कि प्रदेश सरकार और प्राधिकरणों का ध्यान किसानों की समस्याओं के समाधान की तरफ नहीं है। संगठन के जिलाध्यक्ष पप्पे नागर ने बताया कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए 21 नवंबर को जेवर से पदयात्रा शुरू की जाएगी।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर की जनता को संचारी रोगों से सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को सेक्टर-39 स्थित संयुक्त जिला अस्पताल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। वहीं 11 से 31 अक्टूबर तक घर-घर दस्तक अभियान चलेगा।

जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि जनपद में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और जनजागरूकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज जिला चिकित्सालय परिसर सेक्टर-39 में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक तथा घर-घर दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक जनपद में संचालित किया जाएगा। इन अभियानों का उद्देश्य संचारी रोगों की रोकथाम, समय पर पहचान एवं उपचार के साथ-साथ नागरिकों को स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी आदतों के प्रति जागरूक करना है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, आशा-आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों से जुड़े कार्मिकों को शामिल किया गया है। अभियान के अंतर्गत संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों, लक्षणों की पहचान तथा समय पर उपचार के महत्व को लेकर व्यापक जनजागरूकता फैलाने का



संकल्प लिया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति हमें संचारी रोग से ग्रस्त मिलता है, तो तत्काल उसको जिला अस्पताल भेज कर उपचार कराया जायेगा।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने, ठहरे हुए पानी को हटाने, मच्छरों के प्रजनन को रोकने, पीने के पानी को स्वच्छ रखने तथा नियमित रूप से हाथ धोने जैसी मूलभूत आदतों को अपनाने के लिए जनता को प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसहयोग और सामूहिक प्रयासों से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

इस अवसर पर चिकित्सकों ने भी नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार के बुखार, त्वचा पर दाने, सिरदर्द या उल्टी-दस्त जैसी समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच और उपचार कराएं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक सतर्कता और समय पर चिकित्सा से गंभीर बीमारियों को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा आने वाले दिनों में व्यापक जनसंपर्क, प्रचार-प्रसार और सामुदायिक सहभागिता के जरिए जिले में संचारी रोगों पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा।

# विद्युत चोरी को लेकर एक करोड़ 28 लाख की वसूली करने की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्य अभियंता विद्युत ज्ञान प्रकाश ने अवगत कराया है कि जनपद के अन्तर्गत बरेली शहर में पूर्व में कुछ व्यक्तियों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 के अन्तर्गत कटिया डालकर सीधे बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी, जिसके सापेक्ष विद्युत चोरी कर रहे व्यक्तियों द्वारा अभी तक राजस्व निर्धारण की धनराशि जमा नहीं की गयी है।

संदर्भित प्रकरण में सम्बन्धित व्यक्तियों के विरुद्ध वसूली अधिनियम 1958 की धारा धारा-5 नोटिस (आरसी) भी निर्गत की जा चुकी है। कुल वसूल की जाने वाली धनराशि 01 करोड़ 28 लाख से ज्यादा है।

जिन लोगों की आरसी जारी की गयी है, उसमें वसीम खान पुत्र हाजी मुल्ला लियाकत, सुर्खा बानखाना बरेली की 15,39,046.00 रूपए की आरसी, मोनीश खान पुत्र हसन मियां, सुर्ता बानखाना, बरेली की 22,29,709.00 रूपए की आरसी, बरकान रजा खान पुत्र बाबू खान, सुर्खा बानखाना, बरेली की 37,32,339.00 रूपए की आरसी, गुलाम नवी पुत्र सरवर अली, गद्दीवाला चक महमूद, थाना बारादरी, बरेली की 26,57,065.00 रूपए की आरसी तथा अमन रजा खान पुत्र मोहम्मद नदीम सुर्खा बानखाना, बरेली की 26,92.628.00 रूपए की आरसी जारी की गयी है।

विद्युत विभाग की राजस्व बढ़ोत्तरी के लिए शीघ्र वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

# चचेरे भाई ने पीट-पीटकर बेरहमी से ली बहन की जान

■ **रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी परिवार सहित फरार**


मृतक शिवानी का फाइल फोटो।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बहेड़ी थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपनी चचेरी बहन को बेरहमी से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव पिंदारी अभयचंद्र में युवक रिंकू ने अपनी चचेरी बहन शिवानी (20) को मामूली विवाद में पीट-पीटकर मार डाला। शिवानी मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत स्थानीय अग्निशमन केंद्र में प्रशिक्षण ले रही थी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इससे पहले ही आरोपी पक्ष घर पर ताला डालकर भाग गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, शिवानी अपनी बहन रीना के साथ बुधवार शाम पांच बजे गांव के बाहर गौशाला से घर लौट रही थी। किसी बात को लेकर शिवानी का उसके चचेरे भाई रिंकू से विवाद हो गया। मामूली विवाद में ही रिंकू ने शिवानी को अपने घर में खींच लिया।

रीना ने बताया कि रिंकू ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर शिवानी को इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। उसका आरोप है कि उसने शिवानी को बचाने की को.शिश की तो उसे भी दरांती मारकर घायल कर दिया। बाद में आरोपी व उसके परिजन अंतिम संस्कार का दबाव बनाने लगे, लेकिन सूचना मिलने पर पुलिस आ गई, और शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

पोस्टमॉर्टम में पेट में अंदरूनी चोटों की वजह से मौत की पुष्टि हुई है। मृतका के परिजनों का आरोप है कि घटना के चार दिन बाद भी पुलिस ने कार्रवाई के नाम पर सिर्फ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। नामजद आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### बीए अंतिम वर्ष की छात्रा थी शिवानी

शिवानी बीए तृतीय वर्ष की मेधावी छात्रा थी।

अग्निशमन केंद्र प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि उसके अंदर कुछ बड़ा करने की ललक थी। प्रशिक्षण के दौरान उसकी कई बार प्रशंसा भी की गई थी।

## एक नजर

### शिक्षक दिवस पर सम्मानित किए गए शिक्षक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के आर्य कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी में रविवार को शिक्षक दिवस के मौके पर क्षेत्र के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षक को समाज का निर्माता बताया गया।



कॉलेज में आयोजित समारोह का आरएसएस के शशांक भाटिया ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि शिक्षक का दायित्व है कि वह छात्र के मन में राष्ट्रवाद का भाव जागृत कर उन्हें देशभक्त बनाएं। संस्थान के चेयरमैन व विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने कहा कि शिक्षक समाज का निर्माता है, वह अपने विद्यार्थी को जिस ओर मोड़ना चाहे मोड़ सकता है। उन्होंने शिक्षकों से अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने का आवाहन किया। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने राष्ट्रपति, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षकों के साथ ही क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के दर्जनों शिक्षकों को सम्मानित किया। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष के पति नीरेंद्र सिंह राठौर, संस्थान के प्रबंध निदेशक उदित गंगवार, संस्थान के डायरेक्टर जनरल डॉक्टर आनन्द कुमार पाठक, डायरेक्टर डॉक्टर विकास रस्तोगी, हरपाल गंगवार, अरविन्द राठौर, रजनी गंगवार, अशारुलहक, मो० साहिब, अविनाश, आकांक्षा वर्मा आदि मौजूद रहे।

### कमरा दिलाने के बहाने दस्तखत कराकर उड़ाया दो लाख का लोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** एक व्यक्ति ने अपने ही गांव के एक व्यक्ति पर फर्जी तरीके से अपनी और अपनी पत्नी की कृषि भूमि बंधक रखकर बैंक से लोन लेने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई थी। जिसके बाद एसएसपी के आदेश पर थाना देवरनियां में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है।

थाना शेरगढ़ के गांव सिसौना निवासी हीरालाल पुत्र नत्थू लाल ने आरोप लगाया है कि सिसौना गांव निवासी रमेश चन्द पुत्र ख्याली राम ने उनसे कमरा दिलाने के बहाने दस्तखत कराए थे, और उन्हीं का इस्तेमाल कर सन 2014 में बैंक ऑफ बड़ौदा सेमीखेड़ा से दो लाख रुपये का लोन निकाल लिया। पीड़ित ने बताया कि उन्हें 19 अगस्त 2025 को बैंक ऑफ बड़ौदा सेमीखेड़ा से लोन की जानकारी मिली, जबकि उन्होंने ऐसा कोई लोन नहीं लिया है। पीड़ित ने बताया कि वह अपने गांव में रहते हैं, और उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी कि उनके नाम पर लोन लिया गया है।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि रमेश चन्द ने उनके और उनकी पत्नी कान्ती देवी के फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंक से लोन निकाल लिया। पीड़ित ने बताया कि उनकी जमीन गाटा संख्या 125, 111 और 184 में उनके द्वारा कोई लोन नहीं लिया गया है। पीड़ित ने बताया कि वह अपनी जमीन की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं, और वह चाहते हैं कि आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पीड़ित ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई थी। जिसके बाद देवरनियां पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है, और पीड़ित को न्याय दिलाने का प्रयास कर रही है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, और कहा है कि वह अपनी जमीन की सुरक्षा के लिए न्याय चाहते हैं।

कोतवाली प्रभारी अशुतोष द्विवेदी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

### मौलाना तौकीर के आठ सिपहसालारों का खोला गया एलआईयू निगरानी कार्ड


अनीस सकलैनी, नदीम खान, साजिद सकलैनी, एहसानुल हक, अफजाल बेग, मुनीर इदरीसी व अल्तमश (बाएं से)।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बवाल के मामले में पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा के आठ सिपहसालारों का एलआईयू निगरानी कार्ड खोल दिया है। पुलिस के मुता.बिक इन आरोपियों की भीड़ जुटाने और बवाल कराने में अहम भूमिका थी।

शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद पुलिस ने इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा के आठ सिपहसालारों का एलआईयू निगरानी कार्ड खोल दिया है। बवाल में अहम भूमिका निभाने वाले इन आरोपियों और इनके करीबियों की खुफिया जांच के बाद फाइल खोली जाएगी। इसके बाद ये सभी ताउम्र स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) की निगरानी में रहेंगे।

पुलिस के मुताबिक मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद शहर में जुटी भीड़ ने बवाल किया था। इस दौरान पुलिस टीम पर पथराव व फायरिंग भी की गई थी। पुलिस की एंटी राइट गन व एक वायरलेस सेट लूट लिया गया था। इस दौरान 22 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। शहर में 10 स्थानों पर उपद्रवियों और पुलिस के बीच झड़प हुई थी। इस मामले में पुलिस अब तक मौलाना तौकीर रजा समेत 84 आरो.पियों को जेल भेज चुकी है। इनमें तीन को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस जांच के दौरान सामने आया है कि 26 सितंबर को भीड़ जुटाने और बवाल कराने में मौलाना के खास सिपहसालार डॉ. नफीस, नदीम खान, अफजाल बेग, पार्षद अनीस सकलैनी, मीडिया प्रभारी मुनीर अहमद उर्फ मुनीर इदरीसी, अल्तमश रजा, मौलाना एहसान उल हक चतुर्वेदी और साबिक जमाल खां की अहम भूमिका रही। यह आरोपी पहले भी ऐसे प्रदर्शन करते रहे हैं, जिनसे शहर की शहर की कानून व्यवस्था और सां.प्रदायिक माहौल खराब हो सकता था। ऐसे में अब इनको ताउम्र पुलिस के साथ-साथ खुफिया निगरानी में रहना होगा।

### खुफिया इकाई कुंडली खंगालने में जुटी, खोली जाएगी फाइल

कार्ड खोले जाने के बाद खुफिया इकाई आरोपियों, उसके परिवार और करीबियों की कुंडली खंगालने में जुट गई है। इसके बाद आरोपियों की फाइल खोली जाएगी। खुफिया इकाई उन लोगों का कार्ड और फाइल खोलती है, जो कम से कम पांच वर्षों से सक्रिय हों, और सरकार के फैसलों को लेकर लगातार ऐसे विरोध-प्रदर्शनों का आयोजन करते रहे हों, जिनसे सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने या दंगा होने की आशंका रहती हो।

ऐसे मामलों में खुफिया इकाई कार्ड खोलते हुए एसएसपी को रिपोर्ट भेजती है। एसएसपी के स्तर से रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाती है। इसके बाद फाइल खोली जाती है। फाइल खुलने के बाद संबंधित व्यक्ति जब तक जीवित रहता है, तब तक पुलिस के साथ-साथ खुफिया इकाई भी उसकी और उसके करीबियों की निगरानी करती है।

# रामलीला मंचन के पात्रों से अभद्रता करने वाले गए जेल

■ **सीएम के फोटो के साथ छेड़छाड़ करने वाली युवती को थाने से मिली जमानत**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** रामलीला रथ से कस्बे का भ्रमण कर रहे रामलीला मंचन के पात्रों से अभद्रता करने वाले दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया।

वर्तमान समय में कस्बे में चल रहे दशहरा मेले में रामलीला मंचन चल रहा है। रामलीला मंचन के कलाकार प्रतिदिन शाम को रामलीला सोसायटी के रथ से भगवान राम, लक्ष्मण व हनुमान के स्वरुप में बैंड बाजे के साथ कस्बे का भ्रमण करते हैं। शनिवार की शाम वह कस्बे का भ्रमण कर वापस लौट रहे थे कि शेरों वाली बगिया के पास पहुंचने पर वहां मौजूद मोहम्मद जाकिर उर्फ राजा निवासी नई बस्ती व मोहम्मद आरिफ निवासी मोहल्ला प्रेम नगर ने उनसे अश्लील इशारे कर गाली गलौज करते हुए अभद्रता पर उतारु हो गए। यह देख आस पास के लोग आए तो वह दोनों युवक भाग खड़े हुए। घटना की रिपोर्ट रामलीला सोसायटी के कोषाध्यक्ष शैलेश चन्द्र उर्फ मनोज शर्मा की ओर से थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी थी। जिसपर रविवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रात में ही उन दोनों को पकड़ लिया था, जिन्हें रविवार को जेल भेज दिया गया।

**मुख्यमंत्री के फोटो से छेड़छाड़ करने वाली युवती को थाने से मिली जमानत**

एक दिन पहले कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो के साथ छेड़छाड़ कर इसे सोशल मीडिया पर वायरल करने वाली क्षेत्र के गांव बुखारपुर की झाझन लाल की पुत्री सोनिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने से ही जमानत देकर रिहा कर दिया गया।

# स्कार्पियों की टक्कर से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत

■ **मोटरसाइकिल से रोड क्रॉस करने के दौरान हुआ था हादसा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक तेज रफ्तार स्कार्पियो कार ने रोड क्रॉस कर रहे एक मोटरसाइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में घायल युवक को इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत होने पर उसके घर में कोहराम मच गया।

जानकारी के मुताबिक ग्राम रुड़की निवासी संजीव कुमार पुत्र लाल सिंह उम्र 30 वर्ष, शनिवार की सुबह मोटरसाइकिल से बहेड़ी किसी काम से आया था। जब वह मोटरसाइकिल से मोहम्मदपुर चौराहा क्रॉस कर रहा था, तब किच्छा की तरफ से तेज गति से आ रही एक स्कॉर्पियो कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर से संजीव बुरी तरह घायल हो गया, और उसकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद राहगीरों की मदद से उसे नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे बरेली रेफर कर दिया। बरेली के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बरेली पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक संजीव कुमार की पांच साल पहले शादी हुई थी। मृतक अपने पीछे तीन पुतत्रियां छोड़ गया है, जबकि उसकी पत्नी 9 माह के गर्भ से है। संजीव की मौत पर गांव में सन्नाटा छा गया और उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने स्कॉर्पियो कार थाने लाकर खड़ी कर चालक को हिरासत में ले लिया है।

# सीएम योगी की फोटो के साथ छेड़छाड़ करने वाले दो युवकों को भेजा जेल

■ **देवरनियां पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों में फैली दहशत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के गांव इटौआ और गांव गोपालपुर निवासी दो युवकों द्वारा सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो के साथ छेड़छाड़ कर उसे सोशल मीडिया पर शेयर करने के मामले में देवरनियां पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। देवरनियां पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से इलाके के अपराधियों में दहशत फैल गई है।

कोतवाली देवरनियां के गांव इटौआ निवासी आसिफ सैफी पुत्र भूरे सैफी और गांव गोपालपुर निवासी इमरान पुत्र बाबू अली ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ छेड़छाड़ करते हुए अपनी फेसबुक आईडी पर शेयर की थी, और स्टेट्स लगया था। इस मामले को टियूट कर कार्रवाई की मांग की गई थी। जिसका देवरनियां पुलिस ने तुरंत संज्ञान लेते हुए दोनों युवकों के



खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। देवरनियां पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों में दहशत फैल गई। देवरनियां थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस टीम जिसमें एसएसध्आई नवदीप सिंह, एसआई सुरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल राजीव कुमार शामिल थे, गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा है कि माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि उनकी पुलिस टीम आगे भी अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि वह हमेशा जनता की सुरक्षा और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए तत्पर रहेंगे। उनकी पुलिस टीम ने जनता से अपील की है कि वे अपराध के खिलाफ लड़ने में पुलिस का साथ दें। उन्होंने बताया कि जनता का सहयोग पुलिस के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और इससे अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलती है।

### जनता का सहयोग महत्वपूर्ण

थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने जनता से अपील की है कि वे अपराध के खिलाफ लड़ने में पुलिस का साथ दें। उन्होंने कहा कि जनता का सहयोग पुलिस के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इससे अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि जनता की जानक.ारी से पुलिस को अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलती है, और इससे अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# गोसेवा आयोग के सदस्य ने सीबीगंज स्थित गौशाला का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के सदस्य रमाकान्त उपाध्याय ने रविवार को जनपद बरेली के सीबीगंज स्थित गौशाला का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में गोवंशों की देखभाल, हरा चारा, स्वच्छ पानी तथा साफ-सफाई आदि व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीमार व असहाय गोवंशों की विशेष देखभाल सुनिश्चित की जाए, तथा उनकी चिकित्सा व्यवस्था समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नर व मादा गोवंशों को अलग-अलग रखा जाए, साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि गोवंशों के बच्चों को अलग रखा जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि गोसेवा न केवल हमारी संस्कृति का हिस्सा है, बल्कि मानवता का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा गौशालाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रत्येक गोवंश तक पहुंचना चाहिए। इस अवसर पर गौशाला पालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दूसरे दिन भी रजा पैलेस पर गरजा बुलडोजर, जमींदोज हुआ बारात घर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा के करीबी नफीस खान के बारात घर रजा पैलेस को रविवार को पूरी तरह हुआ ध्वस्त कर दिया गया। विगत दिवस किला क्षेत्र के जसोली में नफीस खान के बारात घर रजा पैलेस को ध्वस्त करने की कार्यवाही बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा शुरू हुई थी, जो आज दूसरे दिन भी चलती रही। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगातार 6 घंटे बुलडोजर गरजते रहे, और पूरे बारात घर के जमींदोज होने के साथ ही कार्यवाही समाप्त हुई।

बरेली बवाल के मामले में आरोपी नफीस के बारात घर पर बीडीए की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। बीडीए की टीम ने रविवार सुबह करीब 10 बजे से दो बुलडोजरों से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कराई।

■ **भारी पुलिस बल की मौजूदगी में संपन्न हुई कार्रवाई**

बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने जखीरा मोहल्ले में मौलाना तौकीर रजा खां के करीबी नफीस के बारात घर को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रखी। बीडीए की टीम पुलिस बल के साथ रविवार सुबह करीब 10 बजे यहां पहुंची, और दो बुलडोजरों से बारात घर पर कार्रवाई शुरू कराई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

बीडीए के संयुक्त सचिव दीपक कुमार ने बताया कि रजा पैलेसे नाम के इस बारात घर के लिए कोई मानचित्र स्वीकृत नहीं था। मकान के मानचित्र में ही बारात घर का संचालन किया जा रहा था। बारात घर मालिक को 2024 में नोटिस दिया गया था। नोटिस देने के बाद भी जब उन्होंने कोई नक्शा स्वीकृत नहीं कराया तो इसके बाद बीडीए ने कार्रवाई को आगे बढ़ाया। अब जब कार्रवाई हुई है तो मौके पर कोई मानचित्र या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया जो इसकी वैधता को साबित करता हो।

26 सितंबर को आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर के बुलावे पर जुटी भीड़ ने पुलिस टीम पर पथराव और फायरिंग की थी। इसके बाद आरोपियों पर कार्रवाई का सिल.सिला जारी है। इसी क्रम में नफीस के बारात घर को बीडीए ने ध्वस्त कर दिया। नफीस वही है, जिसने किला के इंस्पेक्टर को हाथ काटने की धमकी दी थी। इस मामले में भी उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

### आवासीय नक्शे पर बना था बारात घर

आवासीय नक्शे पर बनाए गए अवैध बारात घर (रजा पैलेस) को जमींदोज करने के लिए सात मजदूरों ने घन भी चलाए गए। दोपहर एक बजे से शुरू हुई कार्रवाई शाम सात बजे तक चली। बीडीए के अफसरों ने बताया कि वर्ष 2024 में ही नफीस को पहला नोटिस दिया गया था। पांच माह पहले ही बारात घर के ध्वस्तीकरण का आदेश हो गया था, जिसे अब अमल में लाया गया है।

### सील किया गया फरहत का मकान अवैध

मौलाना तौकीर रजा को पनाह देने वाले फरहत का फाइक एन्क्लेव स्थित मकान को बीडीए ने शनिवार को सील कर दिया। बीडीए के अफसरों के मुताबिक, फरहत का मकान अवैध तरीके से बनाया गया है।

कार्रवाई के दूसरे दिन मकान के आसपास सन्नाटा पसरा रहा। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने बताया कि फरहत का परिवार यहां करीब पांच-छह साल से रह रहा है।

हालांकि परिवार के बारे में वह ज्यादा नहीं जानते। उनका कहना है कि बवाल के दोषियों पर कार्रवाई की जाए। निर्दोषों को परेशान न किया जाए।

### पहले दिन छह घंटे तक चले थे चार बुलडोजर

शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद आरोपियों के खिलाफ बीडीए, नगर निगम और पुलिस प्रशासन कार्रवाई कर रहा है। शनिवार को मौलाना तौकीर रजा खां की पार्टी के महासचिव व प्रवक्ता नफीस के जखीरा स्थित बारात घर रजा पैलेस पर करीब छह घंटे तक बीडीए के चार बुलडोजर चलते रहे। बीडीए के मुताबिक रजा पैलेस का निर्माण अवैध तरीके से किया गया था।

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, चाचा भतीजे घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** गांव जयनगर का रहने वाला आकाश गंगवार अपने भतीजे रुद्रांश के साथ पीलीभीत से बाइक से अपने घर लौट रहा था कि ग्राम इनायतपुर के पास विपरीत दिशा से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों चाचा भतीजे घायल हो गए।ग्राम के दीपक गंग.वार ने इस मामले में कार चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि बाइक में टक्कर मारने के बाद कार दूसरी कार से भिड़ गई, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

### हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# रामपुर की राजनीति में हो सकता है बड़ा उलटफेर


**■ सपा और कांग्रेस के बड़े नेता बदल सकते हैं अपनी पार्टियां**

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले में एक बड़ा फेरबदल होने की सम्भावना बनी रही है जिसके होने के बाद बहुत बड़ा खेल देखने को मिल सकता है।

जी हां रामपुर में एक बड़ा मामला होने की सम्भावना बनी रही है लोगों में एक बड़ा अनुमान लगाया जा रहा है कि समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता मोहम्मद आजम खां और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक संजय कपूर अपनी अपनी पार्टी से निकलकर दूसरी पार्टियों में जा सकते हैं। जी हां आपने सही सुना है दोनों ही बड़े नेता दूसरी पार्टियों की नांव में





सवार हो सकते हैं। बताते चले कि जिस दिन से मोहम्मद आजम खां जेल से रिहा होकर आये हैं उससे पहले से ही आजम खां के दूसरी पार्टी में जाने के अटकलें लगाई जा रही थी यहां तक कि बसपा में शामिल होने तक का अनुमान लगाया गया था कि बसपा की लखनऊ में आयोजित होने वाली 9 अक्टूबर को होने वाले समारोह में आजम खां बसपा में शामिल होंगे। जिस पर आजम खां ने रिहाई के बाद घर पहुंच कर अपने पहले बयान में साफ साफ कह दिया था कि वह बसपा में शामिल नहीं होंगे और जो लोग कह रहे हैं वहीं इसका मतलब बताएंगे।

लेकिन आजम खां और अखिलेश में बात नहीं बनने से अभी भी आजम खां समाजवादी पार्टी से दूरी बनाते दिख रहे हैं। हालांकि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजम खां से मिलने के लिए रामपुर आने का समय 8 अक्टूबर तय किया है। लेकिन इस बीच आजम खां के काफी बयान सामने आ रहे हैं जिसमें वह अखिलेश यादव से नाराज दिखाई दे रहे हैं।

हालांकि अखिलेश यादव के सवालों पर आजम खां स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे हैं लेकिन हर बार यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि मेरे अच्छे दोस्त मुलायम सिंह यादव थे और उन्हीं की वजह से मैं अभी तक अखिलेश यादव के साथ दिख रहा हूं। और वह बड़े लोग हैं इसलिए उनके पास मुझ छोटे से इंसान के पास आने का वक्त नहीं है मैं बहुत छोटा सा मामूली इंसान हूं। अखिलेश यादव द्वारा रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी को आगे बढ़ाने से भी आजम खां काफी नाराज हैं। इसी बीच एक नया मामला सामने आया दिखाई दे रहा है कि अखिलेश यादव के रामपुर दौरे के बाद रामपुर की सियासत में एक बड़ा उलटफेर हो सकता है। जी हां समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खां का कांग्रेस पार्टी तथा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और बिलासपुर विधानसभा के पूर्व विधायक संजय कपूर समाजवादी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। क्योंकि जब से रामपुर में कांग्रेस के नये जिलाध्यक्ष बनने के बाद रामपुर में कांग्रेस दो भागों में बंटी हुई दिखाई दे रही है। जिसके परिणामस्वरूप दोनों गुटों द्वारा सारे कार्यक्रम अलग-अलग लगातार होते दिखाई दे रहे हैं। इसी चीज को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है इसलिए यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

हालांकि इस मामले को अभी साफ तौर पर क्लीयर नहीं कर सकते लेकिन अनुमान का खुलासा अखिलेश यादव के रामपुर आने के बाद ही हो पायेगा।

## सैफनी पुलिस ने मारपीट के आरोपी को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ताजपुर बेहटा निवासी विवेक पुत्र शेर सिंह को छुरे के साथ पकड़कर थाने लाया गया ओर दिनांक 4 अक्टूबर को विवेक पुत्र शेर सिंह वादी को देखकर गाली गलौच करना लातों घुसो से मारपीट करना तथा आरोपी द्वारा अपने घर में घुसकर छुरा निकाल लाना तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में तहरीर उपलब्ध कराई गई। जिसके आधार पर थाना सैफनी पर मु.अ.सं.188/2025 धारा 115(2) बी एन एस व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा आरोपी को पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की।

## महिला से छेड़छाड और धमकाने के मामले में बाजार के पूर्व ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के मानपुर उत्तरी में दरगाह पर हाजिरी देने के दौरान महिला के साथ छेड़छाड़ करने पर पुलिस ने बाजार के ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उत्तराखंड के बाजपुर थाना क्षेत्र के गांव की महिला मानपुर उत्तरी में कर्बला मैदान स्थित गांठी शाह बाबा के मजार पर जाकर हाजिरी दिया करती थी 2 अक्टूबर को भी महिला हाजिरी देने के लिए यहां पहुंची तो मानपुर उत्तरी के एक व्यक्ति ने उसे रोक कर छेड़खानी की और मोटरसाइकिल पर बैठाकर छोड़ने की बात कही जिस पर महिला उत्तेजित हो गई और दोनों में विवाद हो गया। इस मामले की शिकायत पुलिस में की गई पुलिस ने मामले में जांच की और कोतवाली पुलिस ने इस मामले में मानपुर उत्तरी निवासी बाजार के पूर्व ठेकेदार इसरार पुत्र नन्हे शाह के खिलाफ संबंधित धाराओं में रविवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है और विवेचना शुरू कर दि है चौकी प्रभारी अजय शुक्ला ने बताया की जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## आवारा कुत्तों पर अंकुश का वादा अधूरा, पालिका की लापरवाही से पांच वर्षीय मासूम घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नगर पालिका प्रशासन की ढिलाई एक बार फिर उजागर हो गई है। आवारा कुत्तों की बढ़ती दहशत पर अंकुश लगाने की बात सिर्फ कागजों तक सिमटकर रह गई है। बीते 28 सितम्बर को सभासदों ने पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन देकर अभियान चलाने की मांग की थी। उस वक्त तत्काल कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया था, लेकिन हकीकत में अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया।

इसी लापरवाही का नतीजा शनिवार की शाम को सामने आया, जब दायमपुरा निवासी सलीम का पाँच वर्षीय पुत्र आवारा कुत्तों का शिकार बन गया।

खुलेआम घूम रहे कुत्तों ने अचानक मासूम पर हमला कर उसे



गंभीर रूप से घायल कर दिया। बच्चे के घायल होने की खबर से क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश फैल गया।

लोगों का कहना है कि पालिका प्रशासन बार-बार आश्वासन देता है, लेकिन धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आता। नागरिक रोजमर्रा की जिंदगी भय के साए में जीने को विवश हैं।

आक्रोशित नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही आवारा कुत्तों की धरपकड़ का ठोस अभियान नहीं चलाया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## मिलक खानम पुलिस ने मोबाइल बरामद कर स्वामी को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक खानम।** थाना मिलक खानम पुलिस ने सी.ई.आई.आर. पोर्टल के माध्यम से एक मोबाइल फोन बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सी.ई.आई.आर. पोर्टल को संचालित कर क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे के पर्यवेक्षण में थाना मिलक खानम निशा खटाना के नेतृत्व सी.ई.आई.आर. पोर्टल प्रचलित किया गया जिसके माध्यम से एक मोबाइल वीवो वाई 28 बरामद कर फोन स्वामी अभिषेक कुमार के सुपुर्द किया गया। फोन स्वामी ने फोन पा कर पुलिस का धन्यवाद किया।

बरामद करने वाली टीम में का. रजनीश कुमार, मनोज कुमार, आकाश कुमार आदि मौजूद रहे।

## एएसपी ने थाना मिलक खानम का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक खानम।** पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मिलक खानम का आकस्मिक निरीक्षण कर कर्मचारियों से गोष्ठी की गई। इस दौरान कानून शान्ति व्यवस्था मिशन शक्ति अभियान 5 को सम्बंध ने दिशा निर्देश दिए इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मिलक खानम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने दस्तावेज एवं उनके रख रखाव उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चेक किया गया साथ ही थाने में बने बैरक, मालखाना आदि की साफ सफाई को चौक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान अपराध नियंत्रण कानून, शान्ति व्यवस्था तथा



अपराध रजिस्टर,त्योहार रजिस्टर, आई जी आर एस रजिस्टर, आर्डर बुक, जन शिकायती रजिस्टर, माल मुकदमाती रजिस्टर, मिशन शक्ति रजिस्टर व अन्य अभिलेखों एवं थाना परिसर में बने थाना कार्यलय, साइबर हेल्प डैस्क, सीसी टीएन एस कक्ष, मेस व विवेचना कक्ष को चौक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देशित दिये गए।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे सहित कोतवाली प्रभारी निशा खटाना व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## कूमल लगाकर सोने चांदी के आभूषण किए चोरी

**■ एक रात में बंद पड़े घरों को चोरों ने बनाया निशाना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कूमल लगाकर बक्से में रखें सोने चांदी के आभूषण चोरी। चोरों के हौसले बुलंद है एक ही रात में दो घरों को बनाया निशाना। दोनों घरों के परिवार घर से बाहर रहकर मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं।

शुक्रवार 3 अक्टूबर की रात्रि को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवरी बुजुर्ग के मझरा प्यारे पुर में चोरों ने दो घरों को बनाया अपना निशाना जिसमें दोनों घरों में दीवार में कूमल लगाकर सोने चांदी के आभूषण चोरी।

रविवार 5 अक्टूबर 2025 को देवरी बुजुर्ग का मझरा प्यारे पुर निवासी



धर्मपाल पुत्र कृपाल सिंह ने थाना मिलक में तहरीर दी जिसमें चोरी किए गए सामान की पुलिस को सूचना दी है जिसमें लिखा है कि पीड़ित अपने परिवार के साथ घर से बाहर मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता हैं।

शुक्रवार 3 अक्टूबर को सूचना मिली कि मेरे घर में कूमल लगाकर रात में कुछ लोगों ने चोरी कर ली तब शनिवार को अपने घर आया और देखा कि घर मे रखा समान जिसमें एक सोने की अंगूठी, पैर की पायल, सोने की कुंडल, गले की तीन चांदी की चेन थी जो चोरों ने घर के पीछे खाली पड़ा खेत से दीवार में कूमल लगाकर उक्त सामान को चोर चोरी करके अपने साथ ले गए।

पीड़ित बहुत गरीब है जो कि अपने परिवार के साथ घर से बाहर रहकर मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता है। पीड़ित ने चोरों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है । चोरी की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सिलईबड़ा गांव जोर सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने का पीड़ित को आश्वासन दिया।

## कलश यात्रा निकालकर बाबा जाहरवीर के मंदिर पर किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के खुशहालपुर में महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर बाबा जाहरवीर के मंदिर पर किया जलाभिषेक।

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महिलाओं ने खुशहालपुर में कलश यात्रा निकालकर बाबा जाहरवीर के मंदिर पर जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना की।

रविवार को खुशहालपुर के जाहरवीर मंदिर पर पहले महिलाओं ने पूजा अर्चना की और उसके बाद पीले वस्त्र धारण कर सिरों पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए पट्टी कला कोसी नदी पहुंची और कोसी नदी से जल



भरकर पैदल ही खुशहालपुर के लिए चल पड़ी।

रहमतगंज समेत आसपास के गांव में जिधर से कलश यात्रा गुजरी कलश यात्रा में शामिल महिलाओं का पुष्प बरसा कर और जलपान कराकर स्वागत किया गया महिलाएं मंगल गीत गाते हुए चल रही थी जैसे ही कलश यात्रा गांव के मुख्य द्वार पर पहुंची ग्रामीणों ने कलश यात्रा का जमकर स्वागत किया और बाबा जाहरवीर के नारे लगाए महिलाओं ने पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और मन्नते मांगी। ओर भंडारे का आयोजन भी गया। इस मौके पर कलश यात्रा के साथ टीकाराम, राजेंद्र, कृष्ण गोपाल, विक्की, पवन, संजीव कुमार, सुशील कुमार, पुष्पा, गंगा देवी, मीणा, रीना, सुशीला, चंचल, सुनीता, सरोज, कमल, राखी, सनम, राधा आदि महिलाएं शामिल रही।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान

**■ शहर विधायक ने जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह की उपस्थिति में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के परिसर से प्रात: 11:30 बजे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान का शुभारंभ करते हुए जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

रैली मुख्य मार्ग से होते हुए कार्यालय जिला मलेरिया अधिकारी में सम्पन्न हुई। इस दौरान शहर विधायक ने अभियान के सफल कियान्वयन हेतु सभी को संचारी रोगों पर नियंत्रण हेतु शपथ दिलाई।

उन्होंने बताया कि जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (5 से 31 अक्टूबर 2025) एवं दस्तक अभियान (11 से 31 अक्टूबर 2025) का सफल क्रियान्वयन किया जाना है। संचारी रोगों पर नियंत्रण हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जानकारी दी गई।

मा. शहर विधायक ने कहा कि अपने गांव एवं मोहल्ले के वातावरण को स्वच्छ रखें तथा समुदाय को साफ-सफाई और स्वच्छता अपनाने के लिये प्रेरित करें। घर के आस-पास साफ सफाई रखें। आस-पास के क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित होगा तो उसके परिवार को तुरन्त इलाज के लिये सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करें।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत ग्रामों/मोहल्लों में



संचारी रोगों की रोकथाम हेतु साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, कचरे का निस्तारण, झाड़ियों की कटाई, लार्वानिरोधक रसायन का छिड़काव, फॉगिंग तथा संचारी रोगों से ग्रसित व्यक्तियों की पहचान कर उनके उपचार की व्यवस्था की जायेगी।

दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा तथा आँगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा बुखार के रोगियों की सूची, आई.एल. आई. रोगियों की सूची क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुष्ठ रोग तथा फाइलेरिया एवं काला. जार रोगियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची एवं इसी के साथ क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची जहाँ घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो को निर्धारित प्रपत्र पर तैयार कर उपलब्ध करायी जायेगी।

सभी पशुबाड़ों की स्वच्छता, कचरा निस्तारण एवं मच्छररोधी जाली के प्रयोग हेतु पशुपालकों का गहन संवेदीकरण अभियान के अन्तर्गत किया जायेगा। क्लोरीनेशन डेमो, पेयजल को उबालना, सायुन से हाथ धोना, शौचालय का प्रयोग आदि के विषय में छात्रों एवं अभिभावकों को अभियान के अन्तर्गत जागरूक किया जायेगा।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यमूर्ति तोमर, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. चहल, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव कुमार वर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. ताहिर, सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार राय, बायोलॉजिस्ट देवेन्द्र कुमार तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सैफनी रामलीला मंचन का भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में श्री सनातन धर्म आदर्श रामलीला मंचन का हुआ उद्घाटन बताते चले कि नगर में रामलीला मंचन का उद्घाटन भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी ने फीता काटकर किया। जिसमें विधि पूर्वक तेजपाल जोशी ने मंत्रोच्चारण कर पूजन कराकर अमर सिंह जोशी द्वारा दीप प्रज्वलित कराया गया और थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा द्वारा भगवान गणेश का पूजन कराया गया। वहीं आरती का शुभारंभ राजेश सैनी चंद्रपुर कला प्रधान द्वारा कराया गया और रामायण का पूजन जोगेंद्र यादव ने किया। जिसके उपरांत रामलीला के



कलाकारों ने सुन्दर झांकियां प्रस्तुत कर मंचन का किया। शुभारंभ रामल. ीला को देखने वाले लोगों की काफी संख्या भीड़-भाड़ देखने को मिली जिसमें उपस्थित रामलीला कमेटी अध्यक्ष सुशील फौजी, विमल जोशी (प्रबंधक), जितेंद्र गुप्ता (कोषाध्यक्ष), रंजीत जोशी (उपाध्यक्ष) सुन्दर पाण्डेय, शिशपाल कश्यप, मनोज जोशी, अरविंद गुप्ता, शोभित शर्मा,राहुल जोशी, राजेश वाल्मीक,संजीव टेलीकॉम, जितेंद्र जोशी, पंकज शर्मा सहित अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

## आवारा कुत्तों और बंदरों से शहर परेशान: मोहम्मद उस्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**रामपुर।** राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू अपने कार्यालय के बाहर घूम रहे थे तभी अचानक बंदरों के झुंड ने प्रदेश महासचिव पर हमला बोल दिया। बंदरों की तादाद बहुत है लेकिन बंदरों को पालिका प्रशासन नहीं पकड़ रहा है।आवारा कुत्ते और बंदरों से शहर की आवाम जूझ रही है आए दिन कोई ना कोई हादसा होता रहता है। रविवार को शाम करीब 6:30 बजे रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के कार्यालय के बाहर प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू टहल रहे थे तभी बंदरों के झुंड ने अचानक उनके ऊपर हमला कर दिया। प्रदेश महासचिव की टांग में बंदर ने काट लिया जिससे प्रदेश महासचिव घायल हो गए। यह घटना वार्ड नं. 3 विवेक विहार कॉलोनी सिविल लाइन क्षेत्र की है जहां पर राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला कार्यालय संचालित है काफी लोगों के शोर मचाने से बंदरों ने प्रदेश महासचिव को अपने चंगुल से छोड़ा। रावत प्रदेश महासचिव ने मांग की की है कि नगर पालिका गंभीरता पूर्वक आवारा कुत्तों को और बंदरों को पकड़वाने का कार्य करें अगर ऐसा नहीं करते हैं तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ राष्ट्रीय रोक दल और भाजपा गठबंधन कार्रवाई करने का काम करेगा।

## द्वितीय रामपुर रजा पुस्तकालय महोत्सव 2025 के अन्तर्गत रासलीला का भव्य आयोजन संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रामपुर रजा पुस्तकालय के 251वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित द्वितीय रामपुर रजा पुस्तकालय महोत्सव (03 से 07 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत पुस्तकालय परिसर में रसलीला का भव्य आयोजन किया गया। इस आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन मिस श्रुतिपुरी एवं समूह, मथुरा द्वारा किया गया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण और राधा की लीलाओं का मनमोहक चित्रण प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की मंत्री गुलाब देवी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि रामपुर रजा पुस्तकालय जैसी सांस्कृतिक संस्थाएँ भारतीय परंपरा, साहित्य और कलाओं के संरक्षण की अद्वितीय धरोहर हैं। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए पुस्तकालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने कहा कि रजा पुस्तकालय में आकर मुझे अत्यंत आश्चर्य और आनंद हुआ। ऐसे कार्यक्रम समाज को सकारात्मक संदेश देते हैं। ब्रज की रज से जुड़ा इस पुस्तकालय का नाम 'रजा' अपने आप में विशेष अर्थ रखता है यदि 'रजा' शब्द से 'आ' का डंडा हटा दें तो 'रज' बनता है, जो ब्रज की पवित्र धूल का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि रामपुर में यह सांस्कृतिक धरोहर वास्तव में पूरे विश्व के लिए एक अद्भुत उदाहरण है। इस अवसर पर रामपुर रजा पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने भी अपना प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव न केवल विद्या और संस्कृति का संगम है, बल्कि समाज के सभी वर्गों को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने का



माध्यम भी है।

उन्होंने कहा कि आज पुस्तकालय के प्रांगण में अत्यंत अद्भुत दृश्य है कृष्णानयन समूह ने अपनी प्रस्तुति से सम्पूर्ण रामपुर को कृष्ण रस में डुबो दिया है। कृष्णलीला परिश्रम और कल्पना का सुंदर संगम है। समस्त सृष्टि की धारणा एक 'लीला' के रूप में ही होती है, क्योंकि अब तक कोई भी मनीषी या ऋषि यह नहीं समझ पाया कि जो कुछ है, वह क्या, क्यों और कैसे है। यह लीला अदृष्ट जगत से उतरकर जब लोक में आती है, तब कृष्णलीला जैसी प्रस्तुति संभव होती है। लीला और लोक का गहरा संबंध है कोई भी लोक जीवन बिना लीला के संभव नहीं।

उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में कृष्णलीला का आयोजन होना अत्यंत शुभ है। यह उत्सव अभी तीन दिनों तक और चलेगा, और मैं सभी नागरिकों से आग्रह करता हूँ कि वे इसमें भागीदारी बनें। किसी भी लोक का उत्कर्ष उसके महोत्सवों में झलकता है, और इन दिनों रामपुर रजा पुस्तकालय का उत्कर्ष स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि रामपुर रजा पुस्तकालय, रामपुर की अदबी संस्कृति के माध्यम से एक नया इतिहास रच रहा है, जिसका हम सभी हिस्सा हैं। यह इतिहास किसी मजहब, भाषा, नस्ल या उपासना पद्धति के भेद से परे है। रामपुर रजा पुस्तकालय महोत्सव का यह संगम सम्पूर्ण विश्व को यह संदेश दे रहा है कि भविष्य की शांति, समृद्धि और सुरक्षा का मार्ग इसी विश्व-दृष्टि से होकर निकलता है।

रसलीला की इस प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कृष्ण-राधा की मनोहर झाँकियाँ, भावनात्मक अभिनय और मधुर संगीत ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने इस कार्यक्रम का आनंद लिया और कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की।

इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ आमजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# छात्रा का अश्लील वीडियो बना किया ब्लैकमेल

## तीस हजार रूपये हड़पे, पचास हजार और मांगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। बीएससी की छात्रा का नहाते हुए वीडियो बना लिया। आरोपी ने पीड़िता को ब्लैक मेल कर तीस हजार रूपये भी ऐंठ लिये। 50 हजार की और डिमांड करने पर उसने अपने भाई से पूरी बात बताई। पुलिस पीड़िता तथा उसके भाई को लगातार धमका रही है। जिसके विरोध में उन्होंने परिवार सहित थाने के सामने आत्मदाह की चेतावनी दी है।

मामला रहरा थाने की पुलिस चौकी जल्लोपुर के अन्तर्गत आने वाले एक गांव से जुड़ा है। यहां की रहने वाली बीएससी की छात्रा ने गांव के एक युवक दिन्नू पुत्र सौ सिंह पर आरोप लगाया है कि उसने नहाते समय उसका वीडियो बना लिया। उसे उक्त वीडियो भेजकर तीस हजार रूपये की मांग की। पैसे न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

**■ पुलिस ने नही सुनी फरियाद, पीड़िता ने दी थाने के सामने आत्मदाह की चेतावनी**

अपने वीडियो देखकर छात्रा घबरा गई तथा उसने किसी तरह तीस हजार रूपये का इंतजाम कर आरोपी को दे दिये। लेकिन कुछ दिन बाद फिर पीड़िता के पास फोन आया इस बार आरोपी ने उससे 50 हजार की डिमांड की। जिससे छात्रा घबरा गई। उसने सारी बात नोएडा में नौकरी करने वाले अपने भाई को बताई। उसका भाई घर आया तथा आरोपी के पिता से शिकायत की। परन्तु यहां भी उसे धमकी दी गई। जिस पर युवक अपनी बहन को लेकर जल्लोपुर पुलिस चौकी पहुंचा। लेकिन पुलिस ने उसकी एक न सुनी तथा वह रहरा थाने आया और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। परन्तु पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने पीड़िता की नही है। आरोप है कि पुलिस आरोपी से हमसाज हो गई है जिस कारण उनकी फरियाद नहीं सुनी जा रही। लगातार पुलिस के चक्कर काटने के बाद भी जब पीड़िता की सुनाई नहीं हुई तो उसका धैर्य जवाब दे गया। उसने धमकी दी है कि यदि जल्द आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया तो वह अपने परिवार के साथ थाने के सामने आत्मदाह करेगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी पुलिस की होगी।



■ अमरोहा। बाइक गिरोह गैंग का खुलासा करते एसपी अमित कुमार आनन्द।

## नूरपुर खुर्द में बुखार का प्रकोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील क्षेत्र के गांव नूरपुर खुर्द में बुखार फैलने और एक व्यक्ति की मौत की खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया। रविवार को स्वास्थ्य विभाग ने गांव में कैंप लगाकर बुखार पीड़ित मरीजों की जांच की और उन्हें दवा वितरित की। शनिवार को गांव के 55 वर्षीय मोहनलाल की बुखार के कारण मौत हो गई थी। जिसके बाद गांव में बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा था। खबर के बाद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम रविवार को गांव पहुंची। सरकारी अस्पताल के प्रभारी डॉ. ध्रुवेंद्र ने बताया कि गांव में कैंप लगाकर 120 बुखार पीड़ितों को आवश्यक दवाइयाँ दी गईं।

# मासूम को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

## हादसे से घर में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के गांव मिठनपुर में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर दिया। महज तीन साल की मासूम यशी की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे के बाद घर में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक, हरविंदर सिंह की पुत्री यशी अपनी मां के साथ किसी सामान की खरीदारी करने शहर आई थी। खरीदारी के बाद जब वे ई-रिक्शा से घर लौटीं, तो यशी की मां किराया चुकाने लगीं। इसी दौरान खेल-खेल में यशी रिक्शा से उतरकर सड़क की ओर दौड़ पड़ी। तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने मासूम को रौंद दिया। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। परिजन आनन-फानन में यशी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, मगर शोकाकुल परिवार ने किसी भी कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि मिठनपुर गांव में मासूम बच्ची की मौत सड़क हादसे में हुई है, परिजनों ने कार्रवाई से इनकार किया है। वहीं गांव में घटना के बाद गमगीन माहौल है। हर किसी की जुबां पर बस एक ही सवाल काश, यशी थोड़ी देर और रुक जाती।

# चोरी की नौ बाइक समेत दो लिफ्टर दबोचे

## एक साथी चकमा देकर फरार, नम्बर प्लेट बदलकर करते थे सौदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। गिरोह में शामिल दो शातिर सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी की नौ बाइक बरामद की हैं स चोरी करने के बाद ये गिरोह बाइक को सस्ते दामों में बेच देता था। ऐसा करने से पहले सूनसान इलाके में बंद पड़ी एक मीट फैक्ट्री के पास घनी झाड़ियों में कई दिन तक बाइक छिपाकर रखते थे। घेराबंदी के दौरान गिरोह का एक सदस्य पुलिस टीम को चकमा देकर भाग निकला, जिसकी तलाश की जा रही है।

एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि जिले से बाइक चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं। इस बाबत सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में लगातार प्रभावी चेकिंग करते रहने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में शनिवार थाना नौगावां सादात प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार पुलिस टीम को साथ लेकर बीलना पुल चौराहे से सैला की ओर जाने वाले रास्ते पर वाहनों व संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध लगने पर दो बाइक पर सवार दो युवकों को घेरते हुए रोक लिया। पूछताछ के दौरान एक युवक ने अपना नाम नजाकत अली निवासी मोहल्ला कुरैशी गली नंबर सात तो वहीं दूसरे ने मोहम्मद यूसुफ निवासी तकिया मोती शाह थाना अमरोहा नगर बताया। दोनों के पास मिलीं बाइक जांच-पड़ताल में चोरी की निकली। लिहाजा, पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। सख्ती बरतने पर दोनों ने बाइक चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने उनकी निशानदेही पर थाना क्षेत्र के ही गांव फरीदपुर इम्मा में एक बंद पड़ी मीट फैक्ट्री के पास बाग किनारे झाड़ियों में छिपी चोरी की सात और बाइक बरामद की। यहां निगरानी में मौजूद गिरोह का तीसरा सदस्य पुलिस टीम को चकमा देकर भागने में कामयाब रहा। एसपी ने बताया कि दोनों के कब्जे से चोरी की नौ बाइक बरामद हुई हैं। फरार आरोपी नईम है जो बिजनौर जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र के कस्बा राजा का ताजपुर का रहने वाला है। ये तीनों शातिर वाहन चोर हैं जो अमरोहा के अलावा बिजनौर जिले से दो पहिया वाहनों की चोरी करते हैं। बीते दिनों नौगावां सादात क्षेत्र से चोरी की गई चार बाइक भी बरामद हुई हैं। बाइक चोरी करने के बाद ये उन्हें सूनसान जगह में झाड़ियों के बीच छिपा देते थे। मौका मिलने पर उन्हें बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे।

# हिस्ट्रीशीटर की मां व पत्नी बेच रही थी चरस

## सास-बहू का पुलिस ने किया चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हिस्ट्रीशीटर की मां और पत्नी घर से मादक पदार्थ बेच रही थीं। मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग व शहर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर दोनों को रंगेहाथ पकड़ लिया। तलाशी के दौरान घर के भीतर से पांच किलो गांजा मिला। एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने सास-बहू का चालान कर दिया है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बटवाल का है। यहां पर हिस्ट्रीशीटर दिलशाद नाटी का घर है। बीते दिनों पुलिस ने दिलशाद नाटी को अफीम के साथ गिरफ्तार किया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद उसे जेल भेज दिया लेकिन इसके बावजूद उसके घर से लगातार मादक पदार्थ बेचे जा रहे थे। आबकारी विभाग और शहर कोतवाली पुलिस को लगातार ऐसी सूचनाएं मिल रही थीं लिहाजा शनिवार को आबकारी विभाग की निरीक्षक चेतना पंवार ने अपना जाल बिछा दिया। शहर कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से हिस्ट्रीशीटर दिलशाद के घर छापा मार दिया। वहां से दो महिलाओं को गांजा बेचते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। एक की पहचान दिलशाद नाटी की मां नादा तथा दूसरी की पहचान उसकी पत्नी शहनाज के रूप में हुई। टीम को घर की तलाशी के दौरान पांच किलो से ज्यादा गांजा मिला। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी दोनों महिलाओं को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं टीम में टीपी नगर चौकी प्रभारी संदीप मलिक, आबकारी निरीक्षक चेतना पंवार, हेड कांस्टेबल शाने आलम, नीरज नाहल, महिला हेड कांस्टेबल अंकिता पांडे के अलावा पुनीत कुमार, पवन भाटी, सुमन यादव, मगल सिंह आदि शामिल रहे।



■ गजरौला। आरएसएस के पथ संचलन पर पुष्पवर्षा करते मुस्लिम समाज के लोग।

# संघ के शताब्दी वर्ष पर निकला पथ संचलन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर नगर इकाई द्वारा अभूतपूर्व पथ संचलन का आयोजन हुआ। इस दौरान लोगों ने जगह जगह पुष्पवर्षा की तो वहीं खास बात यह भी रही कि मुस्लिम समाज के लोगों ने भी पुष्पवर्षा करके स्वागत किया।

**■ मुस्लिम समाज सहित अन्य लोगों ने की पुष्प वर्षा**

रविवार को नगर के एमडीए कॉलोनी, कृष्णा पब्लिक स्कूल रमाबाई अंबेडकर कॉलेज के मैदान और अवंतिका पार्क में एक ही समय पर सुबह 9:00 बजे भगवा ध्वज फहराया गया। चारों स्थान पर एक साथ बौद्धिक शुरू हुआ, संघ के प्रांत अभिलेखागार प्रमुख नीरज कुमार ने एमडीए कॉलोनी में, विभाग प्रचारक शरद कुमार ने, अवंतिका पार्क में प्रांत सेवा प्रमुख कुलदीप कुमार ने और कृष्णा पब्लिक स्कूल में विभाग बौद्धिक प्रमुख कृष्ण कुमार ने संघ की स्थापना से अब तक के बारे मे बताया और समाज मे पंच परिवर्तन का आह्वान किया। उन्होंने समाज में स्व का बोध कराने, सामाजिक समरसता का भाव बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण करने, कुटुम्ब प्रबोधन करने व नागरिक कर्तव्यों की याद दिलाई। चारों स्थानों पर एक ही समय मे प्रार्थना हुई और एक ही समय मे पथ संचलन शुरु होकर थाना चौराहे पर पहुँचा। वहां से चारों संचलन एक साथ हो गये, और अवंतिका पार्क मे समापन हुआ। थाना चौराहे पर नगर पालिका सभासद सरताज अहमद उर्फ कलवा व पुराने डाक खाने के पास कामिल मंसूरी के नेतृत्व में मुस्लिमों ने संचलन पर पुष्प वर्षा की। चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी व विपिन सागर ने जेसीबी पर खड़े होकर पुष्प वर्षा करते हुए पथ संचलन का स्वागत किया। इस मौके पर नगर संघ चालक कमल कुमार, सह संघ चालक पुसविंदर सिंह नगर कार्यवाहक जगदीप सिंह, लोकेश कुमार, प्रदीप कुमार, अतुल चौधरी, सुरेंद्र सिंह, अनुपम सिंघल, नवनीत सिंह, नरेंद्र सिंह, जसपाल सिंह, वीरेंद्र शर्मा, विवेक त्यागी आदि उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस मुस्तैद रहे।

## शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। पैग्राम-ए-अमन कमेटी अमरोहा के बैनर तले और हाजी मुजफ्फर अली अंसारी के सौजन्य से एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को शहर के मुहल्ला कुरैशी स्थित जाटव धर्मशाला में किया गया। इस शिविर का उद्घाटन जमीयत उलमा हिन्द के प्रदेश अध्यक्ष मशहूर आलिम-ए-दीन हजरत मौलाना मुफ्ती सैय्यद मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी ने किया। उन्होंने, क हा कि पैगाम-ए-अमन कमेटी और हाजी मुजफ्फर अली अंसारी का यह प्रयास सराहनीय है। 22 शिविर में मैक्स हॉस्पिटल साकेत नई दिल्ली के डॉ. विवेका कुमार, डॉ. आकिफ, डॉ. सुजॉय भट्टाचार्य, डॉ. कौशल, डॉ. विपिन वालिया, डॉ. मनीष, डॉ. विकास आदि चिकित्सकों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उचित परामर्श दिया। हड्डी, दिल के अलावा डायबिटीज व ब्लड प्रेशर आदि की जांच भी निशुल्क की गई। इस मौके पर मुफ्ती हमजा अब्बासी, मास्टर असलम उस्मानी, कमेटी चेयरमैन मंसूर अहमद एडवोकेट, अध्यक्ष हाजी खुरशीद अनवर, महासचिव फैज आलम राईनी, हरि सिंह मौर्य, सैयद उवैस मुस्तफा रिजवी, मोहम्मद हुसैन, सैयद अली इमाम रिजवी आदि मौजूद रहे।

## जयंत की जनसभा को सफल बनाने की अपील



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। राष्ट्रीय लोकदल छात्र सभा के पूर्व अध्यक्ष प्रशांत औलख ने कई गांवों में जन सम्पर्क कर जयंत की जनसभा को सफल बनाने की अपील की। प्रशांत औलख ने गांव अकबरपुर पट्टी, अकबरपुर, अहरोई, मऊ आदि गांवों में जनसम्पर्क किया। उन्होंने किसानों का आह्वान करते कहा कि 12 अक्टूबर को रजबपुर के नेहरू स्मारक इंटर कालेज में केन्द्रीय राज्यमंत्री व रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी एक विशाल जनसभा को संबोधित करने आ रहे है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसे सफल बनाये। उनके साथ जयंत सिरोही, मनजीत लोपक, अभिषेक चौधरी, ललित चौधरी आदि मौजूद रहे।

# बाबा मस्तनाथ अवार्ड से डा. ढिल्लो सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हरियाणा राज्य के बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा शिक्षक विधायक डा. हरी सिंह ढिल्लो को बाबा मस्तनाथ रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। जिससे शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

बताते चले कि शिक्षक विधायक डा. हरी सिंह ढिल्लो ने 43 वर्ष पूर्व इसी विश्वविद्यालय से मेडिकल में डिग्री हासिल की थी। विश्वविद्यालय में आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन में श्री ढिल्लो को मस्तनाथ रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने अपने पुराने मित्रों से मुलाकात कर अनुभवों को साझा किया। जिससें विश्वविद्यालय से जुड़ी स्मृतियां जीवंत हो उठी। श्री ढिल्लो ने कहा कि विश्वविद्यालय समाज एवं राष्ट्र निर्माण में लगातार अपना योगदान कर रहा है। उन्हे यह अवार्ड सिक्कम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर, पीठाधीश्वर कुलाधिपति एवं राजस्थान के विधायक योगी बालक नाथ, पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा की मौजूदगी में दिया गया। उधर जब शिक्षक विधायक के शुभचिंतकों को अवार्ड मिलने की सूचना मिली तो उन्होंने भी खुशी का इजहार किया।




# तिरंगे का बहिष्कार करने वाले राष्ट्र भक्त नहीं

## वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का बहिष्कार करने वाला संगठन देशभक्त नही हो सकता। आरएसएस ने 60 वर्षो तक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का बहिष्कार किया। देश के प्रथम गृहमंत्री लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने आरएसएस पर सांप्रदायिक होने की वजह से प्रतिबंध लगाया था।

रविवार को विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के मंडल अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर इरफान सैफी के आवास पर रहरा अड्डे पर आयोजित की गई। बैठक में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान एवं संगठन सृजन अभियान की समीक्षा की गई। बैठक में सभी मंडल अध्यक्षों का माला पहनाकर जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया पूर्व जिला अध्यक्ष तारिक मोहम्मद खान पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा स्वागत किया गया। सभी मंडल अध्यक्षों को लक्ष्य दिया गया वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान में तेजी लाने को कहा गया अभी तक जो बूथ कमेटीया नहीं बन पाई हैं उनको अतिथि शीघ्र बनाने पर जोर दिया गया आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा आरएसएस के लोग अंग्रेजी हुकूमत से पेंशन लेते थे अंग्रेजों की मुखबारी करते थे देश के क्रांतिकारी नेताओं का विरोध करते थे जिन्होंने 60 वर्षों तक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का बहिष्कार किया। पूर्व जिला अध्यक्ष तारिक मोहम्मद खान गंगेश्वरी ब्लॉक अध्यक्ष शमशाद अली सैफी राजपाल सैनी डॉक्टर इरफान सैफी जबर सिंह जाटव आलम साबरी नौशाद अली अनिरुद्ध कुमार रईस अहमद मुदित कुमार गुर्जर नफीस अहमद नरेश त्यागी योगेश शर्मा आरिफ अहमद प्रकाश सिंह राणा राशिद मलिक उस्मान सैफी अतुल कुमार नरेंद्र सिंह जाटव मनोज कुमार राणा प्रमोद कुमार राणा जितेंद्र कुमार राणा लाल सिंह सैनी अनिरुद्ध शर्मा जितेंद्र सिंह राणा आलम हुसैन कपिल कुमार रविंद्र सिंह गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

# मंडी धनौरा में केरल पुलिस ने डाला डेरा

## धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के एक गांव में इन दिनों केरल पुलिस की मौजूदगी चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जा रहा है कि केरल में दर्ज एक बड़े धोखाधड़ी के मामले में मंडी धनौरा क्षेत्र का एक व्यक्ति संदिग्ध पाया गया है। इसी सिलसिले में केरल पुलिस टीम ने धनौरा में डेरा डाल रखा है और मामले की गहराई से जांच कर रही है।

सूत्रों के अनुसार, केरल में एक वित्तीय धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था, जिसकी जांच के दौरान मंडी धनौरा क्षेत्र के एक व्यक्ति का नाम सामने आया। मामले की सच्चाई और दस्तावेजी पुष्टि के लिए केरल पुलिस स्वयं क्षेत्र में पहुंची है। पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस से भी संपर्क किया है और आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने केरल पुलिस की आमद की पुष्टि करते हुए बताया कि, केरल पुलिस धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले के सत्यापन को लेकर आई हुई है। स्थानीय स्तर पर पूरी मदद की जा रही है। उधर गांव में अचानक बाहरी राज्य की पुलिस के पहुंचने से लोगों में हलचल और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कोई कह रहा है कि मामला करोड़ों की ठगी से जुड़ा है, तो कोई इसे ऑनलाइन फर्जीवाड़ा बता रहा है। फिलहाल पुलिस दोनों राज्यों के समन्वय में मामले की जांच में जुटी है।

# भाजपा जिला महामंत्री को धमकाने वाला गिरफ्तार

## फर्जी डीआईजी बनकर धमकाया था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पूर्व ओएसडी अभिषेक कौशिक के भाई भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

21 सितंबर को भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। जिसमें उन्हें सड़क दुर्घटना में जान से मारने की धमकी दी गई थी। उन्होंने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। रविवार को पुलिस ने आरोपी चंद्रपाल सैनी उर्फ जसवंत उर्फ डीआईजी पुत्र हीरापाल, निवासी देवलोक कॉलोनी, कोतवाली हापुड़, को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से निम्नलिखित सामान बरामद किया है। आठ मोबाइल सिम, दो मोबाइल फोन एक नोटबुक जिसमें भिन्न-भिन्न व्यक्तियों के मोबाइल नंबर तथा नाम अंकित हैं। थाना अध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि आरोपी चंद्रपाल सैनी उर्फ जसवंत पर पहले से भी कई गंभीर मामले दर्ज हैं। आरोपी पर थाना चांदपुर (बिजनौर), सिविल लाइन



(मुरादाबाद), और थाना सैद नगली में अलग-अलग धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। उस पर करीब 3 वर्ष पहले देवेंद्र सिंह (निवासी चक गुलाम अंबिया) और ऋषि पाल (निवासी ढकिया खादर) को डरा-धमका कर पचास हजार रुपये ऐंठने और उसके बाद भी लगातार पैसे की माँग करने तथा धमकी देने का आरोप है। वह सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों को मोबाइल फोन पर काम कराने के नाम पर धमकी देने की वारदातें भी करता था। 29 दिसंबर 2024 को उसने प्रभारी चौकी बास्टा, थाना चांदपुर, जनपद बिजनौर पर तैनात उप निरीक्षक त्रिवेंद्र सिंह को भी मोबाइल पर धमकी दी थी, जिस पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था। 17 जून 2025 को उसने अधिवक्ता मोहम्मद फहीम को उनके मोबाइल फोन पर मुकदमे की पैरवी न करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जिसके आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है।



# भारत ने पाक को दिया 248 का लक्ष्य

**विमेंस वर्ल्डकप**

● **हरलीन देओल ने 46, ऋचा घोष ने नाबाद 35 रन बनाए डायना बेग ने 4 विकेट झटके**

**कोलंबो, वार्ता।** भारत ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के सामने जीत के लिए 248 रन का टारगेट रखा है। कोलंबो में खेले जा रहे इस मुक. ाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

भारतीय टीम 50 ओवर में 247 रन पर आलआउट हो गई। हरलीन देओल ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। जेमिमा राड्रिग्ज ने 32 और प्रतिका रावल ने 31 रन बनाए। नंबर-8 पर बैटिंग करने उतरी ऋचा घोष ने 20 गेंदों पर नाबाद 35 रन बनाकर भारत को फाइटिंग टोटल तक पहुंचाया। पाकिस्तान के लिए डायना बेग ने 4 विकेट झटके। कप्तान फातिमा सना और सादिया इकबाल को 2-2 विकेट मिले। लगातार चौथे संडे को भारत- पाकिस्तान की भिड़ंत हो रही है। इससे पहले 28 सितम्बर, 21 सितम्बर और 14 सितम्बर को मेंस एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच खेले गए हैं। तीनों ही मौकों पर भारत ने जीत हासिल की। भारत ने 46वें ओवर में 7वां विकेट गंवाया। यहां दीप्ति शर्मा 25 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें डायना बेग ने नतालिया परवेज के हाथों कैच कराया। 45वें ओवर में भारत ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर स्नेह राणा (20 रन) को फातिमा सना ने कैच कराया। उन्हें दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने स्मृति मंधाना (23 रन) को भी आउट किया। 43वें ओवर में भारतीय बैटर स्नेह राणा की कमर पर चोट लगी। ऐसे में ट्रीटमेंट के लिए फिजियों को मैदान पर आना पड़ा। 35वें ओवर में भारतीय टीम ने 5वां विकेट गंवाया। यहां जेमिमा राड्रिग्ज 32 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें नाशरा संधू ने पगबाधा आउट कर दिया। कीड़ों के कारण दूसरी बार खेल रोकना पड़ा। इनसे परेशान होकर खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए हैं। पिछली बार पाकिस्तानी प्लेयर्स स्प्रे का छिड़काव करते नजर आई थीं।

34वें ओवर की पहली बाल पर भारत ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर हरलीन देओल 46 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें रमीन शमीम ने नाशरा संधू के हाथों कैच कराया। 33वें ओवर में भारतीय टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। हरलीन देअल ने फातिमा सना की आखिरी बाल पर एक रन लेकर टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। 30वें ओवर में जेमिमा राड्रिग्ज को दूसरी बार जीवनदान मिला। इस बार वे रनआउट होने से बच गई। उन्होंने नाशरा संधू की तीसरी बाल पर मिडऑफ की ओर खेलकर रन लेना चाहा, लेकिन दूसरी ओर हरलीन ने रन लेने से इनकार कर दिया। तब तक जेमिमा आधी पिच तक निकल आई थी। गनीमत रही कि पाकिस्तानी विकेटकीपर समय पर बाल को स्टंप से नहीं मार सकीं। 27वें ओवर में जेमिमा राड्रिग्ज आउट होने से बच गईं। वे डायना बेग की चौथी बाल पर विकेटकीपर सिद्रा नवाज को कैच थमा बैठीं। फील्ड अंपायर ने उन्हें आउट भी दे दिया। वे पवेलियन लौटती, इससे पहले थर्ड अंपयर ने उस बाल को अमान्य करार दिया। उसके बाद राड्रिग्ज ने फी हिट पर चौका लगाया। 25वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान हरमनप्रीत कौर 19 रन बनाकर आउट हुईं।

## महिला विश्व कप में भारत और पाक की कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया

**कोलंबो, वार्ता।** पाकिस्तान के खिलाफ अपने मैचों में भारत के हाथ न मिलाने के रुख को जारी रखते हुए, कप्तान हरमनप्रीत कौर और फातिमा सना ने रविवार को कोलंबो में महिला विश्व कप 2025 के अपने मुकाबले में टॉस के समय एक-दूसरे से हाथ न मिलाने का रुख अपनाया। क्रिकबज ने पहले बताया था कि आईसीसी मैच अधिकारी मैदान पर किसी भी अवांछित घटना से बचने के लिए मैच के दिन के प्रोटोकॉल के बारे में दोनों टीमों को पहले से ही अलग-अलग जानकारी देने वाले थे। यह फैसला दोनों क्रिकेट बोर्डों के बीच चल रहे तनाव के बीच आया है, जो पुरुष एशिया कप 2025 के दौरान हुए कई विवादों के बाद सामने आया है। इसकी शुरुआत तब हुई जब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष टीम ने पाक के खिलाफ ग्रुप-स्टेज मैच के बाद मैच के बाद हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने प्रसारणकर्ता के साथ मैच के बाद के साक्षात्कार में हिस्सा नहीं लिया, जिसके बाद पीसीबी ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट के साथ उनकी बैठक का फुटेज सार्वजनिक रूप से जारी किया। पाकिस्तान ने उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट में पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की थी, लेकिन इस मामले पर उनकी अचानक हुई बैठक - जिसका एक वीडियो सामने आया - के कारण उन्हें टूर्नामेंट अधिकारियों ने आचरण उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### लंबी कूद में जिलेइडे ने जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में ब्राजील की जिलेइडे कैसियानो दा सिल्वा ने रविवार को स्वर्ण और तुर्किये की फातमा दामला अल्टिन ने रजत पदक पोलैंड की कैरोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का ने महिला लंबी कूद टी-20 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में जिलेइडे कैसियानो दा सिल्वा और फातमा अल्टिन ने गति, लय और उड़ान के साथ 5.88 मीटर और 5.72 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण और रजत पदक जीता। 2024 में भाग न लेने के बाद विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में वापसी कर रही दिग्गज कैरोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5.55 मीटर रहा।

### श्रीलंका ने कोचिंग पैनल में फेरबदल किया

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट ने पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के लिए कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव करते हुए तहत जूलियन वुड को नया बल्लेबाजी कोच और रेन फर्डिनेंड्स को स्पिन गें. दबाजी कोच नियुक्त किया है। वुड टीम के साथ एक साल के अनुबंध पर नए बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल होंगे, जबकि फर्डिनेंड्स, विशेषज्ञ स्पिनरों वानिंदु हसरंगा और महेश थीक्षाना के साथ मिलकर नए स्पिन गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाएंगे। यह जोड़ी थिलिना और पियाले की जगह लेगी। दोनों कोच अनुभवी हैं और उन्होंने श्रीलंकाई टीम को मजबूत बनाने का भरोसा दिया है। श्रीलंका क्रिकट ने विज्ञप्ति में कहा कि वुड अपने साथ अपार अनुभव लेकर आए हैं, उन्होंने पहले इंग्लैंड व वेल्स क्रिकेट बोर्ड , ग्लूस्टरशायर सीसीसी, हैम्पशायर सीसीसी, मिडलसेक्स आदि के साथ रहे।

# 4000 रन और 300 विकेट के डबल के बेहद करीब पहुंचे रवींद्र जडेजा

● **जडेजा को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल 10 रन और चाहिए ताकि वें इस क्लब में चौथे सदस्य बन सके**



**नई दिल्ली, वार्ता।** अहमदाबाद में वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपने आलराउंड प्रदर्शन से प्लेयर ऑफ द मैच बने दुनिया के नंबर एक आलराउंडर भारत के रवींद्र जडेजा 4000 रन और 300 विकेट के डबल के बेहद करीब पहुंच गए हैं।

जडेजा को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल 10 रन और चाहिए ताकि वे इस क्लब के चौथे सदस्य बन सकें। जडेजा दिल्ली में होने वाले दूसरे टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। 5000 रन और 400 विकेट वाले क्लब में वर्तमान में केवल कपिल देव हैं। अब वहां तक जडेजा भी पहुंच सकते हैं। इस उपलब्धि के बारे में पूछे जाने पर पहले टेस्ट के बाद जडेजा ने हंसते हुए कहा, ष्अब आप मुझ पर दबाव डाल रहे हैं। मुझे सोचना पड़ेगा कि कैसे 1000 और रन बनाएं और 60-70 और विकेट लें। उनके खाते में 3990 रन और 334 विकेट हैं। इस समय मैं अपनी क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। मैं रिकॉर्ड या मील के पत्थर के बारे में नहीं सोच रहा। मैं सिर्फ़ अपनी फ़िटनेस पर काम कर रहा हूं और क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। जब भी मैं घर में होता हूं। हमेशा फ़िटनेस पर काम करता हूं ताकि मैं वही करता रहूं जो इतने सालों से कर रहा हूं। 36 साल की उम्र में रवींद्र जडेजा मैदान पर अभी भी सक्रिय हैं। उन्होंने पहले टेस्ट में नाबाद 104 रन बनाये और दूसरी पारी में चार विकेट लिए। अहमदाबाद में यह शतक जडेजा के लिए 2025 में बल्ले से एक शानदार साल को और लंबा करता है। इस साल अब तक उन्होंने सात टेस्ट में 82-37 औसत के साथ 659 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और पांच अ(शतक शामिल हैं।

# शेष भारत को हराकर विदर्भ ने तीसरी बार जीती ईरानी ट्रॉफी



● **हर्ष दूबे ने शानदार गेंदबाजी कर चार विकेट हासिल किए, विदर्भ ने शेष भारत को 93 रनों से हराकर ईरानी ट्रॉफी अपने नाम की**

**नागपुर, वार्ता।** हर्ष दुबे (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत विदर्भ ने रविवार को शेष भारत को 93 रनों से हराकर तीसरी बार ईरानी ट्रॉफी का खिताब जीता। शेष भारत ने कल के दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शेष भारत ने अपना तीसरा विकेट कप्तान रजत पाटीदार (10) का विकेट 28 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें आदित्य ठाकरे ने अपनी ही गेंद पर आउट किया। इसके बाद दर्शन नालकंडे ने ऋतुराज गायकवाड़ (सात) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। यश ढुल ने इशान किशन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 26वें ओवर में हर्ष दुबे ने इशान किशन (35) को आउटकर शेष भारत की मैच जीतने की उम्मीद को झटका दिया। सारांश जैन और यश ढुल के बीच छठे विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी हुई। पार्थ रेखड़े ने सारांश जैन (29) को पगबाधा आउटकर विदर्भ को छठी सफलता दिलाई। इसके बाद यश ठाकुर ने यश ढुल को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। यश ढुल ने शेष भारत के लिए सबसे अधिक 92 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में 117 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाया। अंशुल कम्बोज (तीन) और आकाश दीप (शून्य) पर आउट हुए। 74वें ओवर की पांचवीं गेंद पर हर्ष दुबे ने गुरनूर बरार (सात) को आउटकर 267 के स्कोर पर शेष भारत की दूसरी पारी का अंत करते हुए 93 रनों से मुकाबला जीत लिया।

# श्रीकांत की सनसनीखेज हार



● **मलेशिया के ऐदिल ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में श्रीकांत को हराकर अपने करियर की बड़ी जीत दर्ज की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अल ऐन मास्टर्स 2025 शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबलों की एक रोमांचक श्रृंखला के साथ अपने चरम पर पहुंच गया, जिसमें कौशल और सहनशक्ति दोनों की परीक्षा हुई। जहां अनुभवी सितारों ने विश्व स्तरीय बैडमिंटन की झलकियां दिखाईं, वहीं युवा खिलाड़ियों ने निडर प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं। बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 टूर्नामेंटों में से एक के रूप में, अल ऐन मास्टर्स उभरते हुए शटलरों को रैंकिंग में ऊपर उठने और उच्च स्तर पर अनुभव प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता रहा है। यह वर्ष भी कोई अपवाद नहीं रहा, खलीफा बिन जायद हॉल में अंतिम दिन से पहले कई महत्वपूर्ण क्षण देखने को मिले। मलेशिया के ऐदिल शोलेह ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में पूर्व विश्व नंबर 1 भारत के किदांबी श्रीकांत को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। शोलेह, जो अब एक स्वतंत्र खिलाड़ी के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, के लिए यह पिछले साल इंडोनेशिया मास्टर्स में रजत पदक जीतने के बाद उनके करियर का दूसरा सुपर 100 फ़ाइनल होगा। दूसरे सेमीफ़ाइनल में, फ़िनलैंड के विश्व नंबर 54 खिलाड़ी जोआकिम ओल्डॉर्फ ने वियतनाम के हाई डांग गुयेन को 21-17, 21-17 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। यूरोपीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता, फ़िनिश शटलर अब अपने पहले सुपर 100 फ़ाइनल में पहुंच गए हैं।

# घरेलू मैदान पर ऐतिहासिक प्रदर्शन को तैयार भारत

● **बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 17 साल के अंतराल के बाद भारत लौटे है और 6 से 19 अक्टूबर तक दो चरणों में खेली जाएगी**

**गुवाहाटी, वार्ता।** उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी और एक मौजूदा और पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 खिलाड़ी सहित एक मजबूत लाइन-अप से उत्साहित, मेजबान भारत सोमवार से यहां राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में ऐतिहा. सिक प्रदर्शन के लिए तैयार है। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 17 साल के अंत. राल के बाद भारत लौटी है और 6 से 19 अक्टूबर तक दो चरणों में खेली जाएगी। पहले चरण में 36 टीमें मिश्रित टीम चैंपियनशिप में प्रतिष्ठित सुहांदिनाता कप के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, उसके बाद आई-लेवल कप के लिए व्यक्तिगत चैंपियनशिप होंगी। भारत ने चैंपियनशिप के इतिहास में अब तक कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2008 में पुणे में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने के रूप में रहा है। मौजूदा भारतीय दल में इस संख्या को पार करने और मिश्रित टीम पदक जीतने की क्षमता है, जिसका श्रेय टीम की मजबूती को जाता है जिसने मेजबान टीम को चैंपियनशिप में दूसरी वरीयता दिलाने में मदद की है। ग्रुप एच में संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और नेपाल के साथ, भारत इस ग्रुप में शीर्ष पर रहने और नए शुरू किए गए बेस्ट-ऑफ-थ्री सेट रिले-स्कोलरग प्रारूप में पदक के लिए चुनौती पेश करने का प्रबल दावेदार है, जिसमें प्रत्येक मैच में 45 अंकों की दौड़ होगी। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा कि बीएआई द्वारा गुवाहाटी में होने वाली विश्व जूनियर चैंपियनशिप की तैयारी के लिए खिलाड़ियों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिए जाने के कारण पिछले कुछ वर्षों से हम जूनियर स्पर्धाओं में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बार भी हमें कई पदकों की उम्मीद है क्योंकि टीम के अधिकांश सदस्य पिछले एक साल से इसी स्थान पर प्रशिक्षण ले रहे हैं। भारत अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को नेपाल के खिलाफ करेगा, उसके बाद मंगलवार को श्रीलंका और बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मैच खेलेगा। भारत अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने का प्रबल दावेदार है और नॉक-आउट चरण में, भारत का सामना पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया से हो सकता है, जिसके ग्रुप जी में शीर्ष पर रहने की उम्मीद है, और उनके खिलाफ जीत मेजबान टीम को ऐतिहासिक पदक की गारंटी दे सकती है। पदक के अन्य प्रमुख दावेदारों में 14 बार का चैंपियन चीन या बैडमिंटन की दिग्गज टीमें जापान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड या ऐतिहासिक पदक के लिए गत चैंपियन इंडोनेशिया शामिल हैं। शया शानदार फॉर्म में है क्योंकि उसने फरवरी में चीन को हराकर एशियाई मिश्रित टीम का खिताब भी जीता था, जबकि भारत क्वार्टर फाइनल में जापान को हराने के बेहद करीब था। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भारत की पदक की उम्मीद मुख्य रूप से लड़कियों के एकल वर्ग पर निर्भर करेगी, जिसमें एशियाई अंडर-19 चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता तन्वी शर्मा, जो जूनियर विश्व नंबर एक भी हैं, वेन्नाला के, चाइना ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट उन्नति और रक्षिता शामिल हैं। बालकों के एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें मुख्य रूप से जूनियर विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज रौनक चौहान और 17 वर्षीय ज्ञान दत्तू टीटी पर टिकी होंगी। भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की बालक युगल जोड़ी ने इस साल जनवरी में विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया था, इसलिए मेजबान टीम युगल स्पर्धाओं में भी खास प्रदर्शन की उम्मीद कर रही होगी।

# संतुलन जीवन का आधार फिटनेस से आता है: डा. मनसुख मांडविया

● **मांडविया ने विश्व शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 43वें संस्करण का नेतृत्व किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने आज सुबह यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में विश्व शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 43वें संस्करण का नेतृत्व किया।

यह कार्यक्रम देश भर में 10,500 से ज्यादा स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया। इस फिटनेस मुहिम में दिल्ली के शिक्षकों, एथलीटों, फिटनेस प्रभावितों और युवाओं सहित एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। इसमें ओलंपिक पदक विजेता अभिषेक नैन, भारतीय हॉकी टीम के एक प्रमुख सदस्य, शतरंज की दिग्गज खिलाड़ी तानिया सचदेव, उभरते हुए भाला फेंक स्टार सचिन यादव और भारत के पुश-अप मैन कहे जाने वाले रोहताश चौधरी शामिल थे। इसमें शिक्षकों को समर्पित एक जीवंत नुक्कड़ नाटक, योग सत्र, रस्सी कूद, फिटनेस गेम्स और बच्चों के लिए भागीदारी क्षेत्र भी शामिल थे। इस अवसर पर डा. मांडविया ने इस पहल को एक सच्चा राष्ट्रव्यापी आंदोलन बताते हुए कहा कि इस आंदोलन के माध्यम से, 10,500 से ज्यादा स्थानों पर लाखों नागरिक हर रविवार को खुद को फिट रखने के लिए साइकिल चला रहे हैं। यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए फिट इंडिया विजन का उत्सव बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर हर नागरिक शारीरिक गतिविधि के लिए एक घंटा भी समर्पित करे, तो भारत विकसित भारत के सपने की ओर और भी मजबूत, स्वस्थ और एकजुट होकर आगे बढ़ेगा। आज इस कार्यक्रम में कई शिक्षकों ने भाग लिया और छात्रों को जीवन में संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। साइकिल के पैडल हमें जीवन का सबसे बड़ा सबक सिखाते हैं कि हम संतुलन बनाए रखकर ही आगे बढ़ते हैं। यह संतुलन जीवन का आधार है और यह फिटनेस से आता है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया , योगा. सन भारत और माई भारत के सहयोग से आयोजित साइकि. लिंग अभियान ने अब भारत के सबसे प्रभावशाली फिटनेस अभियानों में से एक के रूप में अपनी पहचान बना ली है।

# इगा-सबालेंका वुहान ओपन ड्रॉ में शीर्ष पर

● **सबालेंका और स्वियाटेक और कोको 1000 रैंकिंग अंकों और 3.65 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ईनाम को भिड़ेगी**





**वुहान, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबा. लेंका और नंबर दो खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को शनिवार को 2025 डब्ल्यूटीए वुहान ओपन के एकल वर्ग के ड्रॉ में विपरीत हिस्सों में रखा गया है। चीन के शीर्ष खिलाड़ी घरेलू मैदान पर अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। चीन का प्रतिनिधित्व मुख्य ड्रॉ में सीधे तौर पर झू लिन, वांग शिन्यू, युआन यू और अनुभवी झांग शुआई करेंगे।

स्थानीय पसंदीदा झेंग किन. वेन ने चोट से उबरने के लिए शुक्रवार को नाम वापस ले लिया। उनकी अनुपस्थिति के बावजूद, वुहान ओपन में अभी भी सितारों से सजी टीम मौजूद है। सबालेंका, स्वियाटेक और कोको गॉफ 1,000 रैंकिंग अंकों और 3.65 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। गत विज. ेता सबालेंका ड्रॉ के शीर्ष आधे भाग में सबसे आगे हैं और उन्हें पहले दौर में बाई मिली है।

दूसरे दौर में उनका सामना स्लोवाकिया की रेबेका ॉमकोवा या रूस की अन्ना काललस्काया से होगा। उनके वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना, जापान की चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका और चेक गणराज्य की उभरती हुई स्टार लिंडा नोस्कोवा भी शामिल हैं, जिन्होंने शुक्रवार को तीन सेटों के सेमीफाइनल में दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला को हराकर चाइना ओपन के फाइनल में जगह बनाई।

छह बार की ग्रैंड स्लैम विज. ेता स्वियाटेक, वुहान में दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में पदार्पण कर रही हैं। सबालेंका की तरह, उन्हें भी पहले दौर में बाई मिली है और उनका पहला मुकाबला कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो या चेक गणराज्य की मैरी बूजकोवा से होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ, स्वियाटेक के साथ निचले हाफ में शामिल होंगी। 20 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी का सामना अपने पहले मैच में चीन की वांग शिन्यू या किसी क्वालीफायर से होगा। अन्य जगहों पर, झू लिन का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट से होगा, जबकि वाइल्डकार्ड युआन यू का पहला मुकाबला एक क्वालीफायर से होगा, जहां दूसरे दौर में उनके इटली की जैस्मीन पाओलिनी से भिड़ने की संभावना है। झांग शुआई का मुकाबला संयुक्त राज्य अमेरिका की 14वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो से होगा।

# साख पर सवाल

एक तरफ जहां चुनाव आयोग बिहार में 22 नवंबर से पहले चुनाव कराने को लेकर पूरी तरह व्यस्त है और अपनी तैयारी में किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ रहा है। उसने अपनी अंतिम वोटर लिस्ट भी जारी कर दी, तो वहीं दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करना नहीं छोड़ रही है। कांग्रेस ने एक बार फिर कहा है कि बिहार में वोट चोरी का खेल जमकर चल रहा है। अपने दावे में वजन देने के लिए वह चुनाव आयोग की अंतिम मतदाता सूची का ही हवाला दे रही है। कांग्रेस का कहना है कि मतदाता सूची में एक ही घर में सैकड़ों वोटरों के नाम दर्ज कर दिए गए हैं। अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उसने कहा है कि जमुई के एक ही घर के पते पर 247 मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि मुजफ्फरपुर में एक व्यक्ति का नाम तीन बार दर्ज कर दिया है। इस सूची में मृतकों के नाम भी दर्ज करने की बात कही गई है। कांग्रेस के आरोपों को राजनीतिक आरोप कहकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि ये आरोप मामूली नहीं हैं। इससे पहले भी कांग्रेस ने जिस तरह के सबूतों का दावा वोटर लिस्टों को लेकर किया है वह और भी संदेह पैदा करता है। बेशक वोटर लिस्ट में किसके नाम जोड़े जाएंगे किसके नहीं, कौन पात्र है कौन नहीं, यह चुनाव आयोग का विशेष अधिकार है, जैसाकि चुनाव प्रमुख कह भी रहे हैं कि एसआईआर मुख्य चुनाव आयुक्त का विशेष अधिकार है और इसमें किसी को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद कही थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि वोट की अनिवार्यता के लिए आधार कार्ड को भी जोड़ा जाना चाहिए, तो चुनाव आयोग की बात हम मान भी लें, तो यह भी मानना पड़ेगा कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी व निष्पक्ष बनाना भी चुनाव आयोग की ही बड़ी जिम्मेदारी है और चुनाव आयोग को यह भी स्वीकार करना पड़ेगा कि भले ही संवैधानिक रूप से चुनाव आयोग को बड़े अधिकार मिले हों, लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली का तकाजा यही होता है कि हर संस्था जनता के प्रति उत्तरदायी होती है। कोई भी संस्था अपनी मनमानी नहीं कर सकती, भले ही उसके पास कितने भी अधिकार प्राप्त हों। सबसे बड़ी तो यही है कि चुनाव आयोग को सबके साथ चलते हुए दिखाई देना चाहिए। चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष। लोकतंत्र में जिस तरह सत्तापक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है ठीक उसी तरह विपक्ष की भूमिका होती है, उसकी भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता। दोनों ही पक्ष जनता के प्रतिनिधि होते हैं और जनता द्वारा ही चुने हुए होते हैं। इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि चुनाव आयोग पर पहले भी उनकी वफादारी को लेकर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन जिस तरह का माहौल आज के समय में देखने में आ रहा है, ऐसा माहौल कभी नहीं बना। जहां चुनाव आयोग की साख ही सीधे दांव पर लग गई हो। जब चुनाव आयोग की साख ही दांव पर लगी होगी, तो उसके द्वारा कराए गए चुनाव पर भी सवाल खड़े होंगे जैसेकि हो भी रहे हैं। सभी को मानना होगा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन देश व उसका लो. कतंत्र स्थायी होता है।

## विदेश में भारत के खिलाफ बोलना गलत मानती थीं इंदिरा गांधी



लोकसभा विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहले ऐसे एलओपी हैं, जो विदेश जाकर देश और लोकतंत्र के खिलाफ बोलते हैं, चुनाव हारने के बाद विदेश में इंदिरा गांधी से उनके खिलाफ सरकार की कार्रवाई के बारे में पूछा गया था, उन्होंने भारत के खिलाफ कुछ भी बोलने से मना कर दिया था, राहुल भारत के तथ्यों को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं, पहले के किसी एलओपी ने ऐसा नहीं किया। इंदिरा गांधी, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज या शरद पवार ने विदेश में देश या सरकार के खिलाफ नहीं बोला, एलओपी का विदेश जाकर यह कहना कि भारत वैश्विक नेता नहीं बन सकता, गलत है।

**-किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री**

# यूपी की सियासत: पिछड़ों की ओर केंद्रित होने से भाजपा चिंतित





**तौसीफ कुरैशी**

**पहले जो काम मामूली सी रकम से हो जाता था लेकिन आज वही काम मोटी रकम देने पर हो रहा है और ब्यूरोक्रेसी मालामाल हुए जा रही है इस पर भाजपा सरकारों का कोई कंट्रोल नहीं है बल्कि अगर यह कहा जाए कि भाजपा का संरक्षण प्राप्त है तो गलत नहीं होगा बल्कि RSS का चेहरा भी सामने आ रहा है वह भी दोनों हाथों से इस क्रमबद्ध लूट में हिस्सेदार बन गई है सभी जनपदों में तैनात अफसर लूट मचाए हुए हैं बल्कि रियल एस्टेट सेक्टर में अपने द्वारा कमाई गई अथाह दौलत को लगा रहे हैं। आमजनों के प्लाटों पर अपने संरक्षण में पालने वाले दबंग लोगों से कब्जे करा रहे हैं और उनको कोई रोकने टोकने वाला नहीं है उन पर जब कोई इस तरह का मामला बनता दिखाई देता है तो वह फिर माहौल को हिंदू मुस्लिम कर मामले को डायवर्ट कर देते हैं।**

यूपी में 2024 लोकसभा चुनाव में मिली सियासी सफलता से उतसाहित सपा कंपनी और अब कांग्रेस भी प्रदेश और देश में एक बार फिर पिछड़ी जातियों को लेकर सियासी गोलबंदी कर रही है धार्मिक धुर्वीकरण कर प्रदेश और देश में सियासत के शिखर पर पहुंची भाजपा के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही है।

2013 में देशभर की सियासत में साम्प्रदायिकता का जहर घोलकर सत्ता के शिखर पर पहुंची भाजपा को जनता के बीच जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जुमलेबा. जी से पिछले एक दशक से भी अधिक समय से सरकार चला रही भाजपा से जनता अब जवाब चाहती है और भाजपा के पास सकारात्मक जवाब नहीं है जनता हिंदू मुसलमान के मुद्दे से तंग आ चुकी है हर तरफ बुरा हाल है 2014 में सोने की कीमत करीब 28000 का 10 ग्राम था और 2025 में 121000 है तो मंगलसूत्र कौन छीन रहा इसका मोदी सहित भाजपा पर कोई जवाब नहीं है। बेरोजगारी पिछले पैतालीस सालों में सबसे ज्यादा है महंगाई लोगों जीने नहीं दे रही है।

जीएसटी के जरिए पूरी तरह लूट मचाई गई आठ साल अब कम करने का जश्न मनाया जा रहा है और उसका कोई जवाब नहीं इस लूट ने जो छोटे व्यापारियों को बर्बाद कर दिया गया उनके धंधे चौपट हो गए और भाजपा सरकारें इस ओर कोई ध्यान देती नजर नहीं आ रही है ब्यूरोक्रेसी का भी भ्रष्टाचार इस समय अपने पूरे चरम पर पहुंच गया है जिस भी दफ्तर में जाओ भ्रष्टाचार अपनी सारी हदें पार कर रहा है पहले जो काम मामूली सी रकम से हो जाता था लेकिन आज वही काम मोटी रकम देने पर हो रहा है और ब्यूरोक्रेसी मालामाल हुए जा रही है इस पर भाजपा सरकारों का कोई कंट्रोल नहीं है बल्कि अगर यह कहा जाए की भाजपा का संरक्षण प्राप्त है तो गलत नहीं होगा बल्कि RSS का चेहरा भी सामने आ रहा है वह भी दोनों हाथों से इस क्रमबद्ध लूट में हिस्सेदार बन गई है सभी जनपदों में तैनात अफसर लूट मचाए हुए हैं बल्कि रियल एस्टेट सेक्टर में अपने द्वारा कमाई गई अथाह दौलत को लगा रहे हैं।

आमजनों के प्लाटों पर अपने संरक्षण में पलने वाले दंबग लोगों से कब्जे करा रहे हैं और उनको कोई रोकने टोकने वाला नहीं है उन पर जब कोई इस तरह का मामला बनता दिखाई देता है तो वह फिर माहौल को हिंदू मुस्लिम कर मामले को डायवर्ट कर देते हैं। इस तरह के माहौल में अगर कोई सबसे ज्यादा पिस रहा है तो वह पिछड़ी जातियां है क्योंकि उनके विकास पर उनके हकों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है बल्कि उनके अधिकारों को योजनाबद्ध तरीके से खत्म किया जा रहा है आरक्षण को भी ऊची जातियों को दिए जा रहे हैं और पिछड़ों को हिन्दू मुसलमान की टॉफी दी जा रही है यह टॉफी पिछड़ों को क्यों दी जा रही है यह बात अब पिछड़े समझ रहे जिसकी वजह से भाजपा की बैचेनी स्वाभाविक है पिछड़ों को हिन्दू बना कर भाजपा और RSS सत्ता का सुख भोग रही है लेकिन पिछड़ों को क्या मिला बाबा जी ठुल्लू। बीते कुछ समय से ओबीसी जातियों को गोलबंदी करने में जुटी कांग्रेस अब प्रदेश के हर मंडल में सामाजिक न्याय सम्मेलनों का आयोजन करने जा रही है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी की अगले सप्ताह तक घोषणा हो सकती है। कार्यकारिणी घोषित होने के बाद हर मंडल में सामाजिक न्याय सम्मेलन शुरू होंगे। शुरुआत लखनऊ से होगी। सामाजिक न्याय के मुद्दे को लेकर कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही हैं। यही वजह है कि शीर्ष नेतृत्व ने पिछड़ा वर्ग विभाग को निरंतर अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। अब विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय सिंह ने यूपी में भी सामाजिक न्याय से जुड़े कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए हैं।

सम्मेलनों में पिछड़े वर्ग के सभी नेताओं को एकजुट किया जाएगा। साथ ही लोगों को बताया जाएगा कि कांग्रेस किस तरह से हर जातियों को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए संसद में संघर्ष कर रही है।

**सम्मेलन की तैयारी तेज**

कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि पार्टी की ओर से सम्मेलन की तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रदेश कार्यकारिणी का इंतजार है। कार्यकारिणी के लिए राष्ट्रीय और प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श कर सूची तैयार कर ली गई है।

शीर्ष नेतृत्व का अनुमोदन मिलते ही इसे जारी कर दिया जाएगा। प्रदेश कार्यकारिणी में पिछड़े वर्ग की हर जातियों को शामिल किया गया है। उम्मीद है कि अगले सप्ताह कार्यकारिणी घोषित हो जाएगी। इसके बाद मंडलवार सम्मेलन शुरू होंगे।

'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास' के वायदे पर सरकार बनाने वालों ने धर्म जाति विशेष के करोड़ों लोगों के साथ बेहिसाब नफरत, हिंसा, भेदभाव और अत्याचार होने पर मणिपुर से लेकर यूपी, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व J-K तक साजिशी चुप्पी लगा कर इस नारे को झुठलाया। इनका सबसे बड़ा सच यही है कि ए अपने किरदार पर खरे नहीं उतरते हैं जैसे हालात होते हैं वैसे ही बदल जाते हैं इन पर विश्वास नहीं करना चाहिए यही लब्बोलुआब है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रह्मांड की ऊर्जा से जुड़ने का माध्यम है शरद पूर्णिमा

**मौसम बदलने के इस समय शरीर को नई जलवायु के अनुकूल बनाना आवश्यक होता है। आयुर्वेद के अनुसार, इस समय वात, पित्त और कफ दोषों में असंतुलन की संभावना बढ़ती है। खीर का मधुर स्वाद और उसका शीतल प्रभाव इन दोषों को संतुलित करने में सहायक होता है। इसलिए यह पर्व केवल धार्मिक . ष्टि से ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य की .ष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शरद पूर्णिमा की रात का सौंदर्य अद्भुत होता है। जब पूर्ण चंद्रमा आकाश में अपनी सोलह कलाओं के साथ दमकता है तो उसकी दूधिया रोशनी में पूरी धरती जैसे अमृत में डूब जाती है।**



**योगेश कुमार गोयल**

हर साल आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा पर्व मनाया जाता है और इस दिन चंद्रमा अपने पूर्ण स्वरूप में आसमान में चमकता है। इस वर्ष यह पावन तिथि 6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट से आरंभ होकर 7 अक्टूबर की सुबह 9 बजकर 16 मिनट तक रहेगी, इसलिए शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर की रात को मनाया जाएगा। शरद पूर्णिमा को चंद्रमा के पूर्ण स्वरूप का उत्सव भी कहा जाता है। इस रात चंद्रमा की रोशनी इतनी तेज होती है कि धरती दूधिया उजास में नहा उठती है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार इस दिन चंद्रमा की किरणें विशेष रूप से औषधीय गुणों से भरपूर होती हैं। यह माना जाता है कि इन किरणों में स्वास्थ्य, सौंदर्य और शक्ति बढ़ाने वाले तत्व होते हैं।

वेदों और पुराणों में चंद्रमा को औषधियों का स्वामी माना गया है। गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं कि 'मैं ही सोम रूप चंद्रमा बनकर समस्त औषधियों को पुष्ट करता हूं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार वर्षभर में केवल शरद पूर्णिमा के दिन ही चंद्रमा अपनी सभी सोलह कलाओं से पूर्ण होता है। माना जाता है कि प्रत्येक कला मनुष्य के जीवन की किसी न किसी विशेषता का प्रतीक होती है। भगवान कृष्ण को इन सोलह कलाओं का पूर्ण रूप कहा गया है, इसलिए शरद पूर्णिमा को रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी रात कृष्ण ने अपनी मुरली की मधुर धुन पर ब्रज की गोपियों के साथ यमुना तट पर दिव्य महारास किया था। इसीलिए यह रात प्रेम, आनंद और भक्ति का प्रतीक मानी जाती है। वृंदावन और बृज क्षेत्र में आज भी शरद पूर्णिमा को बहुत उत्साह से मनाया जाता है।

शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा या कौमुदी उत्सव के नाम से भी जाना जाता है। कोजागर का अर्थ है कौन जाग रहा है? मान्यता है कि इस रात मां लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती हैं और जो व्यक्ति जागकर सच्चे मन से उनकी पूजा करता है, उस पर लक्ष्मी की कृपा बरसती है। कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय धन की देवी लक्ष्मी का प्रकट होना भी इसी पूर्णिमा की रात हुआ था। इसलिए यह पर्व धन, समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है। इस दिन लोग मां लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु की पूजा करते हैं, साथ ही शिव-पार्वती और कार्तिकेय की आराधना का भी विधान है। इस दिन व्रत रखकर रातभर जागरण और भक्ति करने से व्यक्ति को आर्थिक समृद्धि, मानसिक शांति और शुभ फल प्राप्त होते हैं। शरद पूर्णिमा की रात का सबसे प्रसिद्ध और सुंदर प्रतीक है खीर की परंपरा। इस रात घरों में खीर बनाकर खुले आकाश के नीचे रखी जाती है ताकि चंद्रमा की चांदनी उसमें पड़े। मान्यता है कि इस रात चंद्रमा की किरणों में अमृत बरसता है और वह अमृत खीर में समा जाता है। सुबह उस खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है, जो अमृत समान मानी जाती है। ज्योतिषीय .ष्टि से दूध, चावल और चीनी चंद्र ग्रह से जुड़े तत्व हैं। इसीलिए चंद्रमा की रोशनी में रखी गई खीर में उसकी शुभ ऊर्जा और औषधीय गुण समा जाते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इस परंपरा का गहरा अर्थ है। दूध में लैक्टिक एसिड और खीर में मौजूद चावल के स्टार्च के कारण जब इसे खुली चांदनी में रखा जाता है तो उसमें ऐसे परिवर्तन होते हैं, जो इसे अधिक पौष्टिक बना देते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रमा की किरणों में मौजूद अल्ट्रा-वॉयलेट और इंफ्रारेड ऊर्जा दूध में मौजूद सूक्ष्म जीवों की क्रिया को सक्रिय करती है, जिससे वह पाचन में सहायक और स्वास्थ्यवर्धक बन जाता है। इसीलिए शरद पूर्णिमा की रात रखी खीर को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना गया है।

पौराणिक कथाओं में यह भी उल्लेख मिलता है कि रावण इस रात दर्पण के माध्यम से चंद्रमा की किरणों को अपनी नाभि पर ग्रहण कर युवा शक्ति प्राप्त करता था। यह कथा प्रतीक है कि चंद्रमा की किरणें शरीर में ऊर्जा, शांति और जीवन शक्ति भरने का सामर्थ्य रखती हैं। शरद पूर्णिमा ऋतु परिवर्तन की भी प्रतीक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एसआईआर पर चुनाव आयोग को घेरता विपक्ष



**मसूद हसन**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा, भले ही उन्होंने शुरुआत में केवल नामांकन फॉर्म ही भरा हो। उन्होंने दोहराया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार और पारदर्शिता के साथ संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि हर स्तर पर मतदाताओं को मदद पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है और दस्तावेजों के संकलन एवं सत्यापन के लिए किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं की जा रही है। चुनाव आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है। आयोग किसी को भी मतदाता सूची से बाहर करने का न तो इरादा रखता है।

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची पुनरीक्षण पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस, राजद और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों ने निर्वाचन आयोग पर गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग को वोट देने के अधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया है। वहीं, चुनाव आयोग ने अपनी निष्पक्षता पर उठ रहे सवालों को सिरे से खारिज करते हुए प्रक्रिया को पारदर्शी बताया है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाया कि आयोग द्वारा लागू किए गए सख्त नियमों को गरीबों के वोट की चोरी बताया। बिहार में मतदाता पुनरीक्षण सूची के मुद्दे को जननायक राहुल गांधी ने प्रमुखता से उठाया और आयोग के विरुद्ध एक आन्दोलन खड़ा कर दिया। बिहार राज्य में विधानसभा के चुनाव होने हैं। चुनाव प्रक्रिया को सरल बनाने के बजाय निर्वाचन आयोग ने इसे और कठिन बना दिया है। जिसकी वजह से राज्य के दर्तित पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समाज के साथ ही गरीब व वंचित समाज के लोग निर्वाचन मतदाता ही नहीं बन पाएंगे। मतदाता सूची में शामिल होने की निर्वाचन आयोग द्वारा जो नियम बनाए गए हैं, उन नियमों को इन वर्ग के कम ही लोग पूरा कर पाएंगे। है। बिहार व उससे लगे राज्यों में एक बड़ी समस्या बाढ़ की विभीषिका उनका सब कुछ बहाकर ले जाती है और उन्हें तबाह कर जाती है, ऐसे में आयोग जिस तरह के दुर्लभकागजात मांग रहा है इनके लिए देना असंभव है। निर्वाचन आयोग द्वारा आधार कार्ड को वैध प्रमाणपत्र न मानना भी चिंता का विषय है, है, इससे आयोग की निष्पक्षता पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। जबकि भारत में जबसे आधार कार्ड जारी हुआ है, उसे ही सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज माना जा रहा है, लेकिन आयोग द्वारा मतदाता बनाने के लिए आधार कार्ड को न मानने से और भी ज्यादा अव्यवस्था पैदा हो गई है। देश की अधिकांश आबादी आज भी गांवों में ही रह रही है। यही हाल बिहार का भी है।

ऐसे में निवास प्रमाणपत्र, माता-पिता का जन्म प्रमाण पत्र कितने लोगों के पास होगा। साथ ही आयोग द्वारा जमा किए गए कागजात की कोई रिसीविंग भी नहीं दी जा रही है। कुल मिलाकर निर्वाचन आयोग आमजन को मतदाता बनने से रोकने की कवायद में जुटी है। अगर यही स्थिति रही तो आम जनता अपना वोट कैसे दे पाएगी। हरियाणा और महाराष्ट्रापुर में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान आयोग की भूमिका पर विपक्ष ने सवाल उठाए और कहा कि आयोग द्वारा की गई कार्यवाही सत्ता पक्ष के प्रति झुकाव को परिलक्षित कर रही है। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षित करने के नाम जो आदेश दिए हैं, वह न केवल आपत्ति. जनक बल्कि हास्यास्पद भी है।

राष्ट्रीय जनता दल के नेता व बिहार राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का कहना है कि मतदाता सूचियों में सुधार में दो साल तक का समय लग सकता है और पूछा कि यह काम अब क्यों किया जा रहा है, जबकि ठम्म्मं चुनाव में कुछ ही महीने का समय बाकी है। इस वर्ष के अंत में होने वाले बिहार चुनाव से पहले मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने इसे षड्यंत्र करार दिया है। विशेष गहन पुनरीक्षण का अनिवार्यत: अर्थ है कि मतदाता सूची नए सिरे से तैयार की जाएगी, तथा चुनाव आयोग ने कहा है कि पंजीकृत मतदाताओं को अपनी नागरि. कता सिद्ध करने के लिए अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इस आवश्यकता को राजद के साथ ही बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित अन्य विपक्षी नेताओं ने चिन्हित किया है। जिन्होंने बिहार में विवादास्पद राष्टाट्रीय नागरिक रजिस्टर को लागू करने को एक भयावह कदम बताया है। यादव ने कहा, बिहार के उन मतदाताओं से जिन्होंने 2003 के बाद पंजीकरण कराया है उनसे ग्यारह दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, लेकिन भारत सरकार के अनुसार, केवल दो से तीन प्रतिशत लोगों के पास ही यह दस्तावेज हैं। यह स्पष्ट रूप से करोड़ों लोगों को मतदाता सूची से हटाने की साजिश है। संविधान ने सभी को वोट देने का अधिकार दिया है। उनका कहना है कि अभी भी कई इलाकों में (सूची में शामिल होने के लिए) फॉर्म नहीं बांटे गए हैं। हम चुनाव आयोग से सिफर समय मांग रहे हैं, लेकिन हमें कोई जानकारी नहीं मिली है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा, भले ही उन्होंने शुरुआत में केवल नामांकन फॉर्म ही भरा हो। उन्होंने दोहराया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार और पारदर्शिता के साथ संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि हर स्तर पर मतदाताओं को मदद पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है और दस्तावेजों के संकलन एवं सत्यापन के लिए किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं की जा रही है। चुनाव आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है। आयोग किसी को भी मतदाता सूची से बाहर करने का न तो इरादा रखता है और न ही कर सकता है, जब तक कि आयोग को कानून के प्रावधानों द्वारा ऐसा करने के लिए बाध्य न किया जाए। हम धर्म, जाति आदि के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकते।

देश की बड़ी आबादी को चुनाव प्रक्रिया से दूर रखने की साजिश, सामाजिक संस्था बहुजन भारत के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस कुंवर फतेह बहादुर का कहना है कि जिस तरह से हरियाणा और महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में वोट बढ़े, इससे निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। भारतीय संविधान में निर्वाचन आयोग का गठन लोकसभा व विधानसभाओं के निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए किया गया था। इसीलिए आयोग की भूमिका मैच में रेफरी की होती है।

सपा से सांसद आर के चौधरी का कहना है कि बिहार राज्य में अगले तीन से चार महीने में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इस चुनाव में दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज के लोग वोट न डाल पाएं, इसके लिए भाजपा सरकार के इशारे पर निर्वाचन आयोग ने वहां वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने वालों के लिए कई ऐसे नियम लागू कर दिए हैं। जिन्हें पूरा करना बहुजन समाज के लिए संभव नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी एल पुनिया का कहना है कि निर्वाचन आयोग गरीबों को उनके वोट देने के अधिकार से वंचित कर रहा है। आयोग की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध है और इस तरह के जन विरोधी आदेश जारी करके आयोग संकेत दे रहा है कि वह भाजपा के गठबंधन में शामिल है।लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक समीक्षक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### पाक में मुठभेड, 14 आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 14 आतंकवादी मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने तुरबत जिले में आंतकवादियों के छिपे होने की खुफिया सूचना मिलने के बाद एक अभियान चलाया। सुरक्षा बलों के इलाके की घेराबंदी करने के बाद वहां छिपे आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जबावी कार्रवाई की जिसमें 14 आतंकवादी मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए।

### रूसी वायु रक्षा बलों ने 32 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस के वायु रक्षा बलों ने रात भर में 32 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को मार गिराया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी कि शनिवार रात से वायु रक्षा चेतावनी प्रणाली ने 32 यूक्रेनी ड्रोन्स को रोका और नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि इनमें से 11 यूएवी बेलगोरोद क्षेत्र में, 11 वोरोनिश क्षेत्र में, पांच निजनी नोवगोरोड क्षेत्र में, एक ब्रांस्क क्षेत्र में, एक कुर्स्क क्षेत्र में, एक तुला क्षेत्र में, एक तांबोव क्षेत्र में और एक मोर्दोविया गणराज्य में मार गिराए गए।

### रूसी ड्रोन हमले में पेरिस के फोटो पत्रकार की मौत

**कीव।** यूक्रेन में हुए रूसी ड्रोन हमले में फ्रांसीसी फोटो पत्रकार अंतोनी लालिकां की मौत हो गई है। यूक्रेन के सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, लालिकां के साथ काम कर रहे यूक्रेनी फोटो पत्रकार ग्रिगोरी इवानचेंको भी दोनेत्स्क क्षेत्र के कोमिशुवाखा के पास हुए इस हमले में घायल हो गए। यूरोपीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ (ईएफजे और आईएफजे) ने बताया कि यूक्रेन में ड्रोन हमले में किसी पत्रकार की मौत का यह पहला मामला है।

### लीबिया में नाव दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली से लगभग 60 किलोमीटर पश्चिम में जाविया के तट पर रविवार शाम एक नाव में विस्फोट होने के कारण कम से कम तीन लीबियाई नागरिकों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। लीबियाई अखबार अल-मरसाद की रिपोर्ट के अनुसार मोहम्मद बेन श्टवान, अनवर अल-मजदूब और नासिर सुल्तान के रूप में पहचाने गए तीन मृतक लीबियाई युवकों के अलावा इस घटना में अन्य लोग भी हताहत हुए हैं, जिनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। रिपोर्ट में विस्फोट का सही समय या कारण नहीं बताया गया है। अभी तक इस घटना के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# अमेरिका के न्यूक्लियर हथियार भी शटडाउन की चपेट में

## ऊर्जा सचिव बोले: सुरक्षा के लिए महज 8 दिन का फंड बाकी, 5 दिन में कामकाज ठप



- परमाणु हथियारों के प्रसार रोकने वाले कामों पर तैनात स्टाफ भी काम पर बने रहेंगे
- योजना में शामिल होने वाले कर्मचारियों की सटीक संख्या का जिक्र नहीं है

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 5 दिन से जारी शटडाउन के कारण नेशनल न्यूक्लियर सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन (एनएनएसए) के पास देश के परमाणु हथियारों की सुरक्षा और रखरखाव के लिए सिर्फ आठ दिन का फंड बचा है। अमेरिकी ऊर्जा विभाग (डीओई) के सचिव क्रिस राइट ने चेतावनी देते हुए कहा कि आठ और दिनों का फंडिंग, उसके बाद हमें आपातकालीन बंदी प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ेगा, जो देश की सुरक्षा को जोखिम में डाल देगा।

राइट ने एक इंटरव्यू में कहा कि फंड खत्म होने पर एनएनएसए को स्टाफ कम करना पड़ेगा। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के बीच फंडिंग बिल पर सहमति न बन पाने के कारण 1 अक्टूबर से शटडाउन शुरू हो गया था। ऊर्जा विभाग की हालिया शटडाउन योजना के अनुसार, कुल मिलाकर, डीओई के 60 प्रतिशत कर्मचारियों को बिना वेतन छुट्टी पर भेजा जा सकता है। हालांकि, वे कर्मचारी बने रहेंगे जो 'क्रिटिकल कंट्रोल आपरेशंस सिस्टम' चलाते हैं, जैसे कि न्यूक्लियर मटेरियल वाले सिस्टमों का रखरखाव या यूनिक उपकरणों की मानिटरिंग। इसके अलावा, परमाणु हथियारों के प्रसार रोकने वाले कामों पर तैनात स्टाफ भी काम पर बने रहेंगे। योजना में शामिल होने वाले कर्मचारियों की सटीक संख्या का जिक्र नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शुक्रवार को लगातार चौथी बार फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए थे। इस वजह से देश में लगातार 5वें दिन भी शटडाउन जारी है। संसद के ऊपरी सदन (सीनेट) में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के फंडिंग बिल को 54 वोट मिले, जबकि इसे 60 वोट की जरूरत थी। दरअसल, डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि कोविड के समय दी गई टैक्स क्रेडिट्स (हेल्थ केयर सब्सिडी) बढ़ाई जाए। जिससे लाखों अमेरिकियों को सस्ता स्वास्थ्य बीमा मिल सके। अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था। यहां, सरकारी संस्थान फिलहाल बंद हैं। एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स (निचला सदन) में भी अगले हफ्ते की सभी वोटिंग 14 अक्टूबर तक के लिए रद्द हो चुकी है। यानी अब अमेरिका में 14 अक्टूबर तक शटडाउन जारी रहने की आशंका है। वहीं, अमेरिकी सरकार ने करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है। वाशिंगटन में सरकारी शटडाउन के बाद नेशनल आर्काइव्स के सामने ब्सवेम का बोर्ड लगा है। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन और 47 डेमोक्रेट हैं। 2 निर्दलीय सांसद बिल का समर्थन कर चुके हैं। रिपब्लिकन पार्टी के लिए डेमोक्रेट्स का समर्थन जरूरी है, लेकिन फिलहाल वे बिल के पक्ष में वोट देने को राजी नहीं हैं।



जम्मू-कश्मीर। अनंतनाग जिले में कथित वोट चोरी के खिलाफ 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के तहत एक बैनर पर हस्ताक्षर करते कांग्रेस समर्थक।

### यूक्रेनी रेलवे स्टेशन पर रूसी हमले में लगभग 30 लोग घायल

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उत्तर-पूर्वी यूक्रेन में एक रेलवे स्टेशन पर रूसी ड्रोन हमले में कम से कम 30 लोग घायल हो गए हैं।

बीबीसी के हवाले से जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा है कि प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि सुमी क्षेत्र के शोस्तका शहर में हमले वाली जगह पर ट्रेन कर्मचारी और यात्री मौजूद थे। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर हैं और लोगों की मदद शुरू कर दी गई है। घायलों के बारे में जानकारी अभी जुटाई जा रही है। उन्होंने एक वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें एक क्षतिग्रस्त ट्रेन के डिब्बे में आग लगी दिखाई दे रही है। जेलेंस्की ने लिखा कि रूसी लोग इस बात की अनजान नहीं थे कि वे नागरिकों को निशाना बना रहे हैं! यह आतंकवाद है जिसे दुनिया नजरंदाज नहीं कर सकती।

### चीन में तूफान से पूर्व लोगों को किया गया रेस्क्यू

**गुआंगडोंग।** चीन के दक्षिणी प्रांत गुआंगडोंग में प्रशासन ने मैटमो तूफान की तीव्रता को देखते हुए आपातकालीन प्रतिक्रिया को उच्चतम स्तर पर बढ़ा दिया है और 150000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। प्रांतीय बाढ़ नियंत्रण मुख्यालय ने रविवार सुबह प्रतिक्रिया स्तर में बढ़ोत्तरी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम तक, कुल 151,352 निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया।

# पाकिस्तानी सेना के बाद रक्षामंत्री की भारत को घुड़की



ख्वाजा आसिफ ने कहा: अब जंग हुई, तो भारत अपने ही फाइटर जेट्स के मलबे में दब जाएगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने धमकी देते हुए कहा है कि अबकी बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है।

आसिफ ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली जानबूझकर तनाव बढ़ा रही है ताकि नागरिकों का ध्यान घरेलू चुनौतियों से भटकाया जा सके। इससे पहले पाकिस्तान सेना ने शनिवार रात को कहा था कि अगर अब दोनों देशों के बीच युद्ध हुआ तो तबाही होगी। अगर दुश्मनी का नया दौर शुरू हुआ तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। हम बिना किसी हिचकिचाहट के जवाब देंगे। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग आईएसपीआर ने आफिशियल स्टेटमेंट जारी कर कहा था कि भारतीय रक्षामंत्री और सेना के अधिकारियों के गैर-जिम्मेदाराना बयान जंग को बढ़ावा देने की कोशिश हैं। इसके साथ ही भारतीय आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी पर निशाना साधते हुए पाकिस्तानी सेना ने कहा-जहां तक पाकिस्तान को नक्शे से मिटाने की बातें हैं। भारत को पता होना चाहिए कि ऐसे हालात आते हैं, तो दोनों देश मिट जाएंगे।

### रूस ब्रिटेन के सैन्य उपग्रहों पर रख रहा नजर: जनरल टेडमैन

**लंदन।** ब्रिटेन ने रूस पर आरोप लगाया है कि रूसी उपग्रह ब्रिटिश सैन्य उपग्रहों पर साप्ताहिक आधार पर नजर रख रहे हैं। मेजर जनरल पॉल टेडमैन ने बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में रूस पर आरोप लगाते हुए कहा कि रूस हर हफ्ते ब्रिटेन के सैन्य उपग्रहों को जमीनी प्रणालियों से जाम करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनके पास ऐसे पेलोड हैं जो हमारे उपग्रहों को देख सकते हैं और उनसे जानकारी एकत्र करने की कोशिश कर रहे हैं। जनरल टेडमैन ने कहा कि ब्रिटेन के सैन्य उपग्रहों में काउंटर-जैमिग तकनीकें लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन हम देख रहे हैं कि रूस हमारे उपग्रहों को लगातार जाम कर रहा है। जब उनसे पूछा गया कि ऐसा कितनी बार किया गया तो उन्होंने कहा यह 'हर हफ्ते' किया गया है।

# ट्रम्प की नीति को अदालत से झटका

## 18 साल के होते ही प्रवासी बच्चों को वयस्क हिरासत केंद्र भेजने पर संघीय न्यायाधीश ने लगाई रोक




इस आदेश का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रवासी बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा की जा सके

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रम्प प्रशासन की एक नई नीति को अस्थाई रूप से रोक दिया है। इस नीति के तहत 18 साल की उम्र पूरी होने के बाद अकेले आए और बिना अनुमति वाले प्रवासी बच्चों को वयस्क हिरासत केंद्रों में रखा जाना था। यूएस डिस्ट्रिक्ट जज रुदोल्फ कान्ट्रेरस ने अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम्स इनफोर्समेंट को आदेश दिया कि वे किसी भी ऐसे बच्चे को वयस्क हिरासत में न रखें।

जज ने कहा कि यह स्वत: हिरासत 2021 में दिए गए उनके कोर्ट आदेश का उल्लंघन करती है, जिसमें इस तरह की प्रथाओं पर रोक लगाई गई थी। न्यायाधीश का यह निर्णय वकालत समूहों की मांग के बाद आया है, जिन्होंने कहा था कि कई बच्चों को इस सप्ताहांत में वयस्क केंद्रों में ट्रांसफर किया जाना था। इस आदेश का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रवासी बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा की जा सके। बता दें कि अधिकारियों ने 14 साल और उससे बड़े प्रवासी बच्चों को अपने देश लौटने के लिए 2500 डालर देने की पेशकश की है। पिछले महीने एक अन्य संघीय न्यायाधीश ने उन ग्वाटेमाला के बच्चों को तुरंत डिपोर्ट करने के प्रयास को रोका था, जो अकेले अमेरिका आए थे। कुछ बच्चों को उस देर रात की कार्रवाई में प्लेन में बैठाया गया था, लेकिन न्यायाधीश ने इसे रोक दिया। अमेरिकन इमिग्रेशन काउंसिल की वकील मिशेल लापाइंट ने कहा कि यह नीति प्रवासी युवाओं को अमेरिका में सुरक्षा मांगने के अपने अधिकार से समझौता करने के लिए मजबूर करने का हिस्सा है। न्यायाधीश कान्ट्रेरस का 2021 का आदेश था कि 18 साल के होने पर बच्चों को सबसे कम प्रतिबंधित स्थान में छोड़ा जाए। यह संघीय कानून के अनुसार जरूरी है, जब तक कि बच्चा खुद या दूसरों के लिए खतरा न हो और भागने का जोखिम न हो। अक्सर बच्चों को रिश्तेदारों या फास्टर केयर में सौंप दिया जाता है। आईसीई के एक ईमेल में कहा गया कि नए वयस्कों को केवल आईसीई की व्यक्तिगत मामले की पैरोल अनुमति के तहत तत्काल मानवीय कारणों या महत्वपूर्ण सार्वजनिक लाभ के लिए ही छोड़ा जा सकता है। मार्च से सितम्बर तक आईसीई ने कुल 500 से कम लोगों को पैरोल पर छोड़ा। वादियों ने तर्क दिया कि पैरोल पर रिहाई लगभग नाममात्र की है और शेल्टर से बाहर हो रहे बच्चों को जमानत और आवश्यकता से अधिक वयस्क हिरासत में रखने से स्थाई नुकसान हो सकता है। यह खासकर तब सच है जब कुछ बच्चों के माता-पिता ने उनका उत्पीड़न किया हो, उन्हें छोड़ दिया हो या मानव तस्करी के शिकार रहे हों।



# गाजा में इजरायल पीछे हटने को तैयार

## ट्रम्प ने मैप जारी किया, मैप में बताया कहां तक हटेगी सेना, अब हमास के जवाब का इंतजार

इससे पहले ट्रम्प ने हमास को शांति प्रस्ताव जल्द से जल्द मानने की धमकी दी थी, आईडीएफ का गाजा के करीब 70% इलाके पर कब्जा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि इजरायल ने गाजा से पीछे हटने के लिए शुरुआती सीमा रेखा (प्दपजपंस पेजीकतूंस स्पदम) के लिए सहमति जताई है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर इसकी जानकारी दी। ट्रम्प ने इजरायल की वापसी को दिखाते हुए एक मैप भी शेयर किया। इसने उन्होंने पीली लाइन के जरिए बताया की इजरायली सेना पहले चरण में वहां तक पीछे हटेगी।

उन्होंने कहा ये समझौता हमें 3 हजार साल पुराने संकट को खत्म करेगा। इससे पहले ट्रम्प ने हमास को शांति प्रस्ताव जल्द से जल्द मानने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर हमास ने लड़ाई जारी रखी तो उसके सभी विकल्प खत्म हो जाएंगे। ट्रम्प के मैप के मुताबिक, यह शुरुआती वापसी रेखा (पीली लाइन) आईडीएफ की पुरानी कंट्रोल लाइन है। पिछले महीने आईडीएफ गाजा पर बड़े हमले कर आगे बढ़ी थी। फिलहाल आईडीएफ का गाजा के करीब 70 प्रतिशत इलाके पर कब्जा है। हमास ने अब तक इस प्रस्ताव पर औपचारिक सहमति नहीं दी है। सोमवार से मिस्र में इनडायरेक्ट बातचीत शुरू होने की उम्मीद है। अगर हमास इस योजना को मंजूरी देता है, तो ट्रम्प प्रशासन पहले चरण की वापसी और शांति व्यवस्था लागू करने की तैयारी करेगा। दक्षिण गाजा के राफाह और फिलाडेल्फिया कारिडोर जैसे इलाकों को इजरायल के नियंत्रण में दिखाया गया है, जहां सुरक्षा बल बने रहेंगे। उत्तरी गाजा में बेइत हनून के आसपास का इलाका भी इजरायली सुरक्षा जोन के रूप में दिखाया गया है। गाजा सिटी और उसके आस-पास के शरणार्थी शिविरों को नक्शे में ऐसे इलाकों के रूप में दिखाया गया है, जहां फिलहाल पूरी तरह वापसी नहीं होगी। ट्रम्प की धमकी के 6 घंटे बाद हमास गाजा में सीजफायर को तैयार हो गया था। हमास ने शुक्रवार रात ऐलान किया कि वह ट्रम्प के प्लान में बताए गए फार्मूले के मुताबिक सभी जिंदा और मुर्दा बंदियों को रिहा करने को तैयार है।

### पोर्टलैंड में ट्रम्प प्रशासन की किरकिरी

- अदालत ने सैनिकों की तैनाती पर लगाई रोक

**ओरेगन।** अमेरिका के ओरेगन राज्य की एक संघीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन को फिलहाल पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड के जवान तैनात करने से रोक दिया है। यह आदेश उस मुकदमे में दिया गया है जो राज्य सरकार और नगर प्रशासन ने मिलकर दायर किया था।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश करीन इमरगट ने कहा कि यह मामला अमेरिकी लोकतंत्र के तीन बुनियादी सिद्धांतों से जुड़ा है, संघीय सरकार और राज्यों के बीच संबंध, सेना और घरेलू कानून-व्यवस्था के बीच सीमा और सरकार की तीन शाखाओं, कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका, के बीच संतुलन का है। जज ने कहा कि हम संविधान द्वारा तय इन संबंधों का कितना पालन करते हैं, यही तय करता है कि हम वास्तव में कानून के शासन के तहत रह रहे हैं या नहीं। जज इमरगट ने कहा कि राष्ट्रपति को आम तौर पर नेशनल गार्ड को 'संघीय नियंत्रण' में लेने का अधिकार होता है, लेकिन यह तभी उचित है जब स्थानीय पुलिस या कानून प्रवर्तन एजेंसियां नियंत्रण खो दें। पोर्टलैंड में ऐसा नहीं हुआ था। अदालत ने पाया कि हाल के दिनों में पोर्टलैंड में जो प्रदर्शन हुए, वे न तो हिंसक थे और न ही बड़े पैमाने पर अव्यवस्था फैली थी। जज ने अपने आदेश में लिखा कि राष्ट्रपति का फैसला तथ्यों से जुड़ा नहीं था।

# नेपाल में लैंडस्लाइड से दो दिन में 51 की मौत

## 9 नागरिक लापता, सेना हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू में जुटी



**काठमांडू।** नेपाल में शुक्रवार से हो रही भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड और बाढ़ से दो दिन में 51 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लापता हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सबसे ज्यादा नुकसान पूर्वी नेपाल के इलाम जिले में हुआ, जहां लैंडस्लाइड में 37 लोगों की मौत हो गई।

इलाम की जिला अधिकारी सुनिता नेपाल ने कहा रात भर हुई मूसलाधार बारिश ने लैंडस्लाइड को ट्रिगर किया, जिससे भारी नुकसान हुआ। कई इलाकों में सड़कें जाम होने की वजह से रेस्क्यू में मुश्किल आ रही है। बचावकर्मी पैदल ही प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। राजधानी काठमांडू में भी हालात खतरनाक बने हुए हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई घर और बस्तियां डूब गई हैं। सिक्योरिटी फोर्सेज हेलिकाप्टर और मोटरबोट से रेस्क्यू में जुटी हैं। नेपाल सरकार ने सोमवार और मंगलवार को पूरे देश में पब्लिक हालिडे घोषित किया है। मौसम विभाग ने 12 से ज्यादा जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। नेपाल में हर साल जून से सितम्बर तक मानसून की बारिश होती है, लेकिन इस बार बारिश का मौसम देर तक चला, जिससे नुकसान ज्यादा हो रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं। इनका समय और तीव्रता भी पहले से ज्यादा खतरनाक हो गई है। नेपाल जैसे पहाड़ी देशों में यह खतरा और भी बड़ा है। दक्षिण-पूर्वी नेपाल में कोशी नदी का जलस्तर सामान्य से दोगुना से ज्यादा हो गया है। लोकल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि कोशी बैराज के सभी 56 गेट खोल दिए गए हैं, जबकि आमतौर पर 10-12 गेट ही खुले रहते हैं। भूस्खलन की वजह से कई मुख्य सड़कें बंद हो गई हैं, जिसकी वजह से ट्रैफिक पूरी तरह ठप है। दशैं त्योहार के बाद घर लौट रहे सैकड़ों यात्री फंस गए हैं। दशैं नेपाल का सबसे बड़ा धार्मिक त्योहार है, जिसमें लोग अपने परिवारों से मिलने गांव जाते हैं। खराब मौसम की वजह से शनिवार को घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गईं। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें कुछ देरी के साथ चल रही हैं। काठमांडू एयरपोर्ट के प्रवक्ता रिंजी शेरपा ने कहा: घरेलू उड़ानें पूरी तरह बंद हैं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें सामान्य रूप से चल रही हैं।

# फलस्तीन के समर्थन में पुर्तगाल में प्रदर्शन

**लिस्बन।** पुर्तगाल के लिस्बन शहर में शनिवार को 3000 से जयादा लोग फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने की कोशिश करने पर इजरायल द्वारा हिरासत में लिए गए तीन पुर्तगाली नागरिकों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

पुलिस ने कहा कि रैली के दौरान आयोजकों की उम्मीदों से कहीं जयादा लोग इकट्ठा हुए। लगभग 500 लोगों के आने की उम्मीद थी, लेकिन अंतत: भीड़ लगभग 3,000 तक पहुंच गई। रैली में भाग लेने वालों में पूर्व वामपंथी ब्लॉक नेता फ्रांसिस्को लौका और कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार एंटोनियो फिलिप भी शामिल थे। लूसा समाचार एजेंसी से बात करते हुए लौका ने कहा कि फलस्तीनी मुद्दों के लिए आंदोलन 'दुनिया भर में व्यापक पैमाने पर' हो रहा है। उन्होंने कहा कि इजरायली सरकार के खिलाफ इस आंदोलन को रोकना असंभव है, जैसा कि पूरे यूरोप में हो रहे प्रदर्शनों में देखा जा रहा है। फलस्तीन के सामाजिक कार्यकर्ता सेरेना सबात ने संबोधित किया और फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ चल रही कार्रवाइयों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

